CMYK

| | |
|---|---|
| तापमान | अधिकतम :34°C न्यूनतम: 21°C |
| सेंसेक्स / निफ्टी | 80,288.38 24,335.95 |
| सोना / चांदी | 98,835 1,00,500 |

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, बुधवार 30 अप्रैल 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 179 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 1 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कनाडा चुनाव में रचा गया इतिहास, फिर जीती ट्रूडो की पार्टी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# जम्मू: सुरक्षा चिंताओं के बीच 48 पर्यटन स्थल बंद

■ जो पर्यटन स्थल खुले हैं वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में प्राधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए घाटी के कम से कम 48 रिजॉर्ट और पर्यटन स्थलों को 'बंद' कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह निर्णय पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सभी जिलों में किए गए व्यापक सुरक्षा ऑडिट के बाद लिया गया है। हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी मारे गए थे। सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य सुरक्षा चूक का आकलन करना और सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था। पर्यटकों के लिए अब प्रतिबंधित प्रमुख स्थलों में बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी, बड़गाम में यूसमर्ग और दूधपथरी, दक्षिण कश्मीर में अहरबल, कोंसरनाग और वेरीनाग, बारामूला में कमान पोस्ट और कुपवाड़ा में सुरम्य बंगस घाटी शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि यह बंद अस्थायी है और आने वाले दिनों में बदलती सुरक्षा स्थिति के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जो पर्यटक स्थल खुले हैं, वहां पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केन्द्रशासित प्रदेश वन विभाग ने भी पर्यटकों के लिए अपने सभी ट्रैकिंग रूट बंद कर दिए हैं। पिछले चार वर्षों में स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों तरह के पर्यटक कश्मीर के मैदानों और अल्पाइन ट्रेल्स पर खास तौर पर गर्मियों के ट्रैकिंग सीजन के दौरान आते रहे हैं।

## पाकिस्तानी सेना ने लगातार 5वीं रात नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा कि 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामूला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# एक लाख का इनामी जितेंद्र मुठभेड़ में ढेर

मैनपुरी, वार्ता



**उत्तर प्रदेश** में मैनपुरी के एलाऊ क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक दुर्दांत अपराधी को मार गिराया गया।

मैनपुरी जिले की पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एलाऊ क्षेत्र में बीती देर रात को हुई मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। मारे गए बदमाश पर हाथरस जिले के राशन डीलर योगेश उपाध्याय की हत्या सहित कई अन्य मामले दर्ज थे। एलाऊ थाना क्षेत्र के तारापुर कट पर जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी हाथरस और एसटीएफ की टीम के बीच हुई मुठभेड़ में जितेंद्र मारा गया। खुद को पुलिस से घिरा देख जितेंद्र ने पुलिस पर फायरिंग की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में जितेंद्र गोली लगने से मारा गया।

## भारत-पाक के बीच तनाव का गुबार बरकरार

# पीएम की सेना को खुली छूट

## हाई लेवल मीटिंग में राजनाथ सिंह, सीडीएस व एनएसए डोभाल रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। यह बैठक उस समय हुई है, जब दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर करारी चोट करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास और भरोसा जताया। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (सशस्त्र बलों को) हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी स्वतंत्रता है। पीएम मोदी ने वादा किया है कि इस हमले के पीछे जो आतंकवादी और उनके मददगार हैं, उन्हें दुनिया के आखिरी छोर तक ढूंढ कर -शेष पृष्ठ दो पर

■ शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में कहा- जवाब कब व कैसे देना है, यह तय करने के लिए सेना स्वतंत्र

## पाक नागरिकों के मेडिकल वीजा की डेडलाइन भी खत्म

■ भारत नहीं छोड़ने पर तीन लाख जुर्माना व तीन साल जेल, अब तक 800 से ज्यादा पाक नागरिक लौटे

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के आदेश पर पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने का सिलसिला जारी है। मंगलवार सुबह अटारी बॉर्डर से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक भारत से वापस चले गए। मंगलवार को पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा की वैधता भी खत्म हो गई।

मेडिकल वीजा पर आए पाकिस्तानियों ने आज भारत नहीं छोड़ा, तो उन्हें गिरफ्तार कर केस चलाया जाएगा। उन्हें तीन साल जेल या तीन लाख रुपये जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है। अटारी बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण पाल ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों के लिए शॉर्ट टर्म वीजा की वैधता 27 अप्रैल को ही खत्म हो गई थी। सोमवार तक 800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक अटारी बॉर्डर के जरिये भारत से गए हैं। वहीं, 1000 भारतीय नागरिक पाकिस्तान से भारत वापस लौटे हैं। भारत सरकार ने 25 अप्रैल को पाकिस्तानी नागरिकों के देश से जाने के आदेश को लेकर नोटिस जारी किया था।

# पहलगाम हमला: खड़गे व राहुल ने की विशेष सत्र बुलाने की मांग

■ कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है।

कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है, इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं।इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा।

## IMF के पाकिस्तान को ऋण देने के प्रस्ताव का विरोध करे भारत: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने लचीलापन और स्थिरता सुविधा नीति के तहत पाकिस्तान को भारी भरकम ऋण देने के लिए अगले माह बैठक कर रहा है, जिसका भारत को कड़ा विरोध करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि उसकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक नौ मई को होगी, जिसमें लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत पाकिस्तान को 13,000 लाख डॉलर के नए ऋण के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपेक्षा करती है कि भारत, आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित इस सहायता का दृढ़ता से विरोध करेगा।

## बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की भी यूपी से होगी विदायी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश से शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करने के बाद सुरक्षा बलों के निशाने पर अब बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए हैं।

अधिकृत सूत्रों के अनुसार राज्य में बांग्लादेशी और रोहिंग्या की तलाश तेज कर दी गई है। पाकिस्तानियों के बाद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें खदेड़ा जाएगा। इसके लिए सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों और गुप्तचर एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी जिलों के डीएम, कप्तान और पुलिस कमिश्नर को निर्देश भेजे गए कि नाम बदल कर रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की तलाश तेज की जाए ताकि उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया जा सके।

## अहमदाबाद में बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर एक्शन

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के चंडोला तालाब क्षेत्र में मंगलवार से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात पुलिस ने सोमवार रात से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। यहां 50 बुलडोजर और 36 डंपर लगाए गए हैं। अब तक की 2000 वर्ग गज यानी 18 हजार वर्ग फुट में फैले क्षेत्र के अतिक्रमण को साफ किया जा चुका है।

## भारत का लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायुसेना के एक लड़ाकू विमान को गिराए जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफेल लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है।

## मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के आरोप में यहां के गोमती जिले में महारानी निवासी समीद मिया नामक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि समीद गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने घर में नहीं रह रहा था। उसे सोमवार को सिपाहीजाला जिले के सोनामुरा के तेलकाजला इलाके से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उपजे तनाव को देखते हुए केंद्र सरकार ने राज्यों से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। हिंदू जागरण मंच के प्रतिनिधियों ने समीद मिया द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के बाद मामला दर्ज कराया है। पुलिस आपत्तिजनक पोस्ट के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

## रेलवे परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान पेन व पेंसिल बैन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी। रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नई सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

# राजस्थान में रिकॉर्ड गर्मी यूपी में छाये रहे बादल

■ जैसलमेर-बाड़मेर में पारा 46 डिग्री पार, बिहार में आंधी- तूफान का येलो अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। राजस्थान में सोमवार को गर्मी ने 7 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। जैसलमेर में दिन का तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस था।

यह अप्रैल महीने में अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 को तापमान 46.1 डिग्री था। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में तापमान 46.4 डिग्री दर्ज हुआ। जोधपुर में पारा 44.4 डिग्री पहुंच गया। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत बाकी शहरों में भी तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में दो दिन भीषण गर्मी होगी। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश और यूपी में मंगलवार को बारिश का अलर्ट है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश में 2 मई और यूपी में 3 मई तक बूंदाबांदी जारी रहेगी। लखनऊ में सुबह से बादल छाए हैं। ठंडी हवाएं चल रही हैं। यूपी के 35 से ज्यादा जिलों का तापमान 40 डिग्री से कम हो गया है।

# पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले की पीट-पीटकर हत्या

बेंगलुरु, वार्ता

■ पुलिस ने घटना के सिलसिले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया

**कर्नाटक के गृह मंत्री** डा. जी. परमेश्वर ने मंगलवार को बताया कि मंगलुरु में एक स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान एक व्यक्ति की कथित तौर पर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने पर दर्शकों में आक्रोश फैल गया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने घटना के सिलसिले में करीब 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद तब शुरू हुआ जब व्यक्ति को मैच के दौरान कथित तौर पर नारे लगाते हुए सुना गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लोगों के एक समूह ने हिंसक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मौके पर ही उस व्यक्ति पर हमला कर दिया। शुरू में माना जा रहा था कि व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, लेकिन बाद में अधिकारियों ने पुष्टि की कि पीड़ित चोटों के कारण सदमे में था और फिर दम तोड़ दिया। कानून प्रवर्तन अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और घटनाओं के क्रम का पता लगाने और नारे के दावे की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए जांच चल रही है। मृतक की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है और अधिकारियों को अभी भी इसमें शामिल लोगों की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि की पुष्टि करनी है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डा. परमेश्वर ने जनता से शांत रहने और समय से पहले निष्कर्ष निकालने से बचने का आग्रह किया।

# टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी भारत का भविष्य बदलेगी: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: एआई को देश के लिए उपयोगी बनाएगी सरकार
■ 25 साल में विकसित भारत बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वाईयूजीएम कॉन्क्लेव में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि टैलेंट, टेम्परामेंट और टेक्नोलॉजी ही भारत के भविष्य को ट्रांसफॉर्म करेगी। हमारा मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भारत के लिए मददगार बनाना है।

मोदी ने कहा कि हमें भविष्य की हर तकनीक में भारत को दुनिया में सबसे बेहतर बनाने के लिए काम करना होगा। भारत में दुनिया के टॉप संस्थानों के कैंपस खुलने की शुरुआत हो चुकी है। अब विदेशों में हमारे प्रमुख संस्थानों के कैंपस खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 साल की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हमारे विचार से लेकर प्रोटोटाइप तक का सफर भी कम से कम समय में पूरा हो। कॉन्क्लेव का मकसद इनोवेशन का एक इकोसिस्टम बनाना है, जिससे निजी क्षेत्र के निवेश को रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा सके। कॉन्क्लेव के जरिये गवर्नमेंट, एकेडेमिया, इंडस्ट्री और इनोवेशन क्षेत्र के प्रमुख लोगों को एक साथ लाना है। इसके लिए कान्क्लेव में हाई लेवल मीटिंग्स और पैनल डिस्कशन होंगे। इनमें सरकारी अधिकारी, प्रमुख उद्योगपति और शिक्षाविद शामिल होंगे। साथ ही कॉन्क्लेव में इनोवेशन क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए करीब 1,400 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें सरकार और गैर-सरकारी संस्थाओं ने निवेश किया है। इस कार्यक्रम से कई अहम प्रोजेक्ट्स की शुरुआत होगी। आईआईटी कानपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और इंटेलिजेंट सिस्टम का सुपरहब बनेगा। आईआईटी बॉम्बे में बायोसाइंसेज, बायोटेक्नोलाजी, हेल्थ और मेडिकल के क्षेत्र में सुपरहब स्थापित किए जाएंगे। कई प्रमुख रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में वाधवानी इनोवेशन नेटवर्क (विन) सेंटर्स की स्थापना की जाएगी, ताकि रिसर्च वर्क को बिजनेस लेवल तक लाया जा सके। कॉन्क्लेव में स्पेशल स्टार्टअप्स की प्रदर्शनी भी लगेंगी इस कान्क्लेव में पूरे भारत से बेहतरीन डीप टेक स्टार्टअप्स के इनोवेशंस को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

# पेगासस रिपोर्ट सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

## कहा: देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी जानकारी सड़क पर चर्चा के लिए नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से सुप्रीम कोर्ट ने इन्कार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की बेंच ने मंगलवार को कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा।

बेंच ने कहा कि व्यक्तिगत आशंकाओं का समाधान किया जा सकता है, लेकिन टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सड़कों पर चर्चा के लिए नहीं हो सकती। इस बात की जांच करनी होगी कि जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है। अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। 2021 में एक पोर्टल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि केंद्र सरकार ने 2017 से 2019 के दौरान करीब 300 भारतीयों की पेगासस स्पाइवेयर के जरिये जासूसी की। इनमें पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, विपक्ष के नेता और बिजनेसमैन शामिल थे। अगस्त 2021 में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने अक्टूबर 2021 में जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस आरवी रवींद्रन की अध्यक्षता में कमेटी बनाई। अगस्त 2022 में इसकी रिपोर्ट आई। इसमें कहा गया कि 29 फोन की जांच की गई, उनमें पेगासस का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन उनमें से 5 में मैलवेयर पाया गया।

**इस बात की जांच करनी होगी जानकारी किस हद तक साझा की जा सकती है**



याचिकाकर्ता के वकील श्याम दीवान ने 22 अप्रैल को मामला सुप्रीम कोर्ट में उठाया था। उन्होंने सीलबंद लिफाफे में सौंपी गई रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2021 में बनाए गए टेक्निकल पैनल की रिपोर्ट सभी को देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट शेयर नहीं की गई। पेगासस मामले में पत्रकार परंजाय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि व्हाट्सएप ने खुद ही खुलासा किया है कि हैकिंग हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने भी हैकिंग होने के संकेत नहीं दिए थे। यहां तक कि एक्सपर्ट्स ने भी ऐसा नहीं कहा था। अब आपके पास व्हाट्सएप से मिला सबूत है। हम उसे सार्वजनिक करेंगे। पेगासस जांच रिपोर्ट का संशोधित हिस्सा उन लोगों को मिलना चाहिए, जिनकी जासूसी हुई है। हालांकि केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल करने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्हें निजता का अधिकार नहीं दिया जा सकता। भारत सरकार ने 2017 में इजरायली कंपनी एनएसओ ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बघौचघाट क्षेत्र में पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाने वालों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बघौचघाट क्षेत्र में पहलगाम में आतंकवादी हमले के विरोध 27 अप्रैल को कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों में से कुछ ने पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई और वीडियो की जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने इस मामले में मुकदमा भी दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार वर्मा ने सोमवार को यहां बताया कि उक्त प्रकरण के संबंध में कैण्डल मार्च से सम्बन्धित वीडियो को एकत्र कर क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा साइबर सेल की मदद से वृहद् गहनता से जांच की जा रही है।

### जाति के नाम पर वैमनस्यता फैला रहा है विपक्षः भाजपा

**लखनऊ( ब्यूरो )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। जाति व वर्ग के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है। प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में सिंह ने सोमवार को कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें लोगों के बीच में जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम को समाप्त करना है तथा सभी को भाजपा की राष्ट्रवादी विच. ारधारा से जोड़ना है। पार्टी के प्रत्येक पूर्व पदाधिकारी को संगठन के कार्यों से जोड़ना है तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठनात्मक कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित व परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का विजय परचम पूरे देश में फहरा रहा है। उन्होंने पार्टी के पूर्व, निवर्तमान तथा वर्तमान मंडल अध्यक्षों की बैठक को भी संबोधित किया और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह प्रदेश में लगातार उन विधानसभाओं के मंडल अध्यक्षों व शक्तिकेन्द्र संयोजकों के साथ बैठक कर रहे है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी।

### निजी मेडिकल कॉलेज में मिला नर्स का शव

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में सोमवार को एक निजी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स का शव उसके कमरे में पाया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में नर्स की पढ़ाई करने के बाद करने के बाद आरती देवल (26) उसी कॉलेज में नौकरी करने लगी यह मेडिकल कॉलेज कैंपस में ही बने आवास में रहती थी। आज जब यह अस्पताल नहीं पहुंची तो इसके सहकर्मियों ने इसके आवास पर जाकर देखा, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने जब कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो वहां पर आरती देवल मृत पड़ी थी। पुलिस ने बताया कि ऐसा अनुमान है कि इसमें बेहोशी की अत्यधिक मात्रा में दवाई ली थी जिसके चलते इसकी मौत हो गई, लेकिन परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## आतंकी हमले पर सपा नेताओं का बयान शर्मनाकः योगी

# जातिवाद की राजनीति से सुरक्षा खतरे में

**देवरिया, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाक का प्रवक्ता बयान दे रहा है।

योगी ने कहा कि सोमवार को मुंबई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। आतंकवादियों ने कानपुर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। इस पर जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। उन्होने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रहा है। सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। योगी ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले बीमारी, गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था का माहौल था। उस दौरान त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाए जा सकते थे। उस समय नौजवान पलायन और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता था। यहां पर मुसहर, वनटांगिया जैसी तमाम जातियां भूखमरी का शिकार थीं। वहीं उस दौरान जो सत्ता में थे, वह चैन की बंसी बजा रहे थे क्योंकि वह स्वयं के परिवार तक ही सीमित रह गये थे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बटन दबाकर देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेज़ी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है, जिसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, दया शंकर सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक जय प्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमा पति राम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

### पाक को क्लीन चिट देने का कुत्सित प्रयास



- अखिलेश ने कहा था कि पहलगाम में मारा गया शुभम उनकी पार्टी का नहीं था
- सपा का एक नेता कहता है कि हिन्दू ने ही हिन्दू को मारा है

### अखिलेश के पास नहीं थी निर्णय लेने की क्षमता

**लखनऊ( ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री रहते न तो काम करने की इच्छा शक्ति दिखाई और न निर्णय लेने में सख्ती बरती और इसीलिए जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल किया। आईपीएस से राजनेता बने अरुण ने पिछली अखिलेश सरकार में वंचित वर्गों पर हुए अत्याचारों को उजागर करते हुए योगी सरकार की विकास और युवा कल्याण योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की छोटी सोच और भेदभावपूर्ण नीतियों के कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर किया। उन्होंने कहा कि 2012-2017 के बीच सपा सरकार में अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लोगों पर अत्याचार हुए जो आज भी जनता के जेहन में हैं। अखिलेश ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का अपमान किया। उन्होंने कन्नौज में बाबा साहब के नाम पर बने मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया। इसके अलावा भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्वीकार करने से इनकार किया और उनकी माता महामाया के नाम पर बने जिले के नाम पर अपनी काली कलम चलाई। उन्होंने कहा कि आखिर इसके पीछे अखिलेश यादव की मंशा क्या थी, उन्हें जनता को बताना चाहिए और उन्हें इसके लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉक्टर की इकोनॉमीः सीएम

**लखनऊ, वार्ता**

- यूपी के पास एक्सप्रेस-वे व रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भरोसा दिलाया कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा।

योगी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ सालों में मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। सर्वाधिक मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है। रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है और देश का पहला इनलैंड वॉटरवेज यूपी में है। भारत सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक स्कीम को उत्तर प्रदेश लीड करता है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर उतार कर अपने सामर्थ्य को देशवासियों के सामने रख रहा है। उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, आज देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है। 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनने के लिए उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाए हैं, उसको आगे बढ़ाते हुए हम मानकर चलते हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है और देश का हृदय स्थल भी है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है, लेकिन जिन लोगों का एजेंडा विकास नहीं था, जिन लोगों ने उत्तर प्रदेश की इस आत्मा को पहचानने का कभी प्रयास नहीं किया, वह लोग उत्तर प्रदेश के बारे में अपने एजेंडे को जबरन उत्तर प्रदेश पर थोपते थे। इसके चलते उत्तर प्रदेश जो व्यापक संभावनाओं वाला प्रदेश था वह 2014 के पहले पहचान के संकट से गुजर रहा था। नौजवान पहचान के लिए मोहताज हो गया, अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया, यहां का श्रमिक भुखमरी का शिकार हो गया, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा में सेंध लग चुकी थी, पर्व और त्योहार दहशत के माहौल में मनाने को मजबूर होना पड़ता था। उत्तर प्रदेश की पहचान एक सामर्थ्यवान और असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में नहीं बल्कि एक बीमारू राज्य के रूप में होने लगी।

## बसपा की छवि धूमिल करने का कोई मौका नहीं छोड़ता विपक्षः मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल सर्व समाज में लोकप्रिय उनकी पार्टी की छवि को धूमिल करने की जुगत में हर समय तैयार रहते हैं।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- देश के दलित व अन्य उपेक्षितों के हितैषी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवां को सत्ता की मंज़िल तक पहुंचाने के मिशन में तत्पर बीएसपी में कार्यरत लोगों के आने-जाने में कुछ भी निजी नहीं, बल्कि यह पार्टी व मूवमेन्ट के हित पर पूर्णतः निर्भर। साथ ही विरोधी पार्टियों के षड्यन्त्र के तहत पार्टी के कुछ लोग, उनके बहकावे में आकर जब अपनी खुद की पार्टी को कमज़ोर करने में लग जाते हैं, या फिर पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने व परिपक्वता के साथ कार्य ना करने के कारण तब उन्हें मजबूरी में, पार्टी हित में निकालना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उनके समझ में आने व गलती का अहसास करने के बाद जब उन्हें पार्टी में वापस ले लिया जाता है, तो तब फिर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य विरोधी पार्टियां इसे आया राम व गया राम की संज्ञा देकर, पार्टी की छवि को धूमिल करने की पूरी-पूरी कोशिश करती हैं और जब यही कार्य विरोधी पार्टीयाँ करती हैं, तब उसे वे पार्टी हित का मामला कहकर टाल देती हैं, लेकिन बीएसपी के मामले में इसे ये किस्म-किस्म की संज्ञा देकर इस पार्टी की छवि को खराब करने की कोशिश करती हैं। यह सब इनका दोहरा मापदण्ड नहीं है, तो और क्या है। पार्टी के लोग सतर्क रहें।



- पार्टी के कुछ लोग उनके बहकावे में आते हैं, तो मजबूरी में उन्हें पार्टी से निकालना पड़ता है

## कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें शाहः महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बढ़ते तनाव के बीच केंद्र शासित प्रदेश के बाहर पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। सुश्री महबू. बा ने कहा कि उन्हें देश भर के छात्रों से धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्रों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते। इसके अलावा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या

**इटावा, वार्ता**

- गोली मारकर मार डाला, पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार किया

उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के चौबिया इलाके में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए युवक की प्रेमिका के पिता ने गोली मार कर हत्या कर दी। हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने मंगलवार को बताया है कि चौबिया क्षेत्र के ग्राम खेड़ा हेलू में अनिल यादव ने अपने घर में रिश्तेदारी में आए लवकुश पाल (21) की गोली मारकर हत्या कर दी। लव कुश अनिल यादव की दीवार से फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ा था। चढ़ते समय ही अनिल यादव ने पीछे से लव कुश की कमर में गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि औरैया जिले के दिबियापुर इलाके के कमालपुर गांव निवासी लवकुश पाल अपने बहनोई राजेश पाल के यहां आता जाता रहता था। सोमवार शाम को भी आया हुआ था रात करीब पौने आठ बजे घर से निकला। गांव में ही अनिल कुमार यादव का भी घर है। रात करीब पौने 11 बजे अनिल के घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचे, तो लवकुश का रक्तरंजित शव जमीन पर पड़ा था। अनिल अपने हाथ में अवैध हथियार पकड़े था। काफी समय से लव कुश की मेल मुलाकात अनिल यादव की बेटी से हो रही थी, जिसकी जानकारी अनिल के अलावा गांव के अन्य लोगों को भी थी। अनिल यादव ने जैसे ही लवकुश को अपने घर की दूसरी मंजिल पर देखा वैसे ही गोली मार दी, घटनास्थल पर ही लव कुश की मौत हो गई। हत्या की सूचना पर थाना प्रभारी विपिन मलिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और अनिल यादव को अपनी गिरफ्त में ले लिया। अनिल यादव के पास से अवैध हथियार बरामद किया गया है, जिससे हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। हत्याकांड के बाद खेड़ा हेलू गांव में अजीब सा सन्नाटा पसरा हुआ है, गांव का कोई भी व्यक्ति इस हत्याकांड पर कुछ भी खुलकर नहीं बोल पा रहा है।

### दबंगों ने मारी तीन सगे भाइयों को गोली, एक की मौत

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद दबंगों ने तीन सगे भाइयों को गोली दी जिनमें से एक की मौत हो गई है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि चौक कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज निवासी कमलेश का बीती रात शेरू से विवाद हो गया था। विवाद के बाद शेरू ने अपने साथियों रामनिवास, सुमित, रामकिशोर व एक अन्य को मौके पर बुला लिया और कमलेश की पिटाई शुरू कर दी, इसके बाद उन लोगों ने कमलेश को गोली मार दी।

## अर्थ व्यापार

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई मजबूत लिवाली से शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में आई जबरदस्त उछाल बाद में मुनाफावसूली की भेंट चढ़ गया लेकिन अंत में मामूली बढ़त पर टिकने में सफल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 70.01 अंक बढ़कर 80,288.38 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.45 अंक की मामूली बढ़त लेकर 24335.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.23 प्रतिशत चढ़कर 43,194.16 अंक और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत उठकर 48,238.69 अंक हो गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1806 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई 2933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1365 में लिवाली जबकि 1478 में बिकवाली हुई, वहीं 90 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में तेजी का रुख रहा, जबकि अन्य में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान सीडी 0.19, ऊर्जा 0.27, इंडस्ट्रियल्स 0.70, आईटी 1.13, कैपिटल गुड्स 0.94, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.60, टेक 0.76 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रुझान सकारात्मक रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.22, जर्मनी का डैक्स 0.74, जापान का निक्केई 0.38 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.16 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.05 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 179 अंक की छलांग लगाकर 80,396.92 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 80,661.31 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से यह दोपहर से पहले 80,122.02 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### यूपी में 2030 तक सौर ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा संयंत्रों के जरिये 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में सरकार ने हाल ही में स्मार्ट एनर्जी काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया एवं हिंदुजा समूह के साथ एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) भी साइन किया है। सरकार का मानना है कि इससे न सिर्फ परंपरागत तापीय और जल विद्युत संयंत्रों से मिलने वाली बिजली से निर्भरता कम होगी बल्कि सोलर पैनलों के निर्माण, इंस्टालेशन, रखरखाव, ग्रिड के एकीकरण और ट्रांसमिशन के क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

### खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 30 रिंगिट उतरकर 4010 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.40 सेंट की गिरावट लेकर 50.06 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेलः सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।



## राम मंदिर में लगा 44 फिट ऊंचा ध्वज दंड

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में स्थित राम मंदिर में 500 साल बाद ध्वज दंड की स्थापना के मौके पर माहौल जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान हो गया। यह ध्वज दंड गुजरात में तैयार किया गया, जो 44 फिट है और वजन करीब 5 टन है। मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया 29 अप्रैल 2025 को प्रभु श्रीराम के जन्मस्थल पर बने भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर पावन ध्वज दण्ड का प्रतिष्ठापन सुबह 6:30 बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच पूरा हुआ।

लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस अनुष्ठान के बाद सुबह 8 बजे जैसे ही ध्वज दण्ड प्रतिष्ठित हुआ, पूरी अयोध्या नगरी 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठी। यह ध्वज दंड सिर्फ एक प्रतीक नहीं है, बल्कि यह धर्म, संस्कृति और भक्ति का अद्वितीय चिन्ह है। यह ध्वज प्रभु श्रीराम के अद्भुत, मर्यादा और आदर्शों का प्रतिनिधित्व करता है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इस ऐतिहासिक क्षण की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में मंदिर का गौरवमय स्वरूप और दिव्यता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड स्थापना का यह काम शास्त्रेक्त विधि और गुरुजनों के मार्गदर्शन में पूरा हुआ, जिससे मंदिर की आभा और भी निखर उठी है। इस खास अवसर पर मंदिर परिसर में मौजूद संतों, पुजारियों और राम भक्तों ने सामूहिक रूप से वैदिक मंत्रोच्चार और प्रभु श्रीराम के भजन-कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पीएम की ...** कल्पना से परे सख्त सजा दी जाएगी। यह पाकिस्तान की ओर इशारा माना जा रहा है, जिसका भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास रहा है। इससे पहले आज केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुख और दो अन्य सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हालांकि बैठक के एजेंडे पर कोई आधिकारिक जानक. ारी नहीं दी गई। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की थी। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी। पहलगाम हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक भी बुलाई थी। इसमें विपक्षी दलों ने आतंकियों के खिलाफ सरकार किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन देने की बात कही। हमले के अगले दिन कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी हुई थी। इस बैठक में बताया गया कि इस आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं और राज्य धीरे-धीरे आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है। सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े फैसले लिए गए थे। इसमें सिंधु जल संधि को तत्काल स्थगित करना, अटारी चेक पोस्ट को बंद करना, पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा के तहत भारत में प्रवेश की अनुमति खत्म करना, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को एक हफ्ते के भीतर देश छोड़ने का आदेश जैसे फैसले शामिल थे।

## सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना वक्त की जरूरतः राहुल

**रायबरेली, वार्ता**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। सुबह जैसे ही वह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और पार्टी विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने उनका स्वागत किया। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

एयरपोर्ट से राहुल गांधी सीधे रायबरेली के कुंदनगंज पहुंचे, जहां उन्होंने विशाखा इंडस्ट्री लिमिटेड परिसर में स्थापित दो मेगावाट के सोलर रूफटॉप प्लांट और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन 'एटम इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट' का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और उद्योगिक इकाई के कर्मचारियों मौजूद रहे। राहुल गांधी ने इस मौके पर कहा कि सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देना वक्त की जरूरत है। इससे पर्यावरण को फायदा होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वो हरित ऊर्जा क्षेत्र में आगे आएं और देश को आत्मनिर्भर बनाएं। इसके बाद राहुल गांधी शहर के सिविल लाइन चौराहे पहुंचे, जहां उन्होंने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां भी भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद राहुल गांधी बचत भवन पहुंचे, जहां वह केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित दिशा समिति की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जिले के विधायक, जिलाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



- दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे राहुल

### वो चुप रहे, मुझे बोलना पड़ाः मंत्री

दिशा बैठक से निकलने के बाद योगी सरकार में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बैठक के बारे में जानकारी दी और राहुल गांधी के चुनाव के पहले चुरूवा स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने और बाद में दर्शन न करने के सवाल पर निशाना भी साधा। दिनेश प्रताप सिंह ने राहुल गांधी को नकली गांधी और फसली हिन्दू बताते हुए कहा कि बैठक से पहले पहलगाम के शहीदों को उन्होंने श्रद्धांजलि देना भी उचित नहीं समझा उन्होंने दावा किया कि बैठक के अध्यक्ष के नाते श्रद्धांजलि का प्रस्ताव उन्हें लाना चाहिए था, लेकिन वो चुप रहे। जिसके बाद मुझे बोलना पड़ा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## समाचार विशेष

### अपहरण और हत्या में 3 गिरफ्तार

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली पुलिस ने अपहरण और हत्या से संबंधित मामले में विश्व कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला का मंगरी टोला निवासी चांद पुत्र मुशर्रफ हुसैन व दो नाबालिग को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि इन तीनों ने मिलकर विश्व में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मिल्की टोला निवासी अबरार के पुत्र एहसान उम्र 16 वर्ष का अपहरण किया। उसके बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक 15 अप्रैल को अबरार ने अपने पुत्र एहसान के गुमशुदा होने की सूचना विभाग कोतवाली में दी थी। घटना की जांच में जुटी पुलिस को यह तथ्य प्रकाश में आया कि गत 14 अप्रैल को एहसन को इन्ही तीनो आरोपियों के साथ कालागेट पर लहरपुर रोड जाते हुए देखा गया था। एनीथिंग जो आरोपियों ने मोटरसाइकिल से उसका अपहरण किया। जिसके बाद चन्दनपुर पुल के पास मारकर नहर में डाल दिया। इस सम्बन्ध में अन्य साक्ष्यों को एकत्रित करते हुए तीनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर पुरानी आपसी कहासुनी के चलते घटना कारित करना स्वीकार किया है। आरोपियों की निशांदेही पर गुमशुदा एहसन का मोवाइल फोन व हत्या में प्रयुक्त मोटर साइकिल,डाटा केबिल बरामद किया गया है। धारा 137(2)बीएनएस की घटोत्तरी कर धारा 140(1) बीएनएस में तरमीम करते हुए गिरफ्तार/पुलिस निगरानी में लिए गए अभियुक्त मो चांद एवम् दो बाल अपचारी को न्यायालय में पेश किया गया।

### अवैध तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** कमलापुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नाकेबंदी की। इस दौरान पुलिस में कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम चापरुवा सुल्तानपुर मारूफ निवासी मानसिंह पुत्र छोटेलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि मानसिंह शातिर अपराधी है। वह कमलापुर थाने का हिस्ट्रीशीटर टॉप टेन अपराधी है। पुलिस का कहना है कि उसके खिलाफ दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। अवैध तमंचा बरामद होने के संबंध में पुलिस ने कमलापुर थाने में मानसिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इधर काम बोर्ड थाना पुलिस में तंबौर कस्बा के मोहल्ला शेखन टोला निवासी सलमान पुत्र नफीस को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में सलमान के खिलाफ तंबौर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत की दर्ज किया है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**सीतापुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), एफएलएन मिशन एवं निपुण भारत अभियान को लागू करने के लिए दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम डाइट खैराबाद में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेंटर्स को उनके उत्तरदायित्वों, विद्यालय स्तर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण प्रणाली, और निपुण भारत मिशन में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। जिला स्तरीय अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों द्वारा प्रेरक सत्र लिए गए। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपने संदेश में कहा कि एआरपीएस को मैदान में एक कोच की भूमिका निभाते हुए शिक्षकों को अकादमिक सहयोग प्रदान करना चाहिए। निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी छात्रों को निपुण बनाना प्राथमिकता है। इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन लाकर गुणवत्ता में सुधार आवश्यक है। पहले दिन में एनईपी व एफएलएन के अंतर्गत नीतिगत समझ, शिक्षक संवाद, और टीम कार्य जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं दूसरे दिन सपोर्टिव सुपरविजन, फीडबैक तकनीक और गुणवत्ता ऐप जैसे महत्वपूर्ण टूल्स पर प्रशिक्षण प्रस्तावित है। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, डाइट प्राचार्य अतुल कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी, गोंदलामऊ सिमी निगार, जिला समन्वयक प्रशिक्षण आर्य कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### जेल का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

**सीतापुर।** अपर जिला जज नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक निरीक्षण था। निरीक्षण के दौरान पाकशाला को देखा। पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता देखी।

# नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जे किए ध्वस्त

**सीएम योगी के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ पूरे दिन बुलडोजर चला**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ पूरे दिन बुलडोजर चला। प्रदेश के श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी और महारा. जगंज विशेष अभियान चलाया गया। इनमें श्रावस्ती, बहराइच में अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। वहीं सिद्धार्थनगर में 12 अवैध निर्माण को चिन्हित कर कब्जेदारों को नोटिस जारी की गई है जबकि लखीमपुर खीरी में अवैध निर्माण के चिन्हिकरण की कार्रवाई पूरे दिन चली, लेकिन कोई अवैध निर्माण नहीं पाया गया। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश सोमवार को भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई।

उन्होंने बताया कि तहसील नानपारा के अंतर्गत भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 0 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर 227 अवैध अतिक्रमण के मामले चिन्हित किए गए थे। इनमें से सोमवार को 2 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया जबकि पिछले चार दिनों में 89 अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अब तक कुल 91 अवैध कब्जेदारों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा चुका है। वहीं तहसील मिहींपुरवा के तहत भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 0 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर 157 अवैध अतिक्रमण के मामले चिन्हित किए गए थे। इनमें से सोमवार को 4 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया जबकि 27 अप्रैल को 12 अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अब तक कुल 16 अवैध कब्जेदारों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा चुका है। वहीं कुल 7 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को बिना मान्यता के संचालित 12 मदरसों पर कार्रवाई की गई है। तहसील जमुनहा में 6, तहसील भिनगा में 4 और तहसील इकौना में 2 मदरसों को वैध कागजात न होने पर सील कर दिया गया। अब तक कुल 32 बिना मान्यता के संचालित मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त, भारत-नेपाल सीमा से सटे 0-15 किलोमीटर क्षेत्र में अस्थाई व स्थाई अवैध कब्जों के 8 मामलों में भी राजस्व संहिता की धारा-67 के तहत बेदखली की कार्रवाई की गई। अब तक 127 मामलों में बेदखली की कार्रवाई की गई है। इसी तरह भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास ग्राम भरथा रोशनगढ़ परगना व तहसील भिनगा स्थित मस्जिद गाटा संख्या 334/0-073 हेक्टेयर व गाटा संख्या 334/0-073 हेक्टेयर पर निर्मित है। इसका आलशक भाग सरकारी भूमि पर निर्मित होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के 10 किमी की परिधि में अवैध निर्माण को चिन्हित करने की कार्रवाई के दौरान राजस्व ग्राम सोनपिपरी खुर्द के गाटा संख्या 40 जो नो मेन्स लैंड में स्थित है। यहां पर एसएसबी चेक पोस्ट के ठीक सामने चादर और मिटी डालकर मजार के रूप में विकसित करने के नियत से धार्मिक क्रिया कलाप किया जा रहा था। इस पर राजस्व और एसएसबी टीम के साथ स्थानीय ग्राम प्रधान की उपस्थिति में संरचना को हटवाया गया। वहीं बार्डर क्षेत्र के ग्राम रामनगर थाना ठुठीबरी में पोखर की भूमि पर अवैध मदरसे को ध्वस्त किया गया। लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश तहसील पलिया में सोमवार को अवैध निर्माण के चिन्हिकरण की कार्रवाई पूरे दिन चली। इस दौरान ग्राम कृष्णानगर कॉलोनी स्थित मस्जिद का अस्थायी निर्माण को हटाया गया। इसके साथ ग्राम चंदन चौकी स्थित 80 वर्ष पूर्व गाटा संख्या 1136, 37 पर बनी अवैध ईदगाह को हटाने के लिए धारा-67 की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 12 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इन कब्जेदारों को नोटिस जारी की गई है। यदि अवैध कब्जेदार निर्माण नहीं हटाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच सरकार ने स्पष्ट किया है।

# वक्फ संशोधन कानून से भू माफियाओं की टूटेगी कमर: राजेश शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम के जन जागरण हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय नेहरू हाल में में किया गया। प्रेस वार्ता में अपनी बात रखते हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक विधियो का पालन करते हुए वक्फ संशोधन अधिनियम का कानून पास कर दिया गया है।

दुर्भाग्य का विषय है कि देश और विशेष कर पसमांदा मुसलमान के हित में बनाए गए इस कानून पर विपक्षी दल देश के लोगों खासकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह कर रहे हैं। जबकि यह बिल गरीब मुसलमान के हित का बिल है। वक्फ बिल संशोधन के नाम पर मुस्लिम समुदाय का कोई अहित नहीं होने वाला है। बल्कि इससे भूमाफियाओं की कमर टूट जाएगी। भू माफिया वक्फ के नाम पर बहुत सारी जमीन हड़प कर देश का लंबे समय से नुकसान कर रहे हैं। अब इन जमीनों को संवैधानिक तरीकों से नियम बद्ध किया जाएगा। जिस पर देश के विकास की इबारत लिखी जाएगी। जिससे गरीब तबके और पसमांदा मुस्लिम समाज के गरीब लोगों को भी लाभ होगा। इस प्रकार वक्फ संशोधन बिल सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र से जुड़ा हुआ एक विषय है। जिससे गरीब मुसलमान और अन्य वर्गों जिनकी जमीन वक्फ का बहाना देकर कब्जा कर ली गई थी, उसे नियम बंद करके भू माफियाओं से छुड़ाया जाएगा ।जिला अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कोई भी ऐसा कार्य नहीं करती है, जिससे भारत माता के किसी लाल को कोई तकलीफ हो। लेकिन भू माफियाओं और नकारात्मक प्रवृत्ति से कब्जा दारी कर रहे लोगों को भारतीय जनता पार्टी कभी क्षमा नहीं करती है। आज वही लोग देश में उक्त कानून के विरोध में नकारात्मक माहौल फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन देश की जनता सब समझती है। उसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति पर पूर्ण विश्वास है। राजेश शुक्ला ने यह भी बताया कि वक्फ संशोधन बिल पास हो जाने के बाद कांग्रेस, सपा, बसपा की तुष्टिकरण की राजनीति स्वतरू समाप्त हो जाएगी। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुरक्षित हाथों में स्वयं को गौरवशाली महसूस करेगा। उन्होंने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद अल्पसंख्यक समुदाय में भी विशेष खुशी देखी जा रही है। प्रेस वार्ता में अभियान संयोजक राजेश्वर रस्तोगी, सहसंयोजक उदित वाजपेई, महबूब राजा, विश्राम सागर राठौर, जया सिंह, कामेश शुक्ला, पुलकित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### जेसीबी सवार लोगों ने बाघ देखा

**सन्दना/ सीतापुर।** सोमवार की रात सन्दना इलाके में ग्रामीणों ने बाघ के देखा है। जिसकी वजह से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। तहसील सिधौली से मिश्रिख जाने वाले मार्ग पर ककरघटा घाट के निकट जेसीबी चला रहे लोगों को रात के समय बाघ को देखे जाने की बात कही है। देर रात संदना क्षेत्र के गोमती नदी के किनारे पर ग्राम उर्दाहा में श्याम सुंदर के एक गाय के बछड़े को जंगली जानवर ने निवाला बनाया है। सुबह जब श्याम सुंदर ने देखा कि उनका बछड़ा मृत अवस्था में पड़ा देखा। उसके बाद देखते ही देखते ग्रामीण एकत्रित हो गए । ग्रामीणों ने ही वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी।

# जद्दोजहद में फंसे इस कद्दावर को नई भूमिका की तलाश

**मनोज मौर्य**

**गोंडा।** कभी जनपद की एक ध्रुवीय रही राजनीति को अपने दम-खम से बहुध्रुवीय बनाकर, जिले की सामंती व्यवस्था को हाशिये पर धकेलने वाले कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, एक समय में सीएम से भी ऊपर की भूमिका में रहे हैं।



**कभी सीएम से ऊपर की हैसियत रखने वाले बृजभूषण सिंह को पार्टी ने छोड़ा हाशिए पर**

जिन्होंने अपने सामने प्रदेश के सीएम को भी कभी कुछ नहीं समझा और अक्सर बेबाकी से अनेक मुद्दों पर उन्हें घेरते रहे। इस बाहुबली कहे जाने वाले पूर्व सांसद का दबदबा ऐसा था कि, गोंडा में जिसको चाहा उसे विधानसभा पहुंचाया, और जिसे चाहा उसे बाहर का रास्ता दिखवाया। उनका दबदबा ही कहेंगे कि, अपने एक पुत्र को विधायक तो एक को सांसद भी बनाया। रणनीति ऐसी की विपक्षी जीती हुई बाजी भी हारे, लेकिन वक्त ने आज इस कद्दावर नेता को किस तरह नाटकीय अंदाज में हाशिये पर लाकर छोड़ दिया है, जहां वह अपनी भविष्य की भूमिका को तलाशते हुए मानसिक जद्दोजहद में फंसा दिखाई दे रहा है। हालंकि बृजभूषण सिंह की राजनीति और व्यक्तित्व के बारे में अगर बात करें तो, उनके जीवन और राजनीति में कई बार ऐसी जटिल और विपरीत परिस्थितियां आई हैं, जिसने उन्हें मुश्किल में जरूर डाला,लेकिन हर बार उन्होंने विजयी योद्धा की भांति, ऐसी परिस्थितियों पर कुशलतापूर्वक विजय पाते हुए एक नया आयाम बनाया है। बता दें कि, 2022 की सर्दियों में महिला पहलवानो के यौन शोषण मामलों को लेकर हुए उनके आंदोलन ने पूरे देश के माहौल को गर्म कर दिया। इस आंदोलन के दौरान उनकी जुबान भी कुछ ऐसी फिसली जो राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रही। जिसने कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी को भी दो धड़ों में कर दिया,एक वो जो पूर्व सांसद के समर्थन में था तो दूसरा विरोध में। जिसका नतीजा यह रहा पिछले लोकसभा चुनाव में कैसरगंज सीट पर बृजभूषण सिंह की दावेदारी अधर में लटक गई।और पार्टी में इनके विरा. ेध के चलते पूर्व सांसद को हाशिये पर डालते हुए इन्हें टिकट भी नहीं दिया। हालांकि पूर्व सांसद का कद भी ऐसा था कि,कई नाम इस सीट के लिए चर्चा में आये और गए पर अंत तक कैसरगंज सीट फाइनल नहीं की गई।कहा जा रहा है बड़ी मुश्किल के बाद एक बड़े और देश की राजनीति में बेहद प्रभावशाली केन्द्रीय मंत्री की मदद से इनके पुत्र करण भूषण सिंह को टिकट मिला और वे भारी अंतर से चुनाव भी जीत गए। जिसके बाद कयास लगाया जाने लगा कि,अब शायद बृजभूषण सिंह को राज्यसभा भेजकर उनकी कोई अन्य भूमिका तय कर दी जाय। पर इनके बेटे को टिकट देने के चलते पहले से ही नाराज विरोधी धड़े के कड़े विरोध के चलते इनको हाशिये पर कर दिया गया। इतना ही नहीं भाजपा में अपनी भूमिका से असंतुष्ट और कभी प्रदेश में हिंदूवादी नेता माने जाने वाले व रामजन्मभूमि आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले इस पूर्व कद्दावर सांसद को अयोध्या के राम मंदिर उद्घाटन में न्योता भी नहीं दिया, जिससे आहत हो पूर्व सांसद ने नंदनी नगर में हूबहू अयोध्या के राममंदिर की तरह ही मंदिर बनवाकर अपने हजारों समर्थकों के बीच उसी दिन उसका उद्घाटन करते हुए विरोधियों को साफ संदेश दे दिया कि,वे झुकने वाले नहीं हैं बल्कि, खुदसे अपना रास्ता बनाकर उस पर सफलता से चलना वह बाखूबी जानते हैं। इसी के साथ यह भी साफ कर दिया कि,उनकी राजनीति किसी पार्टी के रहमोकरम पर नहीं बल्कि, राजनैतिक दल उनके ऊपर निर्भर हैं और जिस भी पार्टी में रहे उनकी बदौलत उस दल को गोण्डा और देवीपाटन मण्डल में कामयाबी मिली है। बहरहाल इन सबके बीच सपा के प्रति मुलायम और अखलेश की तारीफ के साथ कई सपा नेताओं से उनकी मुलाकातें इस समय मीडिया में बड़ी सुर्खियां बटोर रहीं हैं। कई तो दबे जुबान से उनकी सपा में इंट्री भी पक्का मान चुकीं हैं। पर इस मझे हुए कद्दावर नेता के जहन में क्या है, यह कोई नहीं जानता।अक्सर उन्होंने अपने निर्णयों से मण्डल ही नही पूरे प्रदेश को चौंकाया है। वह सपा में जायेंगे? अपनी पार्टी बनायेंगे या फिर भाजपा में ही रहते हुए अपनी किसी बड़ी भूमिका का इंतजार करेंगे? यह तो आनेवाला वक्त ही बतायेगा, लेकिन बृजभूषण सिंह जैसे धैर्यवान और दूरदर्शी व मजबूत नेता का अगला कदम निश्चय ही चौंकाने वाला हो सकता है। फिलहाल तो उनका अगला कदम क्या होगा इस मण्डल ही नही पूरे प्रदेश में इसपर कयासों का दौर जारी है।

# मायावती ने आकाश आनंद की वापसी का किया बचाव

**आलोचकों को बताया स्वार्थी और बिकाऊ**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज अपने भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में वापसी को लेकर उठे सवालों का जोरदार ढंग से जवाब दिया है। उन्होंने सोमवार सुबह ट्वीट की एक श्रृंखला में स्पष्ट किया कि आकाश की 'घर वापसी' पार्टी हित में है और इस पर सवाल उठाने वाले लोग 'स्वार्थी व बिकाऊ' मानसिकता के हैं।

मायावती ने कहा कि राजनीतिक जीवन में गलतियां होती हैं, लेकिन यदि कोई व्यक्ति उन्हें स्वीकार कर आत्मसमर्पण की भावना से आगे बढ़े तो उसे मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद ने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए पूरी निष्ठा से पार्टी और बहुजन आंदोलन के लिए समर्पित होने का वादा किया है। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ताओं को उसका हौसला बढ़ाना चाहिए, न कि आलोचना में शामिल होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य दलों में भी इस तरह की वापसी सामान्य बात रही है, लेकिन जब यही प्रक्रिया बसपा में होती है तो कुछ लोग जानबूझकर भ्रम फैलाते हैं। मायावती ने तीखे शब्दों में बिना कोई नाम लिए लिखा कि बहुजन समाज के कुछ स्वार्थी व बिकाऊ लोग, जिन्होंने पार्टी के वोटों को बांटने व कमजोर करने के लिए अपनी अनेक पार्टियां व संगठन बनाए हैं, वे लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं। मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसे अवसरवादी तत्वों के प्रभाव में न आएं और पूरी ईमानदारी से पार्टी को मजबूत करने के लिए एकजुट रहें। उन्होंने दो टूक कहा कि आकाश आनंद को दोबारा जिम्मेदारी देना बसपा का आंतरिक निर्णय है और इसमें बाहरी लोगों की दखलंदाजी अनुचित है। ज्ञात हो कि बीते दिनों आकाश आनंद को फिर से बसपा में सक्रिय भूमिका दी गई है, जिस पर सोशल मीडिया और राजनी. तिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। मायावती के आज के बयान से इस विषय पर पार्टी की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है।

# महिला कल्याण योजनाओं से बदली तस्वीर सशक्तिकरण की राह पर यूपी: बेबी रानी मौर्य

## सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, शिक्षा और आवास योजनाओं से बढ़ा आत्मविश्वास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं उत्थान की दिशा में ठोस और व्यापक कार्य हुए हैं।

गोमती नगर स्थित एक होटल में आयोजित श्कान्क्लेव- आठ साल साल योगी सरकाररू अन्त्योदय से सर्वोदयश कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों से महिलाओं में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य सरकार ने 126 नए थानों, 86 नई चौकियों, 78 महिला परामर्श चौकियों और 4 जल पुलिस चौकियों की स्थापना की है। हर जिले में महिला थानों के अलावा एक अन्य थाने में महिला थानाध्यक्ष की तैनाती की गई है। साथ ही महिला पीएसी बटालियन का गठन एवं 5 अन्य बटालियन की प्रक्रिया प्रगति पर है। वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, जीआरपी, फायर सर्विस का एकीख्रत ढांचा तैयार किया गया है, और हर जिले में एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय है। नतीजन महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण में प्रदेश 99.42: के साथ देश में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि अब तक 2.16 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती की जा चुकी है, जिनमें 27 हजार से अधिक महिलाएं हैं और उन्हें 10 हजार से अधिक बीट सौंपे गए हैं। 346 महिला पीआरवी भी सड़कों पर सक्रिय हैं। मिशन शक्ति 5.0 और ऑपरेशन बचपन जैसे अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत 4.30 करोड़ गैस कनेक्शन, कन्या सुमंगला योजना में लाभार्थियों को छह चरणों में 25,000 रुपये की सहायता, निराश्रित महिला पेंशन में 1,000 रुपये प्रतिमाह, और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य) के तहत 2,500 से 4,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। प्रदेश में 79 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं और 19 नए सेंटर स्वीख्रत हो चुके हैं, जिनमें एम्बुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध है। 189 निकायों में पिंक शौचालय बनाए गए हैं और 181 हेल्पलाइन से अब तक 7.17 लाख महिलाओं को सहायता मिली है। लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद में 500-500 क्षमता वाले आठ महिला छात्रावास तथा सात अन्य जिलों में श्रमजीवी महिला छात्रावासों का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना' के तहत 100 करोड़ रुपये की लागत से 10 जनपदों में अनाथ, परित्यक्त एवं संघर्षरत बच्चों के लिए आश्रय गृह बनाए जा रहे हैं। वहीं, मिशन शक्ति की 'सखी निवास' योजना के अंतर्गत लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, आगरा, बरेली, नोएडा और गाजियाबाद में 50-50 क्षमता के सखी निवास प्रारंभ किए जाएंगे। 'सामर्थ' योजना के तहत 10 जनपदों-अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, बस्ती, मिर्जापुर, वाराणसी और सहारनपुर में शक्ति सदन बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मई में 22,000 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती पूरी हो जाएगी, जबकि 52,000 सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया जारी है।

# वन निवासियों के घर न गिराने की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में ककरहा और मुर्तिहा क्षेत्र के परंपरागत वन निवासियों के घरों पर अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाने की संभावित कार्रवाई को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता जंग लहदुस्तानी ने जिलाधिकारी को पत्र भेज एक अपील की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि वन विभाग द्वारा उक्त गांवों में अतिक्रमण हटाने के संचालन से पूर्व 2006 के वन अधिकार कानून के प्रावधानों का समुचित पालन सुनिश्चित किया जाना अति आवश्यक है ताकि किसी प्रकार का अनुचित उत्पीड़न न हो।

जंग लहदुस्तानी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि वे स्वयं वन अधिकार कानून 2006 के कार्यान्वयन के लिए वर्षों से प्रयासरत वन अधिकार कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वनग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा देने जैसे सकारात्मक कदम उठाए हैं तथा वन निवासियों के हितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है, लेकिन वन विभाग इस प्रक्रिया में बाधक बनकर अपनी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। पत्र में उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भारत-नेपाल सीमा से पांच किलोमीटर के भीतर झूठे अतिक्रमण के नाम पर वन विभाग एक साजिश के तहत सशस्त्र सीमा बल, पुलिस व राजस्व अधिकारियों को भ्रमित कर बहराइच के तहसील मोतीपुर स्थित ककरहा के एक परिवार व मुर्तिहा के नौ परंपरागत वन परिवारों के घर तथा उनके सामुदायिक पूजा स्थल व मंदिरों को अतिक्रमण बताकर ध्वस्त करवाने की योजना बना रहा है। यह कृत्य सीधे तौर पर वन अधिकार कानून 2006 की धारा 4(5) का उल्लंघन है। उन्होंने दस्तावेजों और ऐतिहासिक मानचित्रों के हवाले से उल्लेख किया कि ये सभी पवित्र स्थल वन विभाग के अस्तित्व में आने से पहले से स्थापित हैं, जिनका उल्लेख 1903 के जनपद गजेटियर, 1908 की वन प्रबंधन योजना और 1902 के इंपी. रियल फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के मानचित्रों में दर्ज है। पत्र में वन अधिकार कानून 2006 की धारा 4(5) का हवाला देते हुए कहा गया है कि ष्वन में रहने वाले अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को उनके कब्जे से तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक उनकी मान्यता और सत्यापन प्रक्रिया पूरी न हो जाए।ष इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन वन बस्ती ग्रामों के लिए ग्राम स्तरीय वन अधिकार समितियों का गठन प्रक्रिया में है जहां पर दावे प्रस्तुत किए जाने हैं। जंग लहदुस्तानी ने जिलाधिकारी से कड़ा आग्रह किया है कि वन अधिकार कानून 2006 सभी अन्य कानूनों से ऊपर है। यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी या विभाग इसके प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया गया तो उन पर कानून के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी तथा सक्षम अदालतों में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### परियोजनाओं की सीडीओ ने समीक्षा की

**सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। धीमी प्रगति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगति में सुधार के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य सुंदर व आकर्षक हों, यह भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि भवनों की रंगाई हेतु प्रयुक्त रंग का चयन सम्बंधित विभागीय अधिकारी से समन्वय करते हुए किया जाये। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया।

# उ.प्र के तीन जनपदों में 4318.07 लाख की पर्यटन परियोजनाएं स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद जनपदों के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कुल 4318.07 लाख रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय पर्यटन स्थलों का सुख्रढ़ीकरण करते हुए देशी-विदेशी पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सहारनपुर जिले में 1120.11 लाख रुपये की तीन परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

इनमें पतेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 119.00 लाख, गंगोह रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर और भैरव काली मंदिर के लिए 100.00 लाख और शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए 901.31 लाख रुपये की परियोजना शामिल है। मुजफ्फरनगर जनपद के शुक्रतीर्थ क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए 2482.71 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं को स्वीख्रति मिली है। इनमें लाइट एंड साउंड शो की स्थापना हेतु 1525.10 लाख, परिक्रमा मार्ग के सुख्रढ़ीकरण एवं सुविधाओं के लिए 477.60 लाख और श्रीमद्भागवत कथा केंद्र के निर्माण हेतु 480.01 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। शुक्रतीर्थ एक प्राचीन पौराणिक स्थल है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। गाजियाबाद में 715.25 लाख रुपये की तीन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

### महाकुंभ सर्वे में अयोध्या, संगम और वाराणसी बने देश के शीर्ष डेस्टिनेशन

**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 के दौरान भारत सरकार द्वारा कराए गए एक व्यापक सर्वे में अयोध्या, प्रयागराज का संगम और वाराणसी देश के सबसे पसंदीदा धार्मिक पर्यटन स्थलों के रूप में उभरे हैं। डिलायट द्वारा किए गए इस सर्वे में भारत सहित 45 देशों के कुल 3,52,388 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस स्पिरिचुअल सर्वे का उद्देश्य न केवल धार्मिक पर्यटन की प्राथमिकताओं को समझना था।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 05.06.2025 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 28-04-2025 | | |
| 2 | निविदा संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 | | |
| 3 | कार्य का नाम: गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिये सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति। | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | रु0 3,75,10,227.00 | 5 | धरोहर राशि रु0 3,37,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.05.2025 | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.06.2025 11:30 बजे | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट : 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1260/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदायें** (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-03-2025-26 | | | | |
| कार्य का नाम | "सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन थे सेक्शन ऑफ ऐ.डी.एस.टी.ई./एल.के.ओ. ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" | | | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 66,64,139.68 | निविदा प्रपत्र की कीमत | निल | धरोहर राशि | ₹ 133300.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन | | | | |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.05.2025 15.30 बजे तक | | | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं. रे. प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | | | |

- ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। •समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र मे देखी जा सकती है। •मैनुअल निविदायें स्वीकृत नही की जायेंगी। •निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निनिदा सू.सं. 106-सिग-टेन्डर-03-2025-26 दिनांक: 28.04.2025

1252/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीएम डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की समीक्षा

## मंडलायुक्त सभागार में राजस्व कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय निकाय क्षेत्रों में स्थित पुस्तकालयों की भौतिक एवं संचालन की स्थिति का संबंधित एसडीएम के माध्यम से सत्यापन कराएं। ये सभी पुस्तकालय जन उपयोगी हों और प्रतियोगी छात्रों के लिए अध्ययन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किए जाएं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पुस्तकालयों में भी उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों की उपलब्धता के लिए प्रशासनिक स्तर से जरूरी कदम उठाए जाएं। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि बच्चों के वैक्सीनेशन में तेजी लाने के लिए धर्मगुरुओं का सहयोग लिया जाए साथ ही ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान आशाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा इस दिवस में स्वास्थ्य को लेकर ग्रामीण जनों में जागरूक बनाने एवं अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों को सख्ती से प्रभावी बनाया जाए। आकांक्षी विकासखंडों में निर्धारित पैरामीटर्स के अनुरूप सभी इंडिकेटर्स को पूरा करने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य किए जाएं और कमियों को चिन्हित करके उनका समाधान होना चाहिए, इसके लिए उन्होंने डीएम और सीडीओ को निर्देश दिए। मंडल में विभिन्न विभागों में अधिकारियों के रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती एवं रिक्तियों की रिपोर्ट भी मंडल स्तर पर तैयार होगी ताकि शासन को इस सम्बन्ध में सूचित किया जा सके। विकास एवं राजस्व में मंडल के सभी जिलों की शासन स्तर से निर्धारित की गई रैंक को लेकर उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले बेहतर रैंक के लिए सख्त कदम उठाएं।

उन्होंने मुख्य अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत बिलों में अनियमितता तथा ट्रांसफार्मर जलने की वजह से आमजन को होने वाली समस्याओं का समयबद्ध समाधान होना चाहिए। प्रत्येक चरण पर अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रियता रहे ताकि गर्मी के दौरान आमजन को विद्युत आपूर्ति को लेकर कोई समस्या न हो। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा के कुल दावों के सापेक्ष बीमा क्लेम की कम संख्या पर कृषि विभाग के अधिकारियों को 02 दिवस में निरस्त मामलों की कारण सहित सूची प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। फार्मर रजिस्ट्री में मंडल में कुल लक्ष्य 1608719 के सापेक्ष 804880 कृषकों को फार्म रजिस्ट्री जारी की जा चुकी हैं, इसमें रामपुर की प्रगति सर्वाधिक रही वहीं अमरोहा और सम्भल की प्रगति 50 प्रतिशत से कम है। मंडलायुक्त ने शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। बिजनौर में प्रशासनिक स्तर से विदुर ब्रांड को प्रोत्साहित करने की अभिनव पहल को मंडलायुक्त ने सराहा। इस विदुर ब्रांड के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों से जोड़ा जा रहा है। मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि कार्य के अनुसार भुगतान में पूरी पारदर्शिता रहे और किसी भी स्तर पर अनियमितता पर कठोरतम कार्यवाही होनी चाहिए। बरसात के पानी के संचयन के लिए अमृत सरोवरों के निर्माण के साथ साथ जिलों में विलुप्तप्राय नदियों के पुनरुद्धार की दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य कराने के लिए सभी जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कम से कम एक विलुप्तप्राय नदी का हर जिले में पुनरुद्धार होना चाहिए। उन्होंने विलुप्त नदियों और झीलों को भी अपने मूल स्वरूप में लाने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। गेहूं खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि डिप्टी आरएमओ की जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़नी चाहिए और आवश्यकता के अनुसार पुलिस प्रशासन से भी सहयोग लिया जाए। जल जीवन मिशन में हर घर जल योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता और निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप निर्माण कार्यों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के लिए निर्देशित किया साथ ही कहा कि पाइप लाइन बिछाने के उपरांत रोड रेस्टोरेशन में मानकों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बने सामुदायिक शौचालयों में ताले पड़े होने की शिकायतें मिल रही हैं। इस शिकायतों का सत्यापन कराएं और ऐसे सामुदायिक शौचालय जो संचालित नहीं है उनके केयरटेकरों को भुगतान नहीं होना चाहिए।



विद्यालयों में महिला अध्यापक और महिला स्टाफ के लिए पृथक शौचालय के निर्माण को लेकर भी उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के लिए निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में कूड़ा कलेक्शन और आरआरसी के संचालन को लेकर भी मंडलायुक्त ने समीक्षा की और कहा कि ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और ग्राम पंचायतों में राजस्व के स्त्रोत विकसित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी अपने स्तर से कार्ययोजना तैयार कराकर प्रभावी बनाएं। वृक्षारोपण अभियान के लिए पूर्व में ही जिलाधिकारी द्वारा जमीनों का चिन्हांकन करा लिया जाए ताकि वृक्षारोपण अभियान के दौरान उन चिन्हित स्थानों पर बल्क प्लांटेशन कराया जा सके। कुपोषण उन्मूलन के अंतर्गत उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान महिलाओं को स्थानीय पोषक खाद्य सामग्रियों एवं सब्जियों के महत्व के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वे अपने दैनिक आहार में उन स्थानीय खाद्य सामग्रियों को शामिल करें। उन्होंने निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, नई सड़कों का निर्माण, मातृ शिशु एवं बालिका मदद योजना, श्रमिकों का पंजीकरण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, आईजीआरएस, लखपति दीदी योजना और पीएम कुसुम योजना के बारे में भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने राजस्व प्राप्तियों, वाहन, माल एवं यात्री कर, ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही, सीटबेल्ट और हेलमेट को लेकर प्रवर्तन की प्रगति के साथ साथ धारा 24, धारा 80 और धारा 116 के निस्तारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की। धारा 34 और के अंतर्गत दाखिल खारिज के लंबित मामलों को लेकर मंडलायुक्त में अभियान चलाकर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद मंडलायुक्त ने पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज की उपस्थिति में सभी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अभियोजन से संबंधित अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों को लेकर विस्तृत समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने युवाओं से किया उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर आए कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि ब्राह्मण कभी किसी में भेदभाव नहीं करता उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के बारे में क्षत्रियों का विनाश करने की बातें मिथ्या है उन्होंने केवल उनका विनाश किया जो धर्म और समाज से हटकर लोगों से राक्षसी प्रवृत्ति का व्यवहार करते थे। उन्होंने बताया कि ब्राह्मण यदि जात-पात की बात करते तो वह महर्षि वाल्मीकि का गुणगान ना करते संत रविदास का गुणगान ना करते, उन्होंने कहा कि ब्राह्मण कभी कमजोर नहीं होता और यदि ब्राह्मण कमजोर से कमजोर स्थिति में पहुंच जाए तो सुदामा बन जाता है जिसको बुलाने के लिए स्वयं भगवान दौड़े चले आते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का सदैव सबको सम्मान करना चाहिए और उन्हें भी अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करते रहना चाहिए ब्राह्मण के लिए उन्होंने शास्त्र और शस्त्र जरूरी बताया कार्यक्रम में आए बनारस से प्रोफेसर महेंद्र तिवारी ने कहा की ब्राह्मण केवल शास्त्र पढ़ने से ही नहीं बन जाता बल्कि उसे दूसरों को शास्त्रों में पारंगत करते हुए शस्त्रों की शिक्षा भी देनी चाहिए उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भी ब्राह्मण थे जिन्होंने अपने प्राणों को देश के लिए हंसते-हंसते न्योछावर कर दिया उन्होंने देश के युवाओं से रामप्रसाद बिस्मिल



जैसे शहीदों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को अपनी संस्कृति को हमेशा याद रखना चाहिए आज के दौर में अंग्रेजी पढ़ने वाला ही विद्वान माना जाता है जबकि विदेश में अंग्रेजी नहीं बल्कि उनके देश की अपनी अपनी भाषा में पढ़ाई होती है लेकिन भारत में विदेशी भाषा को पढ़ने वाला ही ज्यादा विद्वान कहलाता है उन्होंने अपने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखते हुए देश प्रेम की भावना जगाने का आह्वान किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र, काशी से आये विख्यात वक्ता डॉ महीम तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ब्राह्मण सभा डॉ महेश चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजीव सारस्वत, महामंडलेश्वर मनोजदास जी महाराज ने देश और धर्म की बातें करते हुए भगवान परशुराम के बारे में विस्तार से जानकारी दी इसके बाद छठी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय धर्मशाला से प्रारम्भ होकर रामलीला मंदिर, पुराना रोडवेज बस स्टैंड, विश्नोई मंदिर, वैश्य धर्मशाला, मुख्य बाजार, उपदेश नेता का चौराहा, मौहल्ला पट्टीवाला, रविदास मंदिर, रामलीला मंदिर होते हुए गंतव्य पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में दिवाकर शर्मा, विकास शर्मा, कुलदीप कौशिक, विकास शर्मा, यतेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, संजय कौशिक, रतेश शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, अनन्त शर्मा, सार्व शर्मा, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम के आयोजन आचार्य भावेश शर्मा ने किया।

## पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को बाला साहेब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेनाके कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की जाति और धर्म पुष्कर हत्या करने के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया । वाद मे कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह को सौंपा । ज्ञापन में कहा कि२२ अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर खुलेआम फायरिंग कर २६ पर्यटकों की गोली मारकर नृशंस हत्या करने वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ कार्यवाही एवं देश से आतंकवाद के खात्मे को लेकर भारत सरकार को कठोर व कार्यवाही करते हुए तत्काल बदला लेने की मांग की । ज्ञापन में कहां है कि आतंकवादियों को पड़कर उनको पालने के कारण ही पहलगाम बी अन्य इलाकों में आतंकवादियों के हौसलेबुलंद होते जा रहे हैं इसी के तहत उन्होंने हत्याएं की है । और इसी कारण आतंकवादी आये दिन हमला करते रहते हैं । इन हमलों में भारत के कई निर्दोष नागरिक मारे गए और कई वीर सपूत शहीद हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा धारा ३७० हटाने और नोटबंदी करने के बाद आतंकवाद की कमर तोड़ने का दावा किया गया है। नागरिकों और पर्यटकों को पूर्णत: सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया था। शिव सेना ने कहा कि पहलगाम मे हुए आतंकी हमले में २६ लोगों की मृत्यू हुई एवं कई अन्य घायल हुए हैं। जिसने पूरे देश की आत्मा को झंझोड़ कर रख दिया है अखंडता एवं राष्ट्र हित में इन आतंकवादियों को पालने वाले पाकिस्तान से सभी तरह के राजनीतिक समझौते अबिलंब निरस्त किये जाएं एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में पाकिस्तान का घेराव कर उसकी आतंकवादी नीति का पूर्ण विरोध



और भारत की आंतरिक सुरक्षा नीति पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किये गये कई प्रयास भी निरर्थक लग रहे हैं। इस हमले से साफ है कि पिछले आधी शताब्दी से आतंकवाद से ग्रसित भारत का मुकुट कश्मीर, अभी भी पूर्णत: आतंकवाद की बीमारी से मुक्त नहीं है। शिवसेना ने मांग की है कि देश की सुरक्षा, किया जाए और आतंकियों एवं उनके संगठनों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सूट एट साइट की नीति अपनाकर देश को सुरक्षित किया जाये। इस दौरान सोमपाल सिंह, अमित शर्मा, सुनील कुमार, हेमेंन्द्र सिंह, रिंकू सिंह, मनोज, राजीव कुमार, राजू चौहान, किशनपाल, जसबंत सिंह एवं मुन्ना आदि ने भाग लिया।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खादर में बाल वाटिका अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशा अनुसार उच्च प्रा० वि० राजीपुर खद्दर में बालवाटिका अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । नोडल शिक्षिका शिवानी वरिष्ठ ने



बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिपेक्ष में 22 अप्रैल को पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु को -लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों को बालवाटिका कक्षा घोषित किया गया है। पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से आयु वर्ग ३ से ६ वर्ष के बच्चों हेतु निरंतर संसाधन विकास एवं वातावरण सर्जन संबंधी कार्य किया जा रहा है इस पहल की जागरूकता बढ़ाने तथा पूर्व प्राथमिक शिक्षा में समुदाय को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका अवगत कराने हेतु बालवाटिका अभियान सुनहरी शुरुआत बाल वाटिका के साथ संचालित किया गया।जिसमे आँगनबाडी कार्यकत्री ओमकारी देवी ने कहा कि अपने ३ से 6 वर्ष के बच्चों को समय से और निरंतर आंगनबाड़ी बालवाटिका में भेजे, कार्यक्रम में अभिभावको को उदेश्य बताते हुए कहा कि तीन से छ: आयु वर्ग के बच्चों को बाल वाटिका से जोड़ा जाना है 5 से 6 वर्ष के बच्चों को स्कूल की कक्षा एक के लिए तैयार करना है व बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना और उनके सीखने के कौशल को विकसित करना,बच्चों के शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा देना,बच्चों को सामाजिक कौशल सीखना उन्हें दूसरों के साथ बातचीत करने में मदद करना आदि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में सुनीता, लक्ष्मी, ललीता, नीरज, कविता, पूनम, सुनीता, किरन, सरोज, राखी, हीरो देवी आदि माताओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र कुमार, शिवानी वशिष्ट, दीपक आदि का सहयोग रहा।

## आईएफटीएम में डेमो डे, प्रदर्शनी, पोस्टर प्रस्तुति सहित आयोजित हुए विविध कार्यक्रमों का हुआ सफल समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस और आईएफटीएम बिजनेस इन्क्यूबेशन फाउंडेशन (आईएफटीएम-बीआईएफ) के संयुक्त तत्वावधान में "डेमो डे, प्रदर्शनी, पोस्टर प्रजेंटेशन, बिजनेस प्लान एण्ड लिंकेज विद इनोवेशन एंबेसडरर्स, एक्सपर्ट्स फॉर मेंटरशिप सपोर्ट" विषयों पर आयोजित हुए तीन दिवसीय विविध कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विश्वभर में हो रहे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवाचारों से अवगत कराना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित कराने की आवश्यकता पर भी बल दिया। स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस के निदेशक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चले इस कार्यक्रम के पहले दिन, स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने नवीनतम तकनीकी विचारों को पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया। दूसरे दिन, एप्सक्वाडज के विशेषज्ञ श्री मनीष राणा ने विद्यार्थियों को एआई उपकरणों के उपयोग पर आधारित एक व्याख्यान दिया, उनका यह व्याख्यान नवाचारों के कार्यान्वयन में एआई के उपयोग को समझाने पर केंद्रित रहा। तीसरे दिन तीन चयनित विचारों को निर्णायक मंडल के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्रा पल्लवी को "जॉब पोर्टल" डेमो के लिए प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस पोर्टल में नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए सभी महत्वपूर्ण सुविधाएं मौजूद थीं। छात्र पीयूष को "होटल बुकिंग" डेमो के लिए द्वितीय स्थान मिला, जिसमें ऑनलाइन भुगतान



और नि:शुल्क रद्दीकरण जैसे विकल्प शामिल थे। छात्र जयंत को "हैप्पी पॉइंट-ए फूड कार्ट" के डेमो के लिए तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, यह वेब पोर्टल एक रेस्टोरेंट पर ऑनलाइन ऑर्डर करने से संबंधित था। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार कार्यक्रम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन ने न केवल प्रतिभागियों के कौशल को निखारा, बल्कि उनके भविष्य के तकनीकी दृष्टिकोण को भी प्रोत्साहन दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं में नवाचार और तकनीकी सोच को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम रही, और भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में निर्णायकों के रूप में स्कूल के निदेशक प्रो. मिश्रा, कंप्यूटर एप्लीकेशंस के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह रहे। आईएफटीएम-बीआईएफ के सीईओ डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. ललित जौहरी, डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा एवं आईआईसी के संयोजक डॉ. अतानु नाग की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर स्कूल के कई शिक्षक व ५० से अधिक प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एक नजर

## 15 मई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन: मनोज कुमार गुप्ता

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में 10 पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण किये जाने का मुख्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पॉपकार्न मेकिंग मशीन के वितरण हेतु भुर्जी समाज के परम्परागत कारीगरो एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य व्यक्तियो को चयन उपरान्त पॉपकार्न मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की जायेगी। लाभार्थियो के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर नचाअपइ.हवअ.पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत "ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आबंटन" के नाम से अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15.05.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा तद्पश्चात् मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

## एसडीएम ने नगर पंचायतों में किया पुस्तकालयों का निरीक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** एसडीएम संत दास पवार ने आज नगर पंचायत कांठ एवं नगर पंचायत उमरी कला में स्थापित पुस्तकालय का निरीक्षण किया उन्होंने पुस्तकालय के रख रखाव और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए मुआयना किया ईओ प्रियंका चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत में पुस्तकालय तो काफी समय से स्थापित हैं लेकिन युवाओ को जानकारी न होने के कारण अभी वह यहां आकर स्टडी नहीं कर पा रहे हैं उप जिला अधिकारी ने इस संबंध में प्रचार प्रसार कराने के ईओ को निर्देश दिए ईओ प्रियंका चौधरी ने क्षेत्र के युवाओं से



नगर पंचायत कांठ में स्थापित पुस्तकालय में आकर स्टडी करते हुए इसका लाभ उठाए जाने का आह्वान किया है।

## एस डी एच इंटर कॉलेज में मिड्डे मिल व फर्जी टीसी से प्रवेश के आरोपों की जांच

**ठाकुरद्वारा।** सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मे विद्यालय के एक शिक्षक द्वारा अपने निजी विद्यालय की फर्जी टीसी से कॉलेज में एडमिशन दिलाने डिड्डे मिल में धाँधले बाजी करने की शिकायत पर जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर जांच टीम सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मे पहुंची । टीम ने कॉलेज के ही शिक्षक पर लगे मिट्टी मिल में घोटाले और फर्जी टीसी से छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिलाने की जांच की । सनातन धर्म हिंदू इंटरकॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता अनुज गुप्ता ने इस प्रकार को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर और जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत की थी ।लेकिन शिकायत को ठंडा बस्ती में डाल दिया गया था जिस पर उन्होंने बीते १९ अप्रैल को संपूर्ण समाधान दिवसमें जिला अधिकारी के समक्ष पेश होकर शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को मामले की शीघ्र निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए थे।

इस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने आरोपी की जांच के लिए राजकीय इंटर कॉलेज मुंडा पांडे के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह और राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर मुजफ्फरनगर की प्रधानाचार्य डॉक्टर श्ववेता पुठिया की टीम कोगठित किया था । दोनों अपनी टीम के साथ एसडीएस इंटर कॉलेज में पहुंचे वहां पर उन्होंने लग गए आरोपों से संबंधित अभिलेख तलब कर उनकी गहनता से जांच की । दोनों अधिकारियों ने बताया कि वह अपनी जांच रिपोर्ट जिला विद्यालय निरीक्षक को देंगे जांचके दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विक्रम सिंह , शिक्षक सईदुल जफर, में शिकायत करता अनुज कुमार गुप्ता मौजूद रहे।

## विजेता छात्राओं को समारोह पूर्वक प्रशस्ति पत्र मेडल देकर किया प्रोत्साहित

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय ठाकुरद्वारा पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित 15 दिवसीय उत्सव



में परिषदीय विद्यालयों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली चित्रकला निबंध लेखन भाषा व खेलकूद प्रतियोगिता में महक, जोया अल्वी, डोली,लवली,पल्लवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी चौतन्य पाठक द्वारा सभी विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मेडल देकर प्रोत्साहित किया और सभी को विद्यालय स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह,एडीओ कृषि नौबहार सिंह पीयूष कुमार प्रशांत, बीओ नवीन कुमार,अश्विनी कुमार,मोहम्मद रफी विपिन कुमार,सोमवती शर्मा,रजनी मिश्रा,कंचन खुल्बे व सपना चौहान आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पंचायत के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी मारे गए लोगों की याद में निकाला कैंडल मार्च

**ठाकुरद्वारा।** बीती देर शाम को ग्राम पंचायत किशनपुर गांवड़ी विकास खण्ड ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद में चंद्रशेखर आजाद द्वार से शिव मंदिर तक जरीफ मलिक एडवोकेट सदस्य पूर्व जिला पंचायत के



नेतृत्व में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए २७ व्यक्तियों की नरसंहार किया जाने के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया कैंडल मार्च जरीफ मलिक के द्वारा भारत सरकार से मांग की गई थी निर्दोष लोगों की हत्या की गई है उनके परिवारों को सरकारी नौकरी और आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई है ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना ना हो सके। इस मौके पर गांव के तमाम युवाओं ने भाग लिया जैसे पूर्व प्रधान कृपाल सिंह मोहम्मद इमरान मोहम्मद मोनिस मोहम्मद राजा शफी सलमान सेफी मोहम्मद नबी अहमद हसन लाला अल्वी फरमान मालिक शादाब कादिर मालिक कपिल अमित शनि चौहान गौरभ चौहान प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# पहलगाम आतंकी हमले के दिवंगतों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से देश भर में रोष व्याप्त है। देश भर में हमले के विरोध में प्रदर्शन किये जा रहे हैं और सरकार के आतंकियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की जा रही है। मंगलवार को नगरपालिका परिषद् व वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति के तत्वाधान में आतंकवादी हमले में हुए दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की तथा शोक. संतृप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर पालिका से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, प्रभाकर गुप्ता, अवनेश गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, लवित वार्ष्णेय, चंद्रमोहन, नरेश कुमार, राजकुमार, हिना गोयल तथा समिति से बृजबाला वार्ष्णेय, रचना वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय, बॉबी वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय व अन्य लोग उपस्थित रहे।



## जन समस्याओं की अनदेखी करने पर अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

**कांठ( शाह टाइम्स )** योगी सरकार ने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के भेजे गए पत्रों की अनदेखी करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर संसदीय कार्य विभाग ने शासनादेश जारी करते हुए सभी प्रमुख सचिवों, डीजीपी, मंडलायुक्तों, विभागाध्यक्षों, जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में सख्त निर्देश दिए हैं।जन समस्याओं के मामले में योगी सरकार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक सरकारी कार्यालय में जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर रखा जाए, जिसमें जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों का विवरण दर्ज किया जाए।

## सूफी संत भूंदरा शाह बाबा का उर्स आज से

**लखनऊ।** आदि गंगा गोमती के पावन तट पर बसे जौनपुर में स्थित मोहल्ला रौजा अर्जन निकट मल्हनी पघव के पास हजरत मौलाना सादिक अली शाह रहमुल्लाह उर्फ भूंदरा शाह बाबा की समाधि चित्रसारी मार्ग पर स्थित है। भूदरा शाह बाबा का सालाना 406 वां उर्स तीस अप्रैल को मनाया जाएगा। भूदरा शाह बाबा एक प्रख्यात सूफी संत हजरत शेख फतरूख्वाह हक्कानी कादरी की औलाद और ईश्वर लीन फकीरों में एक थे, जो सबके दिलों की बात अच्छी तरह से जानते थे। बताया जाता है कि भूंदरा शाह बाबा जमीन के अन्दर गार और वीराने में रहा करते थे। बाबा ऐसे स्थान पर रहना पसन्द करते थे जहां दूसरों का आना जाना बहुत कम होता था। जिस गार में बाबा रहते थे उसके ऊपर दो काले रंग के कुत्ते बैठे रहते थे, जब कोई भी व्यक्ति किसी जरूरत से बाबा के पास आता था, वह कुत्तों के सामने हलुआ डालता था। यदि कुत्ता हलुआ खा लेता था तो वह व्यक्ति बाबा के सामने जाता था। अगर कुत्ते ने हलुआ नहीं खाया तो वह व्यक्ति पास नहीं जाता था और उसका काम भी नहीं होता था। भूंदरा शाहबाबा दीर्घ काल तक अपने यहां आने वालों का लाभ पहुंचाते रहे। बाबा का देहान्त नौ शाबान 1030 हिजरी यानि 1620 को हुआ था। बाबा के मानने वालों ने उस गार के ऊपर भव्य रौजा भवन बनवाया है। जहां हर साल 30 अप्रैल को सालाना उर्स मनाया जाता है। उर्स आयोजन समिति के संयोजक अफसर अली सिद्दीकी पुत्र मरहूम जफरुद्दीन सिद्दीकी उर्फ जफर भाई का कहना है कि बाबा के यहां आने वाले हर एक की दिली मुरादें पूरी हो जाती है। उन्होने बताया कि हर साल यहां 30 अप्रैल को साम्प्रदायिक एकता पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाता है। शाम से मेला लगता है जो रात भर चलता है। जिसमें हर धर्म और सम्प्रदाय के लोग आते है।

भजन व कौव्वाली का भी आयोजन किया जाता है। क्योकि बाबा सूफी सन्त थे, वे सदैव समाज, देश व राष्ट्र का भला चाहते थे, इस बार धूमधाम से रस्म अदा होगी । इस साल भी बाबा का सालाना उर्स तीस अप्रैल को ही मनाया जाएगा , जिसमें जौनपुर सहित पडोसी जिलों वाराणसी, आजमगढ़, गाजीपुर, भदोही से लोग आते है, साम्प्रदायिक एकता की जीवन्त मिसाल भूंदरा शाह बाबा की मजार का दर्शन कर लोग ही चादर चघएगे । इस जलसे के संयोजक रहे जफर भाई ने नगर में दो प्रिण्टिग प्रेस बघे पैमाने पर लगा रखा है और उन्होने अपने दोनों प्रेसो का नाम क्रमशघ गोमती व गंगा प्रेस रखा है। जो सिराज-ए- हिन्द जौनपुर मे कौमी एकता की मिसाल है।

### एक नजर

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई 2025 के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार मंगलवार को माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कच्छल के



विश्राम कक्ष में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी एवं शासन के अन्य अधिकारीगण के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल स्थित चंदौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में विवादों को जल्दी, किफायती और सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करने तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक के अवसर पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, एस.डी.एम. संभल रमेश बाबू, एस.आई. मॉनिटरिंग सेल राजाराम, एस.एच.ओ. चंदौसी मोहित कुमार, इंस्पेक्टर सम्मन सेल नरेशपाल सिंह आदि उपस्थित रहें। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा दी गई।

## शशि मदन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने स्केटिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

**चन्दौसी।** शशि मदन पब्लिक स्कूल चंदौसी के छात्रों ने 'फर्स्ट इंटर स्कूल ओपन रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप 2025' में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और चंदौसी का नाम रोशन किया। बता दें कि यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल को ओजोन स्केटिंग रिंक, महुआ खेड़ा, अलीगढ़ (उ.प्र.) में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में आरव फारोलया व अहान रस्तोगी ने अंडर-6 वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीते। अंडर-10 वर्ग में अधर्व यादव ने गोल्ड मेडल तथा रश्मित कुमार ने



सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। अंडर-12 वर्ग में राज गोस्वामी ने सिल्वर मेडल तथा लौकिक, ऋतिक और अंनत ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के कोच जितेंद्र कुमार को बेस्ट स्केटर कोच घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंध तंत्र ने विजेताओं को बधाई देते हुए उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना की। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रों को प्रेरित किया और कोच एवं अभिभावकों के सहयोग का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन जिला संभल द्वारा बैठक आहूत की गई जिसमें वैश्य भामाशाहों पर पिछले कुछ समय से



चल रहे प्रकरण के तहत सम्भल वैश्य समाज के पुरोधा अखिल भारतीय वैश्य फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल सिंघल एवं भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राज. ेश सिंघल के ऊपर लगाए गए आरोपों को लेकर विचार विमर्श किया और राजनीति के तहत लगाए जा रहे दोषों का खंडन करते हुए शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जाँच करने की मांग की। जिलाध्यक्ष प्रभात कृष्णा ने कहा कि हमें योगी सरकार पर भरोसा हैं। इस सरकार में किसी भी बेगुनाह पर अनुचित कार्यवाही का होना संभव ही नहीं हैं। हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि निष्पक्ष जाँच करके ही उचित कार्यवाही अमल में लायी जाए, अनावश्यक किसी भी सामा. जिक व्यक्ति को प्रताडिघ्त न किया जाए। जिला उपाध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व से मांग करते हुए कहा कि वह वैश्य समाज के भामाशाहों पर राजनीतिक उद्देश्य से किये जा रहे उत्पीड़न को रोकें। यह सामाजिक तौर पर पूर्णतः अनुचित हैं। जिला महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज के पुरोधा एवं भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हिंदूवादी नेता राजेश सिंघल को झूठे मुकदमे में फंसाने की निंदा करते हैं। राजेश सिंघल पिछले लगभग ३५ वर्षों से समाज की निरंतर सेवा करते आ रहे हैं। जिला सम्भल में वैश्य समाज का प्रमुख चेहरा है। प्रशासन द्वारा वैश्य भामाशाह पर मुकदमा लगाकर उनका उत्पीड़न करना सरासर गलत है। वैश्य समाज के इस उत्पीड़न से समाज में गलत संदेश जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू, मुरादाबाद मण्डल प्रभारी सुमंत गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रभात कृष्णा, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, संजीव गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, मुदित गर्ग, ऋषभ रस्तोगी, मयंक वार्ष्णेय चिंकल आदि रहे।

## जल संचय जन भागीदारी के तहत हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एन.के.बी.एम.जी. पी.जी. कॉलेज चन्दौसी में शासन के निर्देशानुसार 'जल संचय जन भागीदारी' के अंतर्गत जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' की थीम पर थीम पर गीत, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, स्लोगन राइटिंग, गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डा० बबिता प्रभारी एवं व्यवस्थापक असिस्टेंट प्रोफेसर विभा सिंह रहीं। कार्यक्रम में उजमा




नाज, इल्मा बी, सिमरन, वंशिका, रति, सृष्टि माथुर, सृष्टि शर्मा, लवी सोलंकी, नीतू, निर्दोष पाल, रिद्म मुस्कान, शिवि सोलंकी, नेहा आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जल का दुरुपयोग भविष्य के लिए बड़े संकट का कारण हो सकता है। अतः जल संरक्षण की वर्तमान में विशेष रणनीति की आवश्यकता है जिसकी शुरुआत हमें स्वयं से करनी चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डा० बबिता ने वर्षा जल संरक्षण की विधि एवं प्रयोग के उपायों पर चर्चा की। नुक्कड़ की प्रस्तुति महाविद्यालय परिसर में एवं परिसर के बाहर नुक्कड़ पर जनजागरुकता हेतु प्रदर्शन किया गया। स्लोगन राइटिंग के अंतर्गत जल संरक्षण है मेरा सपना, जल ही जीवन है, जैसे स्लोगन प्रस्तुत किये गये। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में जल संरक्षण की

## स्कूलों की मनमानी के चलते 3 हजार बच्चों को अभी तक नहीं मिला दाखिला

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का दाखिला करने में स्कूलों की मनमानी जारी है। स्थिति यह है कि अभी तक जिले में करीब तीन हजार बच्चों का दाखिला ही नहीं हो सका है। बच्चों के अभिभावकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के अलावा बीएसए से मुलाकात कर दाखिला करवाने की मांग की। बीएसए का कहना है कि स्कूलों से संपर्क कर दाखिला करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।नए सत्र के लिए मुरादाबाद जनपद में 11 सौ स्कूलों में 12 हजार सीटों पर एक दिसंबर को आरटीई की दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई थी। चार चरणों में अभिभावकों से आवेदन लिए गए। सत्यापन के बाद अंतिम रूप से 5712 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित हुई।बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सो स्कूलों को आवंटन पत्र भेजकर बच्चों के दाखिला लेने के निर्देश दिए गए थे। अब अप्रैल माह बीतने को है, लेकिन अभिभावक दाखिले के लिए स्कूलों के चक्कर लगा रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मुताबिक अभी तक सिर्फ २७ सौ बच्चों का ही दाखिला हो सका है। जिलाधिकारी ने भी स्कूलों को शत-प्रतिशत दाखिला करने के निर्देश दिए और लापरवाही करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।इसके बाद भी स्कूल अपने यहां बच्चों का दाखिला नहीं ले रहे हैं।

अभिभावकों की शिकायत के आधार पर स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्हें बिना देर किए बच्चों का दाखिला करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। । अभिभावकों का आरोप है निजी स्कूलों में आरटीई के तहत दाखिला मिल जाने के बाद भी बच्चों से एग्जाम फीस के नाम पर हजारों रुपये वसूले जा रहे हैं।

## आरएसएस के पूर्व महानगर संघचालक डॉक्टर शालिग्राम का निधन

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व महानगर संघचालक डॉक्टर शालिग्राम ने मंगलवार की भोर में अपने आवास मुठीगंज में अंतिम सांस ली। वह 92 वर्ष के थे। प्रांत प्रचार प्रमुख डाक्टर मुरारजी त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व महानगर संघचालक ने मुठीगंज स्थित अपने निवास पर मंगलवार को प्रातघ4-30 बजे अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे एक पुत्र तथा दो पुत्री छोड़ गए हैं। वह पिछले लगभग दो वर्षों से अस्वस्थ चल रहे थे। जीवन पर्यन्त वे सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। छात्र जीवन में ही वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने तथा तृतीय वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त किया। महानगर संघचालक के बाद लंबे समय तक विभाग कार्यकारिणी सदस्य रहे। डा़ त्रिपाठी ने बताया कि डॉक्टर शालिग्राम नगर के अच्छे डॉक्टरों में शुमार थे। मुट्ठीगंज स्थित अपने क्लीनिक में रोगियों का उपचार करते थे। प्रांत प्रचार प्रमुख ने बताया कि उनकी आयुर्वेद में गहरी दिलचस्पी थी। वह विश्व आयुर्वेद परिषद में भी सक्रिय पदाधिकारी थे तथा उसके कार्यक्रमों को आयोजित करते थे। उन्होंन 'गाव सर्वसुखप्रदा नाम से 136 पृष्ठ की एक आयुर्वेद संबंधी पुस्तक लिखी जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार में गोमूत्र के उपयोग का वर्णन किया गया है। आयुर्वेदिक औषधियों को बढ़ावा देने के लिए नैनी के पास उन्होंने आयुर्वेदिक बगीचा विकसित किया जिसमें दुर्लभ औषधीय वृक्ष एवं जड़ी बूटियों के पौधे लगाए। उनके निधन की सूचना मिलते ही संघ विचार परिवार के लोग उनकी अंतिम दर्शन के लिए मुठीगंज स्थित निवास पर पहुंचे। पूर्व प्रांत संघ चालक डॉ विश्वनाथ लाल निगम, नगर संघ चालक राजेन्द्र प्रसाद, आलोक मालवीय, नागेंद्र जी प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ मुरार जी त्रिपाठी, सतीश साहू और विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रांत अध्यक्ष के पी सिंह, नितिन जी अंशुमान सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता समेत तमाम लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक प्रगट किया है।

## एनसीपी प्रदेश महासचिव ने उपनिदेशक को शिकायती पत्र सौपा

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रबीण कुमार सिंह ने उप निर्देशक पंचायत राज लखनऊ से मुलाकात करके उन्हें शिकायती पत्र सौपा है। उन्होनें कहा कि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को कार्यालय से सम्बद्ध कर ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियमविरुद्ध प्रभार दिया गया है। उप निदेशक पचायत राज ने तत्काल दूरभाष पर बात कर जबाब तलब किया है। उनके द्वारा अवस्त किया कि तत्काल कार्यवाही होगी।

## उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर दिए हैं। प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित अपनी मासिक समीक्षा बैठक में पिछले सत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की, साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने और प्रदेश में निवेश में तेजी लाने के लिए कार्य योजना तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में उद्यमी मित्र पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश के लिहाज से पसंदीदा गंतव्य के रूप में बदलने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, राज्य सरकार और निवेशकों के बीच सेतु का काम कर रहे उद्यमी मित्रों को भी उद्योग सुगमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए। नंदी, प्रमुख सचिव आलोक कुमार और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने साथ मिलकर उद्यमी मित्र पुस्तक का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पिछले 8 वर्षों में राज्य की उल्लेखनीय औद्योगिक प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रदेश में निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करके इस गति को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने डिजिटल प्लैटफॉर्म के पढ़ते उपयोग के माध्यम से अनुमोदन में दोरी को समाप्त करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीपी) को बढ़ाने के साथ ही निवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने से निवेशकों के विश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। औद्योगिक भूमि की उपलब्धता के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि इन्वेस्ट यूपी के सीईओ को नई औद्योगिक परियोजनाओं के लिए बंद मिलों, कारखानों और चीनी मिलों की भूमि की पहचान करने और उसका पुनघ उपयोग करने के लिए एक समर्पित टीम का गठन करना चाहिए। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाने के लिए स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत किया।

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय किरण आनंद ने समीक्षा बैठक के एजेंडे की रूपरेखा प्रस्तुत की और आगामी वर्ष के लिए लक्ष्य निर्धारण की शुरुआत की। एक संरचित और रणनीतिक दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निवेश को आकर्षित करने के लिए समन्वय सबसे महत्वपूर्ण है। टीमवर्क का मतलब सिर्फ एक साथ काम करना ही नहीं बल्कि इसका मतलब है कि एक साथ बढ़ना, एक-दूसरे से सीछना और खुद को विकसित करना। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव सूर्य पाल गंगवार ने जिला स्तरीय निवेश प्रोत्साहन तंत्र को मजबूत करने को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इससे पहले सत्र में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रथमेश कुमा ने स्वागत भाषण देते हुए निवेश प्रक्रिया में शामिल सभी स्टेकहोल्डर्स, उद्यमी मित्रों और जिला उद्योग केंद्रो (डीआईसी) के बीच निर्बाध समन्वय के महत्व पर जोर दिया। बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) टीम ने भारत के सबसे बड़े सिंगल लवडो क्लीयरेंस प्लैटफॉर्म निवेश मित्र पोर्टल पर अपडेट प्रदर्शित किए। यह पोर्टल वर्तमान में 40 विभागों की 500 से अधिक सेवाएं प्रदान करता है।

निवेश मित्र 3-0 के आगामी उन्नयन को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई जो इस कैलेंडर वर्ष के अंत तक रोलआउट होने के लिए लक्षित है। इससे एक ही मंच पर इंटेंट फाइललग, क्लीयरेंस अनुमोदन, भूमि उपलब्धता, प्रोत्साहन वितरण और शिकाय निवारण जैसी सुविधाओं को एकीकृत करने में सहायता मिलेगी। बैठक के शाम के सत्र में इस्कॉन के उपाध्यक्ष स्वामी दीनदयाल कृष्ण दास ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर प्रेरक अंतर्दृष्टि साझा की, प्रतिभागियों को अनुग्रह और लचील. ेपन के साथ प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। बैठक के समापन पर इन्वेस्ट यूपी के सीईओ ने जोर देकर कहा कि उद्यमी मित्रों औक जीएम-डीआईसी अधिकारिघें को अपने मासिक और वार्षिक भूमि व निवेश प्रोत्साहन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगन से कार्य करना होगा।

## वफ्फ बोर्ड सुधार कानून के अंतर्गत जनजागरण पर हुआ सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर के तत्वावधान में बुद्धि विहार स्थित कार्यालय पर वफ्फ बोर्ड सुधार कानून के अंतर्गत जनजागरण सम्मेलन कार्यशाला हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्च के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली रहे। कुंवर बासित अली ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम बिल लागू होने के बाद देश में गरीब मुसलमानों, विधवाओं और यतीम बच्चों का भला होगा। दानदाताओं अर्थात वाकिफों ने वक्फ की संपत्तियों को गरीबों के लिए दान किया था। जमीन का जो हिस्सा वक्फ होता था वह गरीब लोगों, मदरसों, सरकारी अस्पतालों,सामाजिक कार्यों आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन इसका इस्तेमाल विशेष लोगों के लिए किया गया। वक्फ संशोधन बिल अधिनियम लागू होने के बाद वक्फ संपत्ति के मुतवल्ली को हिसाब देना होगा इस संपत्ति से कितनी आय हुई और कहां-कहां खर्च हुई। अभी तक वक्फ से होने वाली आय व खर्चों का कोई खाता बही नहीं होता था। इसलिए कहा जाता था ना खाता, ना बही जो वक्फ कहे वह सही। वक्फ की संपत्ति का अगर सही इस्तेमाल हो तो दुनिया में वक्फ से अच्छी कोई चीज नहीं है। कुंवर बासित अली ने आगे कहा कि अल्लाह के नाम पर जब कोई संपत्ति दान स्वरूप दी जाती थी तो वह वक्फ कहलाती थी। जो व्यक्ति अपनी संपत्ति दान करता था उसे उसका शवाब मिलता था। लेकिन इस वक्फ के नाम की संपत्ति का गलत इस्तेमाल हुआ। वक्फ के नाम पर लोगों से मनचाहा



किराया वसूला गया, वक्फ संपत्ति बेची गई, इस पर कब्जे हुए। इसी सबको रोकने के लिए वक्फ संशोधन कानून संसद में लाया गया और पारित कराया गया। जो वक्फ की संपत्ति को लूट रहे थे। संचालन जिला महामंत्री कमल प्रजापति ने किया। जनजागरण कार्यशाला जिला अध्यक्ष आकाश पाल, अल्पसंख्यक मोर्चे जिलाध्यक्ष नसीम खान, अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर अध्यक्ष अजीम पाशा, जहीर अहमद, सदर ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सिंह, मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव, कार्यक्रम संयोजक नवदीप टंडन, सहसंयोजक अजय वर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, जिला महामंत्री कमल प्रजापति व हरज्ञान सिंह, महानगर महामंत्री कमल गुलाटी, राहुल शर्मा, हेमराज सैनी चंदा प्रजापति, शम्मी भटनागर , सुनीता शर्मा, शशी किरण, पार्षद दल के उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई, रुचि चौधरी, कविता गुप्ता, नफीस अहमद, रईस चौधरी, मजहर अली,मतलुफ वेग, अहसान फारूकी, सलमान अंसारी, महबूब अली,गुलजार अहमद जुबेर कुरेशी,इमरान हमजा, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति,राजीव शर्मा,कपिल गुप्ता, मिथुन शर्मा, विशाल रस्तोगी,संजीव चौहान, प्रमोद शर्मा गजेंद्र पाल,आदि महानगर, मोर्चा,अल्पसंख्यक मोर्चा,प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी एवं पार्षदगण शामिल रहे।

## थाना मानिकपुर के दो आरक्षियों ने बचाई युवक की जान, परिवार ने पुलिस को किया धन्यवाद

**चित्रकूट।** बीती रात थाना मानिकपुर में तैनात आरक्षी भास्कर शुक्ला और आरक्षी अमित द्विवेदी ने अपनी सूझबूझ और तत्परता से एक युवक की जान बचाई। रात करीब 01:15 बजे, मानिकपुर के वाल्मीकि नगर में कुछ लोग भीड़ लगाए हुए थे। पूछताछ पर पता चला कि राहुल पुत्र सामदेश, निवासी वाल्मीकि नगर, अपनी पत्नी से नाराज होकर आत्महत्या करने के इरादे से अपने घर के कमरे में दरवाजा बंद कर फांसी पर लटकने का प्रयास कर रहा था। तत्काल मौके पर पहुंचे दोनों आरक्षियों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और राहुल को फांसी से उतारकर उसकी जान बचाई। युवक को सुरक्षित उसके परिवारजनों के सुपुर्द किया गया। इसके बाद परिवारजनों ने थाना मानिकपुर की पुलिस को धन्यवाद दिया।

## पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जनपद के सर्राफा व्यापारियों के साथ गोष्ठी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय फहद अली की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जनपद के सर्राफा व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में सर्राफा व्यापारियों को सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए कहा गया कि जेवरात एवं नगदी लेकर चलते समय विशेष सावधानी रखें। यथासम्भव चार पहिया वाहन का प्रयोग करें। बाइक पर अकेले नकदी व जेवर लेकर यात्रा न करें, कम से कम दो व्यक्ति साथ चलें। व्यापारियों को अपनी दुकानों में एवं दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने और सर्राफा बाजार में पूर्व की भांति चौकी व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संस्थान में कार्यरत सभी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन और चरित्र सत्यापन अवश्य कराया जाए ताकि उनकी पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त हो सके।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास में चार अभियुक्तों को चार-चार वर्ष का कारावास व जुर्माना

**चित्रकूट।** ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत थाना रैपुरा में पंजीख्रत मुकदमा के चार अभियुक्तों को माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने चार-चार वर्ष के कारावास व 15-15 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। यह सजा शंकरदयाल मिश्रा, प्रतापनारायण मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा व शिवदयाल मिश्रा, निवासी कस्बा रैपुरा को दी गई। अभियुक्तों पर आरोप था कि 30 दिसम्बर 2020 को इन्होंने सूरज उपाध्याय पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना की रिपोर्ट तत्कालीन उपनिरीक्षक शिवपूजन यादव द्वारा दर्ज की गई और 24 फरवरी 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

## गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के चार आरोपियों को सजा

**चित्रकूट।** थाना मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम हनुवा के चार आरोपियों को न्यायालय ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी पाते हुए न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 3000 का जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चल रहे ष्ऑपरेशन कन्विक्शनष के तहत इस वाद में प्रभावी पैरवी की गई। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह, पैरोकार आरक्षी धीरेन्द्र किशोर एवं सहायक अभियोजन अधिकारी सिद्धार्थ सिंह की सक्रिय भूमिका के चलते यह सजा सुनाई गई।

# मंडी निरीक्षक ने लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा, 12 हजार का वसूला जुर्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीएम राशि कृष्णा व मंडी सचिव हिम्मत सिंह के निर्देशन में सोमवार रात्रि करीब 10 बजे मंडी इंस्पेक्टर रंजीत कुमार मौर्य द्वारा सचल दल के सदस्यों के साथ नगर के अटल चौक चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान लकड़ी का ट्रक मंडी शुल्क की चोरी कर चंदौसी से बदायूं जा रहा था। चेकिंग के दौरान मंडी निरीक्षक रंजीत कुमार मौर्य ने ट्रक को पकड़ लिया। जिससे 12 हजार रुपए का जुर्माना वसूल कर ट्रक को छोड़ा गया।

मण्डी निरीक्षक रंजीत कुमार मौर्य ने बताया कि प्रवर्तन का कार्य आगे भी जारी रहेगा। बिना मंडी शुल्क दिए वाहन ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई चलती रहेगी। इस दौरान मंडी सचिव हिम्मत सिंह, मंडी निरीक्षक दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# गोदभराई में चढ़ाए जेवर वापस मांगने पर हुआ झगड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** उझानी नगर के मोहल्ला नझियाई निवासी हरदेवी पत्नी सत्य प्रकाश ने मकान बेचने पर एडवांस में तीन लाख रुपए ना देने, धोखाधड़ी से गोदभराई के बाद बेटी की शादी कहीं ओर कर देने में पांच के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में हरदेवी ने लिखा है कि तीन बर्ष पहले मोहल्ला किला खेड़ा की शोभारानी ने बेटे दिलीप के साथ मकान बेचने को सौदा किया, एडवांस में तीन लाख रुपए लिए बतौर गारंटी एक चेक दिया। दो साल तक मकान का बैनामा करने को टाल-मटोल करती रही। एक साल पहले अपनी बेटी की शादी मेरे बेटे से तय कर दी। बदांयू रोड पर एक मंदिर में गोदभराई की रस्म भी हुई जिसमें पीड़ित ने तीन लाख रुपए के जेवर चढ़ाऐं। फिर एक साल शादी को अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर टालती रही इसी दरम्यान फरवरी में पीड़ित ने चार लाख रुपए शादी करने को ओर दिए। कि बाद में वापस कर देना। आरोपी शोभा रानी , बेटी, बेटे दिलीप , रमेश, विशाल ने ना शादी की ना ही रूपये लोटाऐ। पीड़ित महिला का कहना है कि उन्होंने बेटी की शादी कहीं ओर कर दी रूपये व गोदभराई में चढ़ाएं जेवर वापस मांगने पर झगड़ा करने लगे। हरदेवी ने कोतवाली पुलिस को भी शिकायती पत्र दिया एसएसपी को भी शिकायत दर्ज कराई कहीं सुनवाई ना होने पर न्यायालय की शरण ली, माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच सबइंस्पेक्टर प्रताप सिंह को सोंपी है।

# बैरमई बुजुर्ग में चकमार्ग खाली कराकर डलवाई मिट्टी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** विकास खंड अधिकारी शैली गोविल एवं तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर तहसील की राजस्व एवं विकास खंड की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग में करीब 150 मीटर लंबे चकमार्ग पर हुए अवैध कब्जे को हटवाकर खाली कराया। बाद में मनरेगा के तहत उस पर मिट्टी का कार्य शुरु कराया। जिसके बाद ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। साथ ही कब्जा करने वाले लोगों में खासा हड़कंप मच गया है। बीडीओ ने जानकारी के देते हुए बताया क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग में कई लोगों ने एक चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया था। साथ ही उस पर मिट्टी डालने का विरोध कर रहे थे। जिसके बाद राजस्व और विकास खंड की टीम ने आज मंगलवार को करीब 150 मीटर लंबे चकमार्ग को खाली कराया। इस मौके पर नायब तहसीलदार बदन सिंह, ग्राम सचिव अशोक कुमार सिंह, अंकुर पाराशर, लेखपाल रामपाल शाक्य और मनरेगा श्रमिक मौजूद रहे।

# जायंट्स ग्रुप महिला समृद्धि ने दो कन्याओं के विवाह की निभाई जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला समृद्धि द्वारा दो जरूरतमंद परिवार की कन्याओं का विवाह कराने में सहयोग किया गया। सबसे बड़ा दान कन्यादान होता है, उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन दोनों कन्याओं के विवाह में ग्रुप के सदस्यों ने सहयोग किया। जिसके अंतर्गत उनके जरूरत का सामान दोनों कन्याओं को दिया गया। एक कन्या आई न थी इसलिए समान उसके घर भेज दिया गया। ग्रुप की अध्यक्षा अंजली अग्रवाल ने कहा कि हमारा ग्रुप इसी तरह से समाज में हर जरूरतमंद की मदद करने के लिए हर वक्त तैयार है। इस अवसर पर ग्रुप की सचिन आंचल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष ऋतु साहनी,



स्वाति गुप्ता, रूपम गुप्ता, सरिता वार्ष्णेय, ममता यादव, पारुल अग्रवाल, मानसी, शिवानी, रोचन, राखी, मेघा, स्मिता, रुबी, अंशिका, रोजी, कंचन, पिंकी, रुचि, सपना, सिम्मी, राधिका, रेनू आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों पर रहेगी जिला प्रशासन की नजर: अरुण कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम-2005 की धारा-17 के अन्तर्गत अधिनियम की धारा-13 (1) के सम्बंध में हो रहे बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह में हिस्सा लेने बाले व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही का प्राविधान किया गया है विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष एवं लड़के की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है यदि इससे कम उम्र की शादी लड़के अथवा लड़की की होती है ।

तो वह अपराध की श्रेणी मे आता है जिसके लिए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह दंण्डनीय अपराध है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों का विवाह करने पर 02 साल की जेल व एक लाख रूपये के जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे विवाह में हिस्सा लेने वाले लोगो पर भी कानूनी कार्यवाही का भी प्राविधान है। उपरोक्त के सम्बंध में जनपद में सभी शासकीय/अशासकीय/ परिषदीय एवम वित्त विहीन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बदायूं के द्वारा सर्कुलर जारी का अतिशीघ्र बाल विवाह की सूचना देने हेतु आदेशित किया गया है एवम एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, पुलिस व चाइल्डलाइन बदायूं के द्वारा



बाल विवाह रोकने एवं जागरूक करने हेतु विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रथा को रो. कने के लिए यदि किसी को बाल विवाह से सम्बंधित सूचना प्राप्त होती है या बाल विवाह होने के सम्बध में कोई सूचना देना चाहता है तो जिला प्रोबेशन अधिकारी 7518024013, जनपद बदायूँ, बाल कल्याण समिति प 9012120778, जनपद बदायूँ, एवं चाइल्डलाइन बदायूं मो0नं0 1098, 9410294945, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी 9897998304 से सम्पर्क कर बाल विवाह से सम्बंधित शिकायत को दर्ज कराया जा सकता है जिसमे शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा ।

## पूर्व सांसद डा. संघमित्रा मौर्य के आह्वान पर जनता ने सिटी मॉल बदायूं में देखी फुले फिल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बिल्सी क्षेत्र के लोगों ने पूर्व सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य के आवाह्न पर सिटी मॉल बदायूं में फुले फिल्म को देखा। विगत है कि डॉ संघमित्रा मौर्य ने सहसवान इस्लामनगर बिसौली बिल्सी शेखूपुर दातागंज के लोगों से खुद फोन करके फिल्म देखने के लिए आग्रह किया। समाजसेवी चन्द्र शेखर उर्फ टिंकू शाक्य ने बताया कि पूर्व सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य ने यह फिल्म सभी लोगों को पूर्णतय नि:शुल्क दिखाई। साथ ही उन्होंने सभी दर्शकों को महात्मा ज्योतिबा. राव फुले एवं उनकी पत्नी माता सावित्री बाई फुले उनकी सहयोगी फात्मा शेख के पद चिन्हों पर चलने को कहा। और कहा कि ऐसी महान विभूतियां जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज को सुधारने महिलाओं के हक अधिकार और शिक्षा में लगा दिया। ऐसी महान विभूतियां को सदैव अपने मस्तिष्क पटल पर विराजित रखना चाहिए।पूर्व विधायक धर्मेन्द्र शाक्य ने बताया कि फुले जी ने अपने जीवनकाल में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना किया जिसके चलते आज संपूर्ण विश्व में महिलाओं को उनका अधिकार सभी को सामान शिक्षा और वाल विवाह सती प्रथा जैसी कुरी. तियों से मुक्ति मिली है।इस दौरान सौरज शाक्य ज्ञान चन्द्र शाक्य योगी मौर्य रामबाबू मौर्य केपी शाक्य गंगासहाय मौर्य नीरज मौर्य राजाराम शाक्य रामौतार मौर्य पुनीत कुमार शाक्य के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मुंडन से लौट रहे परिवार पर हमला स्कूटी हटाने को लेकर हुआ विवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

बदायूं। आलापुर थाना क्षेत्र में मुंडन कराकर लौट रहे परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है घटना कुतरई गांव के पास की है सिमरिया निवासी अंकित अपने बेटे सुधांशु का मुंडन कराकर परिवार के साथ ट्रैक्टर ट्राली में वापस लौट रहे थे कुतरई गांव के पास प्रधान पुत्र हिलाल समेत कुछ लोगों ने स्कूटी हटाने को लेकर ट्रैक्टर रोक लिया विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने ट्रैक्टर में सवार महिलाओं के साथ मारपीट की और जेवर लूट लिए इस घटना में किरण उर्मिला सहित तीन महिलाएं घायल हुई है घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ितों को देखने पूर्व दर्जा राज मंत्री हीरालाल कश्यप घटनास्थल एवं जिला अस्पताल पहुंचे घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम लगा दिया सूचना पर ैक्डसदर मोहित सिंह और बव दातागंज के के तिवारी 7 थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझा बूझकर जाम खुलवाया पीड़ित अंकित ने हिलाल बबलू इस्तर यासीन शानू बिलाल अख्तर और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है बव के अनुसार से आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी है।

## मदर एथीना स्कूल में 'अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में आज 'अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण रंग-बिरंगी पोशाकों और उत्साहपूर्ण माहौल से सराबोर था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के शास्त्रीय और लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, भांगड़ा और गरबा जैसे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन किया।

छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी रंगीन वेशभूषा में लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर सभी ने खूब तालियाँ बजाई। विद्यालय की निदेशिका महोदया चयनिका सारस्वत ने बताया कि नृत्य एक साधना है और इसके माध्यम से व्यक्ति अपनी भावनाओं को खूबसूरती से व्यक्त कर सकता है। उन्होंने नृत्य के महळव पर प्रकाश डालते हुए ।

कहा कि यह न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक है बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को आपस में जोड़ने का भी एक सशक्त माध्यम है।

# बिल्सी में दो माह से वेतन नहीं, आंदोलन की चेतावनी के साथ संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिल्सी के विधुत उपकेंद्र पर आज संविदा कर्मियों ने दो माह से वेतन ना मिलने पर विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी के साथ प्रदर्शन किया। संविदा कर्मियों का कहना है कि दो माह से वेतन ना मिलने से बच्चों के एडमिशन, किताबें आदि के रूपये ना होने से दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। कई बार उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं मगर कोई नतीजा नहीं निकला। अब मजबूर होकर यह कदम उठाया है। फिर भी समस्या का समाधान ना हुआ तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी। इस मौके पर मंगली राम,सुवौध कुमार, विजय कुमार, राकेश कुमार, नीरज, सत्यपाल सिंह, कुंवर पाल, रतनेश कुमार महीपाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### धर्मगुरुओं ने संभाली बाल विवाह की रोकथाम की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बदायूं।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत 'संगठन काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान' ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच चलाया जागरूकता अभियान संगठन के निदेशक 'मीना सिंह' ने कहा, धर्मगुरुओं से मिला सहयोग व समर्थन अभिभूत करने वाला, इस अक्षय तृतीया जिले में नहीं होगा एक भी बाल विवाह बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के 'जनपद बदायूं उत्तर प्रदेश में सहयोगी संगठन काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान' की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। संगठन ने कहा कि यह देखते हुए कि कोई भी बाल विवाह किसी पंडित, मौलवी या पादरी जैसे पुरोहित के बिना संपन्न नहीं हो सकता, हमने उन्हें बाल विवाह के खिलाफ अभियान से जोड़ने का फैसला किया। इसके सकारात्मक नतीजों को देखते हुए हम उम्मीद कर सकते हैं इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होने पाएगा। आज जिले में तमाम मंदिरों-मस्जिदों के आगे ऐसे बोर्ड लगे हुए जिन पर स्पष्ट लिखा है कि यहां बाल विवाह की अनुमति नहीं है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से -रु39;चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया-रु39; कैम्पेन चला रहा है। जेआरसी कानूनी हस्तक्षेपों के जरिए बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में जमीन पर काम कर 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों का नेटवर्क है जिसने पिछले वर्षों में दो लाख से ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। इसके सहयोगी संगठन 'काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान' ने स्थानीय प्रशासन के साथ सहयोग व समन्वय से कानूनी हस्तक्षेपों और परिवारों एवं समुदायों को समझा-बुझा कर अकेले 2024-25 में ही जिले में '530' बाल विवाह रुकवाए हैं। यह संगठन 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु की किताब 'व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज' में सुझाई गई समग्र रणनीति पर अमल कर रहा है। 'काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान' के निदेशक 'मीना सिंह' ने कहा कि अभी भी देश में बाल विवाह के खिलाफ जरूरी जागरूकता की कमी है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसमें बाराती और लड़की के पक्ष के लोगों के अलावा कैटरर, साज-सज्जा करने वाले डेकोरेटर, हलवाई, माली, बैंड बाजा वाले, मैरेज हाल के मालिक और यहां तक कि विवाह संपन्न कराने वाले पंडित और मौलवी को भी अपराध में संलिप्त माना जाएगा और उन्हें सजा व जुर्माना हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हमने धर्मगुरुओं और पुरोहित वर्ग के बीच जागरूकता अभियान चलाने का फैसला किया क्योंकि यह वो सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है जो विवाह संपन्न कराता है। हमने उन्हें समझाया कि बाल विवाह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के साथ बलात्कार है। अठारह वर्ष से काम उम्र की किसी बच्ची से वैवाहिक संबंधों में भी यौन संबंध बनाना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत बलात्कार है। बेहद खुशी का विषय है कि आज पंडित और मौलवी इस बात को समझते हुए न सिर्फ इस अभियान को समर्थन दे रहे हैं, बल्कि खुद आगे बढ़कर बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ ले रहे हैं। यदि पुरोहित वर्ग बाल विवाह संपन्न कराने से इनकार कर दे तो देश से रातोंरात इस अपराध का सफाया हो सकता है। इस अभियान में उनके आशातीत सहयोग व समर्थन से हम अभिभूत हैं। इसको देखते हुए हमारा मानना है कि जल्द ही हम बाल विवाह मुक्त 'जनपद बदायूं (उत्तर प्रदेश)' के लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्था सचिव श्रीमती मीना सिंह संस्था समन्वयक देवेंद्र पाल सिंह, प्रोग्राम मैनेजर गंगा सिंह,काउंसलर मनाली राठौर कार्यकारी अध्यक्ष सोमा सिंह एवं बै सुनील कुमार, रूबी देवी, अनुपम, दुर्गा, अनिल कुमार उपस्थित रहे।

# बाबा स्कूल में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बेटी बचाओ और बेटी पढाओ तथा सड़क सुरक्षा-यातायात नियमई के विषय पर विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के माध्यम से बेटी को बचाना, पढ़ाना, भ्रूण हत्या का विरोध आदि सन्देश दिए। इसमें बताया गया कि बेटियों का महत्व बेटों से कम नहीं है। यातायात के नियमो का कठोरता से पालन करने के लिए कहा गया, जिसमें हेलमेट का प्रयोग, वाहन की निर्धारित गति, सीट बेल्ट बांधना, ड्राइविंग लाइसेंस होना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करना, आदि नियमों का पालन करने को कहा गया। इसमें कक्षा छह से नन्दिनी वार्ष्णेय, कक्षा सात से हर्षिता शर्मा, कक्षा आठ से अमिशी वार्ष्णेय, कक्षा 10 से तनु गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय ने सभी बच्चों की प्रशंसा की। इस मौके पर प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी, प्रशासक अमित माहेश्वरी समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## हाईवे पर कूड़ा जलाने से कई पेड़ जले, खैरी के लोगों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव खैरी के निकट बदायूं-बिजनौर हाईवे के दोनों ओर सड़क किनारे नगर पालिका परिषद द्वारा रोजाना कूड़ा कचरा डाला जाता है और फिर उसमें आग लगा दी जाती है। आग जलने से सड़क के दोनों और खड़े पेड़ों को भी काफी नुकसान हो रहा है। साथ उससे उठती दुर्गंध से लोगों का सांस लेना भी दुश्वार हो गया है। इसी से नाराज गांव खैरी के लोगों ने मंगलवाल को नगर पालिका परिषद प्रशासन के प्रदर्शन किया। जिसमें नसरत खान, मोहम्मद कासिम, चमन खान, अख्तर खान, मसरूर अली, मोहम्मद आलम, राशिद भाई, सलीम, अयाज आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर नगर की अरिहंत वृक्षारोपण समिति ने भी हरियाली को हो रहे नुकसान को बचाने के लिए तत्काल प्रशासन से सार्थक कदम उठाने के लिए एसडीएम रिपुदमन सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि हाईवे के किनारे नगर पालिका परिषद द्वारा कूड़ा कचरा डाल दिया जाता है और फिर उसमें आग लगा देने से आसपास खड़े दर्जनों पेड़ों को नुकसान हुआ है। पर्यावरण प्रदूषण भी बड़ा है जिसकी वजह से सभी लोग परेशान हैं और इस बात से भी चिंतित हैं कि नगर पालिका परिषद प्रशासन द्वारा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। समिति ने पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ पौधों को ट्री गार्ड में लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में संस्थापक अध्यक्ष प्रशांत जैन के अलावा कई अन्य प्रमुख रहे।

# एसडीएम राशि कृष्णा ने गौशाला का किया निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा ने नगर पालिका की अस्थाई गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने निराश्रित गौवंशों के लिए भूसा, पानी, हरा चारा और साफ सफाई की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसडीएम को गौशाला में निरीक्षण में 50 निराश्रित गौवंश संरक्षित पाए गए। एसडीएम ने गौवंशों की नियमित देखरेख के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने गोवंशों के ईयर टैगिंग के बारे में जानकारी ली। इस दौरान हल्का लेखपाल संदीप कुमार, नगर पालिका लिपिक जितेंद्र सिंह, हरविलास व गौशाला संरक्षक अरुण कुमार, जीतू, राहुल उपस्थिति रहे।

# धूमधाम से निकली भगवान परशुरामजी की निशान शोभायात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम सेवा समिति की ओर से आयोजित यह शोभायात्रा उघैती थाना क्षेत्र के ककराला से प्रारंभ हुई।शोभायात्रा की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन से हुई। डीजे की धुनों के साथ निकली यात्रा में कई आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इनमें राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, नाग- नागिन, काली आखाड़ा, हनुमान जी के साथ लंगूर और गोपिकाओं के साथ बाल कृष्ण की झांकियां प्रमुख थीं।यात्रा का मार्ग ककराला से शुरू होकर महजुदा, रियोनाई, खितौरा, सराय सांवल, लोथर, महानगर, उघैती, ईखखेड़ा और करियामाई होते हुए सोरहा के मंदिर प्रांगण में समाप्त हुआ। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान के प्रतीकात्मक स्वरूप पर पुष्प वर्षा की।कार्यक्रम में भगवान परशुराम सेवा समिति के राम प्रकाश पाठक, वीरेंद्र पाठक ,शिवम पाठक ,संचित पाठक, नितिन पाठक,अर्णव पाठक,रजनीश पाठक, विनीत पाठक,प्रवीण पाठक, अमित पाठक समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति के सभी सदस्यों ने शोभायात्रा के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। भगवान परशुराम जयंती समारोह सेवा समिति के तत्वावधान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शाम को ब्राह्मण धर्मशाला में भंडारा प्रसाद वितरण हुआ। कार्यक्रमों का शुभारंभ मंगलवार सुबह परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा मंडल महामंत्री अजय मिश्रा के नेतृत्व मे के दुग्ध स्नान और माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रात: 8 बजे से आचार्य रामकांत शर्मा के द्वारा मुख्य यजमान राहुल -मधु चौबे की यजमानी मे हवन यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे, मंत्री राजेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष कौशलानंद उर्फ लालन पांडेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आचार्य विश्वेश्वरी देवी एवं उनकी टीम द्वारा स्वास्ति वाचन किया गया व पंकज शर्मा द्वारा शंखनाद करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भगवान परशुराम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत एवं भगवान परशुराम की महिमा मंडित करते हुए गीतों पर अपनी सुंदर प्रस्तुति अतिथियों का मन मोहा सराहना स्वरूप अतिथियों ने नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य वक्ता ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने भगवान परशुराम के जीवन से सीख लेने की अपील की एवं समाज के लिए समानता के साथ पूर्ण रूप से समर्पित रहने का वादा किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आरके शर्मा ने कहा कि समाज के बच्चे जब खूब शिक्षित होंगे, संगठित होंगे तभी एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर होंगे। बरेली जिलाध्यक्ष गजेंद्र पांडे ने सभी आगन्तुको से निवेदन किया की वे राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य हेतु अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करे। ब्राह्मण महासभा के मुख्य वक्ता समिति के अध्यक्ष एवं ब्रज प्रदेश अध्यक्ष कौशलानंद उर्फ लालन पांडेय, प्रदेश महामन्त्री राहुल चौबे, प्रदेश मंत्री अजय मिश्र, सुरेंद्र उपाध्याय एवं समिती के अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत अध्यक्ष राम बहादुर पांडे के निर्देशन मे मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगणों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भगवान परशुराम शोभायात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुरेंद्र पांडे, राम बहादुर पांडे, कौशलानंद उर्फ लालन पांडे, अजय मिश्रा द्वारा नारियल फोडकर किया गया। इसमें स्कूली झाकियां, व्यवसायिक बैंड, काली के अखाडे, परशुराम जी के



जीवन वृंत का सुंदर चित्रण किया गया जोकि धर्मशाला से प्रारंभ होकर गोपी चौक, नेहरू चौक, हलवाई चौक, पुराना बाजार ,रजी चौक, कश्मीरी चौक गांधी ग्राउंड होते हुए भगवान परशुराम चौक होती हुई ब्राह्मण धर्मशाला पहुची तत्पश्चात सभी ने एक साथ भोज किया। शोभा यात्रा के वरिष्ठ समाज सेवियो ने जगह-जगह पर सर्व समाज के वरिष्ठ के द्वारा भगवान परशुराम के अनुयायियों द्वारा शरबत कोल्ड्रिंक एवं अन्य मिष्ठान वितरित किए।

# प्रेमिका से मिलने गए युवक को मिली तालीवानी सजा

- प्रेमी को खंभे से बांधकर पीटा
- प्रधान समेत दस लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में गोलगप्पे बेचने वाला युवक आधी रात को दूसरे समुदाय की प्रेमिका से मिलने पहुंचा तो ग्राम प्रधान की मौजूदगी में लड़की के परिजनों व ग्रामीणों ने खंभे से बांधकर बुरी तरह पीटा। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद हेड कांस्टेबल बबलू कुमार ने प्रधान व लड़की के पिता और भाई समेत 10 लोगों पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।



झांसी जिले का रहने वाला युवक पांच साल से फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव में रहकर गोलगप्पे बेचने का काम करता था। इसी दौरान उसका दूसरे समुदाय की युवती से प्रेम प्रसंग हो गया। तीन दिन पहले आधी रात को वह प्रेमिका से मिलने पहुंचा। युवती के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। गांव के चौराहे पर बिजली के खंभे से बांधकर उसे पीटना शुरू कर दिया। जब उसके सिर से खून बहने लगा तभी गांव के ही एक बुजुर्ग ने रस्सी खोली। इसके बाद युवक वहां से चला गया।

### तीन दिन बाद वायरल हुआ घटना का वीडियो

आरोपियों ने गांव में दोबारा दिखने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। ग्रामीणों के अनुसार उस वक्त घटना की जानकारी होने पर कुछ पुलिसकर्मी गांव पहुंचे थे और जांच भी की, लेकिन तब मामला शांत करा दिया गया। घटना के तीन दिन बाद घटना का वीडियो वायरल हुआ। उसके बाद पुलिस के अधिकारियों ने संज्ञान लिया, तब फरीदपुर थाना पुलिस सक्रिय हुई और जांच पड़ताल की। फरीदपुर थाने के हेड कांस्टेबल ने पांच नामजद लोगों सहित 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरा. पी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## पत्नी से झगड़े के बाद फंदे पर झूला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी मोहल्ले की सिंघाड़े वाली गली में एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान 34 वर्षीय रविंद्र कुमार के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार रविंद्र का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर काफी विवाद हो गया। जिसके चलते रविंद्र ने गुस्से में आकर सोमवार की देर रात घर के एक कमरे में साड़ी के सहारे पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

जब परिजनों ने रविंद्र को काफी देर तक बाहर न आते देखा तो दरवा. जा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां उसे फंदे पर लटका पाया गया। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आगामी 10 मई दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के दिशा-निर्देशन में जनपद न्यायालय, बरेली सभागार में समस्त बैंक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का संचालन अपर जनपद न्यायाधीश निकुन्ज मित्तल, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली द्वारा किया गया। नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा बैंक के अधिकारियों को लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करने हेतु दिशा निर्देश दिए गये तथा ज्यादा से ज्यादा वादों के सफल निस्तारण कराने पर जोर दिया। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली सुरेश कुमार दुबे ने बताया कि सभी बैंकों से आये अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए गये वादों की जानकारी एकत्र की, साथ ही चिन्हित किये गये वादों में ज्यादा से ज्यादा नोटिस प्रेषित किये जाने



हेतु निर्देश जारी किये गए। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है, जो शहर के अलग-अलग स्थानों पर जाकर लोक अदालत का प्रचार कर रहे हैं, और आम जनता को लोक अदालत के लाभ बता रहे हैं।

बैठक में लीड बैंक मैनेजर वी.के. अरोड़ा, पंजाब नेशनल बैंक से मदन लाल, यूनियन बैंक से कुलदीप सिंह, केनरा बैंक से अरुण कुमार सिंह, इण्डियन बैंक से अनुज कुमार, एचडीएफसी बैंक से निशान्त चौधरी, बड़ौदा यूपी बैंक से शरद गंगवार आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# देवरनियां में नहीं थम रहा अवैध खनन

- रिछा चौकी क्षेत्र में बेखौफ दौड़ रहीं मिट्टी भरी ट्रालियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां इलाके में अवैध खनन वे रोक-टोक जारी है। पुलिस चौकी रिछा क्षेत्र में दिनद्द में अवैध खनन कर मिट्टी भरी ट्रालियां दौड़ रही हैं, और पुलिस इस तरफ से आंखे मूंदे बैठी है।

यूं तो देवरनियां इलाके में बड़े पैमाने पर जेसीबी से अवैध खनन काफी दिनों से किया जा रहा है, गांव पखुर्नी से मिट्टी लाकर देवरनियां में डाली जा रही है। तमाम शिकायतों



और ग्रामीणों के विरोध कर खनन माफियाओं को खदेड़ने के बावजूद भी अवैध खनन नहीं थमा। अब कोतवाली की पुलिस चौकी रिछा क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। गांव मंगदपुर के जंगल से मिट्टी लाकर रिछा के आसपास डाली जा रही है। मिट्टी भरी ट्रालियां दिन तक में रिछा-जहानाबाद मार्ग पर दौड़ती नजर आ जाएगीं।

रोड पर डायल 112 और चौकी पुलिस इस तरफ से अंजान बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार चौकी पुलिस और डायल 112 की जानकारी में है, अवैध खनन इसलिए पुलिस अंजान बनी हुई है। इस बाबत एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव का कहना है कि अवैध खनन किसी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा, जांच कर बंद कराया जाएगा।

# रोडवेज बस की टक्टर से युवक की मौत

- सास को देखकर बाइक में युवक लौट रहा था घर
- पत्नी बाल बाल बची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखकर लौट रहे पुत्र की बाइक को रोड़वेज बस ने पीछे से टक्टर मार दी, जिसमें पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी बाल बाल बच गई।

नजदीकी गांव ईंधजागीर के रहने वाले उमाचरन गंगवार का 30 वर्षीय पुत्र सत्यदेव उर्फ संजू मंगलवार को अपनी पत्नी सुमन के साथ बरेली



अस्पताल में भर्ती अपनी सास राम. वती को देखकर घर लौट रहा था कि रिछोला किफायतुल्ला स्थित पुलिस चौकी के सामने पीछे से तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे संजू की पत्नी उछलकर दूर जा गिरी, और संजू का सर रोडवेज बस के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक सवार दम्पत्ति को टक्कर मारने के बाद रोडवेज की बस को चालक लेकर पीलीभीत की ओर ले भागा, लोगों ने उसका शाही पुलिस चौकी तक पीछा किया, लेकिन वह हाथ नहीं लग पाया। बताया जाता है कि बस पीलीभीत डिपो की है।

घटना से जहां संजू के परिजनों बेटी शगुन, बेटा अजीत का रो-रोकर बुरा हाल है, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## एक नजर

### युवक किशोरी को बहला फुसलाकर लेकर हुआ फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिकायत के बाद पुलिस तलाश में जुटी**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र से एक युवक एक किशोरी को बहला फुसला कर भगाकर ले गया।पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके दोनो की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र से किशोरी मार्केट में समान खरीदने आई थी।सोमवार को आकाश नाम का एक युवक उसे वहला फुसलाकर कहीं ले गया।शाम तक जब किशोरी घर वापस नही आई।तब परिजनों को चिंता हुई।तलाश करने के दौरान किसी ने उनको बताया कि आकाश नाम का युवक उसे अपने साथ ले गया है।किशोरी के पिता ने बताया कि उन्होंने किशोरी की शादी भी तय कर दी है।युवक पिछले काफी समय से किशोरी पर शादी से इनकार करने का दबाव बना रहा था।पर उसके कहने से उनकी बेटी ने शादी से इनकार नहीं किया।आरोप है कि युवक उनकी बेटी को दबाव डालकर ले गया है।उनकी तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।फिलहाल दोनो फरार है। और पुलिस तलाश में जुट गई है।

### बरेली में बजरंग दल का प्रदर्शन पाकिस्तान का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में बरेली में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट बरेली को सौंपा। इस मोके पर पाकिस्तान पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने नारेबा. जी और उसका पुतला फूंका।



कार्यकर्ता हाथों में झंडे और पोस्टर लेकर शहर की सड़कों पर उतरे और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद बंद करो, जैसे नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहाँ उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया।बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। अब समय आ गया है कि उसे आतंकवाद के समर्थन की कीमत चुकानी पड़े। उन्होंने केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें आतंकवाद पर रोक लगाने और पाकिस्तान से राजनयिक संबंधों की समीक्षा करने की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान संजय शर्मा, मुकेश शर्मा, मोहित, कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

# उर्से ताजुश्शरिया को लेकर बैठक संपन्न

- साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में आयोजित हो उर्स
- समस्त संबंधित विभाग समय से व्यवस्थाओं को करें पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उर्से ताजुश्शरिया को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण परिवेश में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आयोजकों द्वारा अवगत कराया गया कि 04 व 05 मई को उर्से ताजुश्शरिया आयोजित होगा, जिसमें लगभग 10 से 12 लाख जायरीनों के आने की उम्मीद है।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उर्स की समस्त व्यवस्थाओं और बेहतर आयोजन के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी





समय से लगा दी जाए तथा मौके पर जाकर फुल ड्रेस रिहर्सल भी कर ली जाए। समस्त अधिकारी अपने विभाग से सम्बंधित तैयारियां समय से कर लें। उर्स का आयोजन साम्प्रदायिक सौहार्द व सामाजिक समरसता पूर्ण वातावरण में किया जाए। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले जायरीन जब बरेली से जाएं तो अच्छी स्मृतियों के साथ जाएं। आयोजकों को निर्देश दिए गए कि वालंटियर की ड्यूटी मय आईडी कार्ड के लगायी जाए। रूट चार्ट तैयार किया जाए, साथ ही ले आउट भी सभी सम्बंधित अधिकारियों के पास होना चाहिए कि रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड से आने वाले जायरिनों को आयोजन स्थल तक जाने का रूट मैप क्या होगा। बैठक में आयोजकों द्वारा उर्स स्थल को सैनेटाइज कराने, मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था, पानी की टोटियां, साफ-सफाई, फांगिग, पानी के टैंक, कूडेघ्दान, चूना छिड़काव, हैण्डपम्प, बैरिकेटिंग आदि व्यवस्थाएं कराए जाने हेतु प्रशासन से अनुरोध किया। इसी प्रकार उर्स स्थल पर विद्युत सम्बंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा विद्युत फाल्ट ठीक करने हेतु विद्युत कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु भी अनुरोध किया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग से मथुरापुर से सीबीगंज रोड को ठीक कराने हेतु अपेक्षा की गई।

बैठक में अग्निशमन की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था तथा मिनी बाईपास से झुमका तिराहे तक ट्रैफिक, पार्किंग व्यवस्था आदि के सम्बंध में चर्चा की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर ने आयोजकों से वालंटियर व आयोज. कों की सूची तथा आयोजन का लेआउट उपलब्ध कराने हेतु कहा, जिससे तदनुरूप पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जा सके व अन्य व्यवस्थाएं करायी जा सकें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट ग्रामोद्योग इकाईयों को किया जाएगा पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 हेतु विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी अर्थात 01.04. 2022 से पूर्व वित्त पोषित एवं स्थापित ग्रामोद्योग इकाईयाँ जो निरंतर कार्यरत हैं और उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं, उन इकाईयों हेतु पुरस्कार योजनान्तर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित कर सकते हैं।

आवेदन पत्र में इकाई का नाम व पता एवं मोबाइल नम्बर, योजना का नाम, उद्योग का नाम, उत्पाद का नाम/प्रकार, वित्तपोषण का वर्ष, बैंक द्वारा वितरित धनराशि, वित्तीय वर्ष, उत्पादन, बिक्री एवं रोजगार सृजन के विवरण सहित आवेदन पत्र कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, बरेली को प्रेषण की अन्तिम तिथि 10 मई 2025 निर्धारित है।

जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित उद्यमियों को मण्डल स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के उद्यमियों को पुरस्कार की धनराशि क्रमशः रू0 15,000/-, 12,000/- एवं 10,000/- के साथ प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्राविधान है। उद्यमियों के चयन प्रक्रिया का निर्धारण न्यूनतम पूंजी निवेश पर अधिकतम रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयों के आधार पर किया जायेगा।

गत वर्षों में जिन उद्यमियों को पुरस्कार प्राप्त हुये हैं उन उद्यमियों के आवेदन पत्र पुनः स्वीकार नहीं होंगे। इच्छुक उद्यमी निर्धारित तिथि 10 मई 2025 की सायं 05:00 बजे तक अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35 यू/4ए रामपुर बाग, बरेली में जमा करा सकते हैं।

# मंदिर से जुड़े मकान के फर्जी दस्तावेजों से मुस्लिम संप्रदाय से बिक्री का आरोप



- स्थानीय लोगोंने डीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के कटियाकुईया मोहल्ले में स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर से जुड़ा विवाद सामने आया है। मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाया है कि मंदिर की देख रेख करने वाले परिवार ने षड्यंत्र पूर्वक मंदिर से संबंधित मकान को फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति को बेचने का प्रयास किया है। इस संबंध में स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस प्राचीन शिव मंदिर की देख भाल के लिए पूर्व में स्वर्गीय होरीलाल गुप्ता को सभी मोहल्लेवासियों और पूर्व मालकिन की सहमति से नियुक्त किया गया था। मंदिर की सेवा और देख भाल हेतु उन्हें मंदिर के ठीक सामने एक मकान प्रदान किया गया था, जिसमें वे अपने परिवार के साथ नियमित रूप से निवास करते रहे। स्वर्गीय होरीलाल गुप्ता के निधन के बाद उनके पुत्र जयदयाल गुप्ता और पोते सोनू गुप्ता उस मकान में रहकर मंदिर की देख रेख का कार्य संभालते रहे, जिस पर मोहल्ले के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं थी। यह व्यवस्था पूरी तरह समाज एवं मोहल्ले की सहमति से संचालित होती रही। क्षेत्रवासी महिलाओं का आरोप है कि हाल ही में यह जानकारी मिली कि जयदयाल गुप्ता और उनके पुत्र सोनू गुप्ता ने षड्यंत्र पूर्वक मकान के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए और उसे मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति को बेचने का प्रयास किया। इस घटना से मोहल्ले में रोष व्याप्त है। इस मौके पर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे प्रमुख लोगों में किरण माया देवी, नीरज, उषा, संतोष, राधा देवी, मीनू गुप्ता, रीता और सरिता आदि शामिल रहे। सभी ने प्रशासन से मांग की कि मंदिर से संबंधित संपत्ति की रक्षा की जाए, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मी को वरिष्ठ लिपिक बनाए जाने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, आज सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दस दिनों पहले नगर पालिका परिषद अध्यक्षा प्रेमलता राठौर ने वरिष्ठ लिपिक का पटल बदलते हुए नगर पालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मी को वरिष्ठ लिपिक का चार्ज सौंपे जाने का आदेश जारी किया था, पालिका अध्यक्ष के इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है जिसमें आज बुधवार को कोर्ट सुनवाई करेगा।

परिषद के कुछ सभासदों द्वारा नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए विगत दिनों हुई बोर्ड की बैठक में वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल को पद से हटाए जाने की मांग की थी, जिसपर 17 अप्रैल को नगर पालिका परिषद अध्यक्षा प्रेमलता राठौर ने सुरेश पाल को उनके पद (वरिष्ठ लिपिक) से हटाते हुए परिषद के चतुर्थ श्रेणी कर्मी धीरेंद्र कुमार (डीके) को वरिष्ठ लिपिक बनाए जाने के आदेश जारी किए थे। इसके साथ ही सुरेश पाल को उनके मूल पद (नायब मुहर्रिर) पर भेजे जाने के आदेश जारी किए थे। पालि. का अध्यक्षा के इस आदेश को सुरेश पाल ने हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए आदेश को निरस्त किए जाने की गुहार लगाई है।

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सैय्यद वाजिद अली द्वारा दायर की गई इस याचिका में प्रदेश सरकार के साथ ही नगर पालिका और ईओ को पक्षकार बनाया गया है, दायर की गई इस याचिका में आज बुधवार को कोर्ट सुनवाई करेगा।

### 24 दिन बाद ही ईओ का हुआ तबादला, रतन लाल नए ईओ

जिला हरदोई की शाहबाद नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रतन लाल को जहां शासन ने नगर पालिका परिषद नवाबगंज का अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया है, वहीं अभी तक ईओ रही शशि प्रभा चौधरी को नगर पालिका परिषद बहेड़ी का ईओ बनाया गया है।

मात्र 24 दिन तक ईओ रहीं शशि प्रभा चौधरी भी हरदोई की बिलग्राम नगर पालिका परिषद से ट्रांसफर होकर यहां आईं थीं। प्रदेश सरकार के विशेष सचिव उदयभान त्रिपाठी द्वारा जारी किए गए आदेशों में तत्काल ही नए तैनाती स्थल पर पदभार ग्रहण कर इसकी रिपोर्ट शासन को भेजे जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

# सोमपाल हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा



- भाई-भाभी और भतीजों ने ली थी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सिरौली के सोमपाल हत्याकांड का मंगलवार को खुलासा हो गया। एसपी दक्षिणी ने प्रेसवार्ता में सोमपाल के भाई-भाभी व दो भतीजों को पेश कर बताया कि इन लोगों को खतरा सता रहा था कि सोमपाल अपने हिस्से की जमीन बेचकर या लोन लेकर उन्हें कंगाल न बना दे, इसलिए साजिश के तहत गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। रिश्तेदार महिला समेत चारों को जेल भेज दिया गया।

25 अप्रैल की रात को सिरौली थाना क्षेत्र के गांव नुसरतगंज निवासी सोमपाल की उनके घर में सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोमपाल के बड़े भाई रामपाल ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट पंजीकृत कराई थी। घटना के बाद से ही पुलिस संपत्ति विवाद मानकर चल रही थी। पुलिस लाइन में खुलासे के दौरान एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में परिवार के अलावा आसपास के करीब दस लोगों के बयान दर्ज किए थे। परिजनों के मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर लगाने के साथ ही साक्ष्य मिले तो कई महिलाओं से पूछताछ की गई। तब जाकर मामला खुल पाया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी करके चारों आरोपी गिरफ्तार कर लिए। इनमें सोमपाल के भाई विजेंद्र, उसकी पत्नी भगवान देवी, सोमपाल के दूसरे भाई रामपाल के दो बेटे धर्मेंद्र व अमरपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### भतीजे ने मारी थी गोली

आरोपियों ने बताया कि वह चाहते थे कि उनके परिवार की जमीन दूसरे लोग न लें। जमीन बचाने के लिए उन्होंने सोमपाल पर दबाव बनाया तब भी वह नहीं माना। परि. जनों ने बताया कि सोमपाल ने कई बैंकों से कर्जा लेकर खर्च कर लिया था। उन लोगों को लग रहा था कि सोमपाल अपने जीवित रहते ही अपने हिस्से की सारी जमीन बेच जाएगा और बैंकों का कर्ज उन लोगों चुकाना पड़ेगा। तब चारों ने योजना बना ली। शुक्रवार की रात जब सोमपाल सो रहा था तो भतीजे धर्मेंद्र ने उसे गोली मार दी।

# मंदिर की संपत्ति पर कब्जे का मामला पहुंचा डीएम दरबार

- महंत ने एक व्यक्ति पर मंदिर की संपत्ति पर कब्जा करने के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** कोतवाली थाना क्षेत्र के महंत ने एक व्यक्ति पर मंदिर की संपत्ति पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए डीएम दफ्तर में शिकायत की है। शिकायत महंत सोव. रन ने बताया कि 22 जनवरी 2025 से भगवान जगन्नाथ मंदिर की पूजा अर्चना एवं उसकी सम्पत्ति की देख भाल कर रहे हैं, लेकिन इसी बीच



शहर के एक चर्चित मंदिर सम्पत्ति भू-माफियां और उसके समूह में शामिल लोग आ धमके और मंदिर की पूजा अर्चना में व्यवधान उत्पन्न करने लगे, साथ ही मंदिर एवं उसकी सम्पत्ति पर अपना दावा ठोकने लगे। आरोपियों ने उनके गुरू स्व० महंत राम नारायन दास की सत्रहवीं भण्डारा का आयोजन नहीं करने दिया, विरोध करने पर उसने प्रार्थी व वहाँ मौजूद अन्य सेवादारों के साथ मारपीट की, गाली गलौज की व जान से मारने की धमकी दी। आरोपी 05 अक्टूबर 2022 से मंदिर परिसर में गृहस्थ है। वहीं आरोपी ने 06 अक्टूबर 2022 को यह सन्यासी पोशाक धारण को जनमानस को आर्शीवाद प्रदान कर रहा है। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि आरोपी एक गृहस्थ व सामाजिक व्यक्ति हैं जो कि आपने आपको साधु बताते हुए आजकल मंदिरों एवं उसकी सम्पत्ति पर कब्जा करने का अभयस्त व्यक्ति है। वह एक संगठन को अपने साथ शामिल करके भगवान जगन्नाथ मंदिर की सम्पत्ति को खुर्द बुर्द करने की कोशिश कर रहा है जिसका मंदिर के आसपास स्थित लोगों के द्वारा विरोध किया गया तो वह भोला भाला सन्यासी व मंदिर का सेवादार बनकर मंदिर में धर्मशाला हेतु सुरक्षित जगह पर देवस्थापना करने का प्रयास कर रहा है, जिसका जोर-शोर से प्रचार-प्रसार भी कर रहा है जिससे कि लोग उसके प्रति मंदिर सेवादार होने का विश्वास स्थापित कर सके और वह धर्मशाला के लिए सुरक्षित स्थान भूमि को खुर्द-बुर्द कर सके। इस मौके पर शिकायतकर्ता सोवरन दास ने डीएम बरेली से जगन्नाथ भगवान मंदिर स्थित देवस्थापना कार्यक्रम व धर्मशाला की भूमि को खुर्द बुर्द रोके जाने के आदेश देने की गुहार लगाई है।

# जिले के 442 बेसिक स्कूलों ने नहीं अपलोड किया डाटा, समाप्त हो सकती है मान्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सरकार की ओर से यू-डायस पोर्टल पर सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को अपना रजिस्ट्रेशन करना है और उसमें सभी जानकारियों को भरना है। इसके लिए पिछले लंबे समय से विभाग की ओर से स्कूलों को पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। इसके बाद भी अभी बरेली जिले के 442 स्कूलों की लाप. रवाही सामने आई है। दरअसल, स्कूलों की ओर से यू डायस पोर्टल पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से मांगी जाने वाली अनिवार्य जानकारी नहीं दी जा रही है। इसमें करीब 305 स्कूलों ने अभी तक पोर्टल पर प्रोफाइल बनाकर ही छोड़ दी है। वहीं 137 स्कूलों ने अभी अधूरा डाटा ही अपलोड किया है। ऐसे में विभाग की ओर से लापरवाही में सुधार करने के लिए 30 अप्रैल तक सभी स्कूलों को डाटा अपलोड करना ही होगा। इसके बाद चिह्नित कर ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं एक स्कूल संचालक ने बताया कि कई विद्यालयों में बच्चों के आधार कार्ड न होने व किसी प्रकार की गलती होने के कारण डाटा साइट पर पूरा नहीं भरा जा सका होगा। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल तक सभी स्कूलों को डाटा पूरा अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न होने पर मान्यता भी समाप्त हो सकती है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# भारत विकास परिषद रामपुर के सदस्यों ने पुष्प अर्पण कर दी अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि

( हरमेश भाटिया )
शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** बुधवार को भारत विकास परिषद रामपुर की मुख्य शाखा, संकल्प शाखा और महिला भारती शाखा के सभी सदस्य गाँधी समाधी पर एकत्र हुए। सदस्य पहलगाम मे हुए अमानवीय आतंकवादी घटना मे शहीद हुए लोगो को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए। मुख्य शाखा के अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने बताया की पहलगांव मे हुए इस घटनाक्रम को लेकर सभी सदस्यो मे रोष है और वो सभी शहीद लोगो के परिवार के साथ है, उन्होंने कहा पूरा देश उनके साथ है। बुधवार को सभी सदस्यो ने शहीद हुए लोगो की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और पुष्प अर्पण किये। संकल्प शाखा के अध्यक्ष सी ए सजल अग्रवाल ने बताया की भारत विकास परिषद के सभी सदस्य ग्रह मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्राचार के माध्यम से अपना रोष व्यक्त करेंगे और अपील करेंगे की जो भी लोग इस घटना के पीछे है चाहे वो देश के अंदर के लोग है या देश के बाहर के सभी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। महिला भारती शाखा




की अध्यक्षा अनीता वैश्य ने कहा गैर कानूनी घुसपेठ पर भी रोक लगनी चाहिए और एक ही बार मे पूरे देश मे अभियान चलाकर घुसपेठियो को बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए. कार्यक्रम मे अनीता वैश्य, रविंद्र गुप्ता, माधव गुप्ता, विनोद कुमार, अर्पित खंडेलवाल, मीनू चावला, शिवानी गुप्ता, गीतिका गुप्ता, पुर्ल. कत अग्रवाल, अतुल गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रशाली अग्रवाल, लगभग 90-95 लोग उपस्तिथ रहे।

## रामपुर में दुकानदार रशीद खां की हार्ट अटैक से मौत

# एक दिन पहले अतिक्रमण में टूटी थी शॉकर की दुकान, परिवार में कोहराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शहर में दुकानदार रशीद खां की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रशीद खां की एक दिन पहले अतिक्रमण में सिविल लाइंस में शॉकर रिपेयर की दुकान टूटी थी। नगर पालिका प्रशासन ने अवैध दुकानें कोर्ट के आदेश पर तोड़ी हैं। इन्तेकाल से परिवार और सगे संबंधियों में गम और मायूसी है।

जिले के पॉश इलाके सिविल लाइंस में राम रहीम पुल के किनारे की 40 दुकानों पर कल सुबह सोमवार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। नगर पालिका ने इन दुकानों को अतिक्रमण और अवैध बताते हुए जेसीबी चलाई है। दुकानें करीब 50 साल से गन्ना समिति के कार्यालय के बाहर संचालित थीं। नगर पालि. का ने शासन के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इन दुकानों को अतिक्रमण का हिस्सा बताते हुए हटाने का निर्णय लिया था। दुक. ानदारों से खाली करने को कहने पर उन्होंने विरोध शुरू कर दिया था। व्यापारियों ने भी इसका जमकर विरोध किया था, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद दुकानदार



मृतक दुकानदार रशीद खॉ का फाइल फाटो

कोर्ट की शरण में गए थे। पिछले दिनों कोर्ट से नगर पालिका के पक्ष में फैसला आ गया था। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माने और दुक. ानदारों ने सेशन कोर्ट में अपील दायर की, लेकिन वहां निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा गया। इसपर सोमवार सुबह साढ़े पांच बजे शहर पालिका 15 जेसीबी लेकर पुलिस बल के साथ मौके पर गई। सुबह से ही दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इससे दुकानदारों में बड़ी मायूसी है। आज थाना गंज के मोहल्ला घेर निहालुद्दीन खां के रहने वाले रशीद खां का इन्तेकाल हो गया। उनके परिजनों ने बताया कि उन्हें हल्की फुल्की बीमारी की शिकायत थी, जिसका वह इलाज करा रहे थे। इस दौरान उनकी देहली शॉकर हाउस रिपेयर नाम से दुकान को भी जमीदोज कर दिया गया। परिजनों शहाब खां और रेहान खां के मुताबिक दुकान टूटने का सदमा वह बर्दाश्त नहीं कर सके, हालांकि परिवार वालों ने अभी कोई शिकायत नहीं की है। परिवार में गम और मायूसी का माहौल है। उनके दो बच्चे हैं।

### इससे पहले भी दुकान टूटने पर दुकानदार का हुआ था इन्तेकाल

इससे पहले इन्हीं दुकानों के पास श्रम विभाग के सामने राधा मोड़ किनारे दुकानें नगर पालिका ने तोड़ी थीं। इसको भी अवैध करार देकर तोड़ा गया था। इसमें भी कुर्बान अली की शॉकर की दुकान थी। इन दुकानों को भी तोड़े जाने पर दुकानदार कुर्बान अली की सदमे से मौत हुई थी। इसको लेकर व्यापारी संगठन ने काफी हंगामा खड़ा किया था। नगर पालिका गेट पर धरना प्रदर्शन किया था।

# अहिच्छत्र में समतापूर्ण हुई आर्यिका 105 दर्शनप्रभा माता की समाधि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार की रात्रि जैन समाज के लिए एक अति अनुमा. ेदनीय क्षण लेकर आई, जब पूज्य 105 आर्यिका दर्शनप्रभा माताजी ने सोमवार की रात्रि 4:05 बजे णमो. कार महामंत्र एवं भक्ति पाठ के मध्य अंतर्मना 108 आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के मार्गदर्शन में समाधि ग्रहण कर ली।

पूज्य माताजी ने अपने इस लक्ष्य की समतापूर्ण प्राप्ति अहिच्छत्र में अपनी प्रवास स्थली पर की।

समाधि के समय प्रवर्तक मुनि 108 सहज सागर महाराज, निर्यापक मुनि 108 नवपदम सागर महाराज, क्षुल्लक अन्वय सागर , क्षुल्लिका वचनप्रभा , व्रतप्रभा , एवं धर्मप्रभा आदि माताजी के निकट उपस्थित



रहीं। उनकी उपस्थिति में माताजी ने समतापूर्ण समाधि प्राप्त की, जो जैन समाज के लिए बड़े ही गौरव की बात है। अंतिम संस्कार डोल यात्रा के माध्यम से की प्रात: 10:30 बजे आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के अनुयायी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। माताजी के अनुयायी और श्रद्धालु उनकी स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। माताजी की शिक्षाओं और उनके जीवन के आदर्शों को स्मरण करते हुए, समाज उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा। आचार्य प्रसन्न सागर के मार्गदर्शन में माताजी ने अपना जीवन जैन धर्म की शिक्षाओं के अनुसार व्यतीत किया था। उनकी समाधि जैन समाज के लिए अत्यंत अनुमोदनीय है। सभी धर्मानुरागियों के जीवन में उनकी विरासत और शिक्षाएँ हमेशा जीवित रहेंगी।

# चाऊपुरा-सितारामपुर मार्ग पर निर्माणधीन आरसीसी में मिली खामियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** चाऊपुरा-सीता रामपुर मार्ग पर निर्माणाधीन रिनफोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) सड़क के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर (जेई) द्वारा किए गए निरीक्षण में सड़क निर्माण में कई खामियां पाई गईं, जिसके बाद ठेकेदार और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। जेई की जांच में पाया गया कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। मार्ग के समतल में कमी पाई गई है नगर पालिका जेई उमेश कुमार ने जांच में पाई खामियों को उजागर करते हुए ठेकेदार को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए हैं।



## नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में चार पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/ रामपुर।** शाहबाद थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले नाबालिग किशोरी के पिता ने उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में नामजद चार के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में नाबालिग किशोरी के पिता का आरोप है कि दिनांक 26/04/25 समय करीब 4 बजे सुवह की बात है । उसकी 17 वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाला मुस्लिम पुत्र सुलेमान बहला-फुसलाकर भगा ले गया । भगा ले जाने में सुलेमान पुत्र नरूल्ला शाह (पिता) जैहरा पुत्री सुलेमान (बहन), हासिम पुत्र हनिफ का सहयोग रहा है। प्रार्थी ने अपनी बेटी को तलाश किया नहीं मिली। शाहबाद पुलिस ने नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को मोहल्ला कस्सावान थाना शाहबाद जिला रामपुर के रहने वाले 40 वर्षीय वारंटी अकरम पुत्र सद्दीक कुरैशी को उप निरीक्षक आदेश कुमार ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी कांस्टेबल अनुज कुमार के साथ आरोपी वारंटी को वाद सं0 1257/20 धारा 3/5क/8 सीएस एक्ट व 3/11 पशु क्रूरता अधि. न्यायालय ।ब्श्रड-01 रामपुर में नियत दिनांक 29.04. 2025, तथा सम्बन्धित वाद सं0 854/15 मु.अ.सं. 135/15 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट न्यायालय ACJM-01 रामपुर में नियत दिनांक 29.04.2025 को उसके मकान से गिरफ्तार कर विधि कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

( मो.फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने नगर में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सोमवार की देर शाम स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल, स्वार क्षेत्र अधिकारी अतुल कुमार पांडे, मसवासी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला व उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने दलबल के साथ नगर में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पैदल मार्च नगर के मोहल्ला चाउपुरा भूबरा मैंन बाजार मोहल्ला इस्लामनगर चांद मस्जिद समेत कई मोहल्ले में घूम कर पुलिस चौकी वापस हो गया



क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार पांडे ने बताया की पैदल मार्च सुरक्षा की दृष्टि से किया गया है और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखना और स्थानीय पुलिस को चौकसी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाइकों की टक्कर में पति पत्नी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** शादी समारोह मे बाइक से जारहे पती पत्नी को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको नगर के अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती कराया है। वहीं बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है दीपू देवल अपनी पत्नी डिंपल देवल के साथ मोटरसाइकिल से शादी समारोह मे जा रहा था कि बिजारखाता मसवासी मार्ग पर मदरसे के के करीब पल्सर बाइक सवार ने दीपू देवल की मोटरसाइकिल मे पीछे जोर दार टक्कर मार दी जिसमे पती पत्नी गंभीर रूप घायल हो गए। टक्कर लगते ही घटनास्थल पर लोगो की भीड़ जमा होगई सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को नगर के एक प्राइवेट अस्पताल मे भर्ती कराया है।

# रामपुर शहर पालिका के सैनिटरी इंस्पेक्टर ने दिखाई दबंगई

## मीडिया पर भड़के, छीना कैमरा, कहा मीडिया ब्लैकमेलर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शहर में नगर पालिका ने मनमाने तरीके से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रही है। इस दौरान किसी पर जुर्माना तो किसी को माफी दे दी गई। इसपर मीडिया द्वारा सवाल पूछने पर सैनिटरी इंस्पेक्टर भड़क गए। कैमरा छीनते हुए मीडिया को ब्लैकमेलर तक कह दिया। जिले में पिछले कई दिनों से नगर पालिका के इर्द गिर्द ही जबरदस्त अतिक्रमण होने की शिकायतें मिल रहीं हैं। इस पर नगर पालिका अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति कर देती है। आज नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इसमें ज्यादातर लोगों का अतिक्रमण हटाया गया। शाहबाद गेट से लेकर आरिफ सिद्दीकी चौराहे तक अतिक्रमण



हटाया गया। इस दौरान कुछ लोगों का अतिक्रमण छोड़ दिया गया। वहीं नगर पालिका के ईओ की गाड़ी में मौजूद सैनिटरी इंस्पेक्टर अविनाश से जुर्माने के बाबत पूछा गया तो वह भड़क गए। साथ ही कुछ भी जानकारी नहीं देते हुए कैमरा छीनने का प्रयास किया। साथ ही मीडिया को ब्लैक मेलर तक कह डाला। इसके अलावा भी सैनिटरी इंस्पेक्टर अविनाश ने जमकर बदतमीजी की। वहीं इस मामले पर नगर पालिका ईओ से बात करने की कोशिश की तो उनका हमेशा की तरह नंबर नॉट रीचएबल बताता रहा।

# परशुराम जयंती पर बुजुर्गों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** परशुराम जयंती के पावन अवसर पर समाज के प्रेरक स्तम्भ रहे श्रेष्ठ बुजुर्गों को सम्मान देने की भावना के दृष्टिगत नई परम्परा का श्री गणेश करते हुए भारत रत्न गौरव सम्मान से विभूषित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.चन्द्रप्रकाश शर्मा ने समाजसेवी व भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोदकुमार सक्सेना, श्री ब्राह्मण सभा के नगर अध्यक्ष विवेक शुक्ला के साथ वयोवृद्ध व समाज में श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रख्यात 90 वर्षीय वैद्य मनोहर लाल शर्मा के आवास जाकर उनका माल्यार्पण कर,शाल उढ़ाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत व अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें अपने पर्व व त्यौहारों पर समाजसेवी,किसी क्षेत्र में प्रख्यात अपने बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए, उनके समाजोपयोगी कार्यों को जानकर उसकी प्रशंसा करनी चाहिए और उनके विचारों व कार्यों को आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए । साहित्यकार डॉ.शर्मा ने कहा कि वैद्य जी द्वारा किये गये कार्य अविस्मरणीय व



अद्भुत हैं। उन्होंने श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए विशुद्ध व उत्कृष्ट रामलीला का मंचन मिलक में प्रारम्भ किया जिस प्राचीन श्री रामलीला कमेटी के वे आज भी संरक्षक हैं।वैद्य जी ने भारतीय संस्कृति की पुनर्जागरण हेतु सत्संग समिति की स्थापना की जिसके माध्यम से हर सप्ताह भजन, कीर्तन, सत्संग के साथ नाटकों के मंचन मिलक में प्रारम्भ हुआ। आप विभिन्न समाचार-पत्रों -अमर उजाला, दैनिक जागरण, पंजाब केसरी व विश्व मानव के निष्पक्ष ईमानदार पत्रकार रहे हैं।रौंदा खुर्द में शिक्षा जगत के प्रेरणास्रोत पं.मदन मोहन मालवीय की मूर्ति की स्थापना, मालवीय पार्क का नामकरण आपके सद्प्रयासों व प्रेरणा का परिणाम है। आप ब्राह्मण सभा के संस्थापक सदस्य व संरक्षक भी हैं। इस मौके पर विकास कुमार सक्सेना, पूर्व सभासद कौशल सक्सेना, राजेन्द्र सक्सेना, राजू,विजय चित्रांशी,पवन राणा भी मौजूद रहे।

# वन विभाग की साठगांठ से हो रहा है प्रतिबंधित पेड़ों का कटान



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** वन विभाग की मिली भगत से प्रतिबंधित पेड़ों का कटान धड़ल्ले किया जा रहा है। जिसके चलते लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है और वह लगातार प्रतिबंधित पेड़ों का कटान कर रहे हैं। नगर सहित क्षेत्र मे हरे भरे पेड़ों का कटान लगातार जारी है आए दिन मार्गों के किनारे खड़े शीशम,सागोन सहित अन्य प्रति. बंधित पेड़ों को काटा जा रहा है जिसे रोकने में वन विभाग नाकाम साबित दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के गांव लौहरा इनायतगंज को जाने वाले मार्ग पर खेत में खड़े तीन शीशम के पेड़ों को सनीवार की रात काट दिया गया सूचना के बाद भी वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे साफ जाहिर होता है लकड़ी काटने वालों के तार वन विभाग से मिले हुए हैं इसके कारण सूचना के बाद भी वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिसके चलते मार्गो पर खड़े प्रतिबंधित पेड़ों का अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है वहीं वन दरोगा शील कुमार ने बताया कि शीशम के पेड़ काटे जाने की उन्हे कोई सूचना ही नही है।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में तीन पर केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मित्तरपुर की रहने वाली नतिया पत्नि जाहिद खां बिना वजह उसके भांजे के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी के आरोप में थाना शाहबाद में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है उसका आरोप है कि मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे की बात है। उसका भांजा शमीम पुत्र तस्लीम निवासी भूलावयी थाना वनियाठेर जिला संभल मेरे घर से दिल्ली जा रहा था । जैसे ही गांव के अड्डे पर पहुच कर रोड बस का ईन्तेजार कर रहा था । तभी वारिश पुत्र ताहिर खां निवासी मित्तरपुर थाना शाहबाद आया । और विना बात की कहने लगा तूने मुझे क्यों गौर से देखा इसी बात को लेकर मेरे भांजे शमीम को वारिश पुत्र ताहिर खां व फारूख पुत्र हनीफ खां उर्फ कल्लू , आरिश पुत्र ताहिर निवासी ग्राम मित्तरपुर थाना शाहबाद जिला रामपुर ने गन्दी 2 गालियां दी और लाठी डन्डों व लात-गूसों से मारा पीटा । और जान से मारने की धमकी दी । नतिया की तारीख के आधार पर पुलिस ने तीन के खिलाफ नाम जब रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

# अनियंत्रित होकर बाइक खंभे से टकराई बाइक दो घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को अनियंत्रित होकर बाइक खंभे से टकरा गई बाइक सवार तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस के जारी फाइल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाबाद लाया गया ।दो घायलों की हालत नाजुक होने पर उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मंगलवार को ग्राम भूड़ा थाना सिरौली जिला बरेली के रहने वाले 40 वर्षीय चरण सिंह व 60 वर्षीय खुशीराम पुत्र बांके सिंह और ग्राम शहवाजपुर सम्भल के रहने वाले 45 वर्षीय दिनेश पुत्र नत्थू जो कि चरण सिंह और खुशीराम को उनके घर छोड़ने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि चरण सिंह और खुशीराम अपने ममेरे भाई के यहां सोमवार को शादी में गए हुए थे। मंगलवार को तीनों लोग वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौटकर शाहबाद होते हुए अपने घर वापस जा रहे थे कि शाहबाद और सम्भल बॉर्डर पर बाइक चालक को अचानक नींद आ गई जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई जिससे तीनों को गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया पहुंची जहां चिकित्सकों ने चरण सिंह और दिनेश वापसी व खुशी राम को प्राथमिक उपचार दिया। वहीं चरण सिंह और दिनेश की हालत नाजुक होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। खुशीराम को प्राथमिक उपचार देकर उसके घर वापस भेज दिया गया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014

# सेंट मैरी में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

## विजेता टीम को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सेंट मैरी स्कूल में मंगलवार को दो दिवसीय अंतर सदन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. अंजनी कुमार सी.ओ. नगीना तथा विशिष्ट अतिथि फादर पोली प्रधानाचार्य फादर शायजू, व्यवस्थापक फादर नितिन, उप प्रधानाचार्य सिस्टर जिसमी किंडरगार्डन, सिस्टर अंजलि, सिस्टर फ्लेबी का स्वागत बैजेस तथा तिलक द्वारा किया गया।

प्रार्थना नृत्य द्वारा प्रभु की स्तुति की गई तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर शायजू ने स्वागत भाषण देकर मुख्य अतिथि डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही शॉल तथा पुष्प भेंट किया। तत्पश्चात फादर पोली द्वारा मशाल जलाकर तथा गुब्बारे उड़ाकर पीटी. इंचार्ज आलोक तथा स्कूल लीडर एंड एंटनी सहित सत्र 2025-26 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। फादर नितिन द्वारा सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई कि वे प्रतियोगिता के सभी नियमों का पालन करेंगे तथा खेल को आगे बढ़ाएंगे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हमारे जीवन में खेलकूद के महत्व के बारे में बताया और उनमें एक नया जोश भर दिया। साथ ही उन्होंने सेंट जोसेफ एकेडमी गाजियाबाद में आयोजित अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में आयोजित 13 विद्यालयों में से विजेता टीम सेंट मैरिज स्कूल नगीना को चैंपियंस ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जिसमें रूद्र चौहान को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा नीरज कुमार को सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। चारों सदनों के प्रतिभागियों ने अनुशासन का पालन करते हुए परेड प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें ग्रीन हाउस फर्स्ट, ब्लू हाउस सेकंड तथा येलो हाउस ने थर्ड स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य फादर शायजू ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया।

विद्यार्थियों ने एरोबिक नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी का मनमोह लिया। खेल प्रतियोगिता में ऊंची, लंबी कूद 100 मीटर, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, 800 मीटर रेस, 1500 मीटर रेस भाला फेक, गोला फेक रिले रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें खेलों का शुभारंभ हंड्रेड मीटर रेस बालिका वर्ग से प्रारंभ किया गया। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि श्रीमती आरती मिश्रा तथा हरीश मिश्रा रहे, जिन्होंने सभी प्रतियोगियों और विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। बालक वर्ग में अभी सिंह तथा बालिका वर्ग में वाणी सिंह ने बाजी मारी। जूनियर्स में बालक वर्ग में वंश कुमार तथा बालिकाओं में आराध्या आर्य, सीनियर्स में बालिका वर्ग में मारिया रानी एकका व गुरुशरण कौर तथा बालकों में अर्पित चौहान तथा अरनव ठाकुर को सुपर सीनियर्स में बालक वर्ग में सेबान तथा मंथन और बालिकाओं में मयंक राठौड़ को व्यक्तिगत ट्रॉफी प्रदान की गई। सब जूनियर्स वर्ग में ब्लू हाउस जूनियर्स में ब्लू हाउस, सीनियर्स में रेड हाउस तथा सुपर सीनियर्स में रेड हाउस सर्वोच्च स्थान पर रहे तथा संपूर्ण प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्थान रेड हाउस ने प्राप्त किया तथा रनर्स अप ट्रॉफी ब्लू हाउस को प्रदान की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती आरती मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को खेल के महत्व के बारे में बताया तथा उनका मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों ने खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन अंकुश शर्मा तथा तूलिका मैम ने किया।

कार्यक्रम को सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं के सहयोग से सफल बनाया गया। प्रधानाचार्य फादर शायजू ने सभी को धन्यवाद दिया और राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस प्रकार, सेंट मेरीज स्कूल की यह खेल-कूद प्रतियोगिता खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का प्रतीक बनकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

# दहशतगर्दों ने पार की इंसानियत की सारी हदें : हाजी जियाउद्दीन अंसारी

## मिलजुलकर आतंकवादियों व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने वार्ता करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में दहशतगर्दों ने मासूमों पर दर्दनाक हमला कर इंसानियत की सभी हदें पार कर दी है।

उन्होंने सख्त अल्फाज में इस घटना पर गुस्से का इजहार किया है। यह हमला न सिर्फ बेगुनाहों पर है, बल्कि इस्लाम मजहब के खिलाफ है। अगर ये हमला किसी का नाम देख के, मजहब देख के किया गया है, तो ये बिल्कुल गलत है और हम सब इस बात की भरपूर मुखालिफत की जानी चाहिए। सच्चा मुसलमान न कभी किसी बेगुनाह को नुकसान पहुंचाता है, न उसकी नीयत में ऐसा होता है। भारत का मुसलमान दहशतगर्दियों के खिलाफ पहले भी था और आज भी है। उन्होंने कहा कि कश्मीर अब बदल रहा है। वहां की फिजा में अमन और तरक्की की बात हो रही है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इस हमले की जांच कर पता लगाया जाए के हमला किसने कराया। इस हमले के पीछे किन लोगों का हाथ है। हमलावर सरहद पार से आया है, तो फिर उसे सरहद कैसे पार करने दी गई। क्या बॉर्डर सिक्योरिटी में कहीं कोताही हुई। अगर हां, तो वहां भी जांच होनी चाहिए। मुसलमानों को इस वारदात का जिम्मेदार ठहराने की कोशिश न की जाए। दहशतगर्द का कोई मजहब नहीं होता। मुसलमान तो वो है जो एक जान बचाने को पूरी इंसानियत बचाने के बराबर समझता है।

अफसोस की बात ये है कि देश में कुछ लोग मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाना चाहते हैं। इस वक्त हिन्दू मुसलमान करने का वक्त नहीं, देश के गद्दार आतंकवादियों से लड़ने का वक्त आ गया है। हम सबको मिलजुलकर आतंकवादियों व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है। क्योंकि पाकिस्तान भारत में इस तरह के हमले कराकर देश को कमजोर व आपस में हिन्दू मुसलमानों के बीच नफरत फैलाना चाहता है। उसकी नापाक चाल में आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि आतंकवादी घटना में मारे गए परिवार के साथ आज पूरा देश खड़ा है। इस शर्मशार घटना से हर कोई दुखी है सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त फैसला लेकर मुंहतोड़ जवाब देने का काम करें। हमको अपने देश की सरकार पर पूरा भरोसा है।

# मारपीट में पगड़ी उछालने का आरोप, थाने में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में दो पक्षों में दो दिन पूर्व हुई कहासुनी और मारपीट ने उस वक्त बड़ा रूप ले लिया। जब इस मारपीट में एक सरदार की पगड़ी उछालने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया गया।

ग्राम राजपुर परसु में भुस डालने आये बलिया नंगली निवासी सतनाम पुत्र महेंद्र सिंह और सलमान पुत्र इस्माइल निवासी राजपुर परसु थाना हीमपुर दीपा के बीच पांच सौ रुपए के लेनदेन को लेकर कहासुनी और मारपीट हो गई। बताया जाता है कि इस मारपीट में सरदार सतनाम की पगड़ी गिर गई। उधर मारपीट और पगड़ी गिरने की पीडित ने तहरीर भी रात को ही थाना हीमपुर दीपा में दे दी। उक्त मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब दो दिन बाद थाने पर पहुंचे कुछ लोगों ने सरदार सतनाम की पगड़ी उछालने का आरोप लगाते हुए थाने पर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मिली तहरीर और गवाहों के आधार पर बताया कि दोनो पक्षों में मारपीट हुई है, पगड़ी उछालने की बात निराधार है। उक्त मामले में मारपीट और जान से मारने की धमकी के आधार पर ही मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

उधर सूत्र बताते है कि सलमान बचपन से ही सरदारों के बीच में ही रहता आ रहा है जो इन्हें सस्ते दामो पर बीज उपलब्ध कराता है। विशेष बात यह है कि सरदारों का लाखों का लेन देन सलमान से वर्षों से चला आ रहा है। बताया जाता है कि एक बीज व्यापारी ही रंजिशन उक्त मामले को तूल देकर इसमें बीज बोने की कोशिश कर रहा है।

# पीस एजुकेशन प्रोग्राम का समापन

## 67 छात्रों ने किया प्रतिभाग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** विवेकानंद इंटर कॉलेज दरबाडा में प्रेम रावत फाउंडेशन की ओर से चल रहे पीस एजुकेशन प्रोग्राम के पांचवा और अंतिम दिन विशेष, उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम की समाप्ति से पूर्व पहलगाम में आतंकी हमले मे मारे गये भारतीय नागरिकों को श्रृद्धांजलि दी गई।

स्कूल प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का कंटेंट बहुत स्ट्रांग और समकालीन हैं। आज बच्चों में पढ़ाई, एग्जाम आदि को लेकर बहुत तनाव रहता हैं। कभी कभी बच्चों का सामाजिक परिवेश ठीक न होने के कारण बच्चे गलत संगति मे पड़कर अपना कैरियर खराब करने के साथ अपने जीवन का समझौता कर लेते हैं। इस पीस एजुकेशन कोर्स से बच्चों मे आत्मविश्वाश, पॉजिटिविटी एवं समाज मे एक अच्छे नागरिक बनने मे मदद करता हैं। उन्होंने बताया कि प्रेम रावत कहते हैं आशा का स्रोत अंदर हैं आशा वह शक्ति हैं जिससे हम खोई हुई चीज वापस प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्य को चयन का अधिकार मिला हैं। यह अज्ञानता के विरुद्ध एक अस्त्र हैं ये हम पर निर्भर करता हैं कि हम शांति का चयन करें या युद्ध का गलत चयन से मानव समाज की सभ्यताये नष्ट हों चुकी हैं। मनुष्य जलती हुए मोमबत्ती की तरह हैं जिसमें प्रकाश की संभावना हमेशा रहती हैं। उनके अनुसार प्रेम रावत द्वारा यह बताया गया है कि स्वयं का ज्ञान संसार मे सभी नॉलेज से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। सभी छात्रों को कार्यशाला के अंत में सर्टिफिकेट वितरित किए गये। इस कोर्स में कुल 67 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल टीकम सिंह ने प्रेम रावत फाउंडेशन के फेसिलिटेटर वीएम पाठक, नंदकिशोर तिवारी, कुमारी रश्मि सिंह, विकास चौधरी का विशेष आभार जताया, जिनके द्वारा यह कार्यक्रम संभव हो सका।

कार्यक्रम में इससे पहले वरिष्ठ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहक. ारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड चांदपुर के विश्वामित पाठक ने भी अपने सराहनीय विचारों से अवगत कराया।

## एक नजर

### आसपा ने निकाला कैंडल मार्च




**चांदपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा शर्मनाक वारदात से शहीद हुए भारतवासियों की शहादत पर आजाद समाज पार्टी/भीम आर्मी जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर के नेतृत्व में विधानसभा चाँदपुर के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा एक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च जिला प्रभारी के निवास स्थान से बाबा साहब डॉ. बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पहुंच कर समाप्त हुआ। जहां पर दो मिनट का मौन धारण कर आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च में जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर, विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर दयाल सिंह, गोला भाई, डॉक्टर जावेद, सचिन, नौशाद भाई, रोहतास नरेंद्र कुमार, डिम्पल, विशेष कुमार, खालिद भाई नगर अध्यक्ष युवा आसपा, कृष्ण कुमार सैनी, महेश मोनू भाई, अंकित कुमार, बब्लु भाई आदि लोगों ने भाग लिया। कैंडल मार्च से पहले जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई इस कायराना वारदात को ऊपर वाला भी माफ नहीं करेगा।

### आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज में हुई प्रार्थना सभा में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए नागरिकों को मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हाजी मो. ताहिर ने प्रार्थना सभा में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस तरह के आतंकवादी हमले की घोर निंदा करते हैं और हमारी संवेदनाएं शहीद हुए नागरिकों के परिजनों के साथ हैं। हम इस घटना का कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और इस दुखद घड़ी में हम अपने भारत सरकार के साथ खड़े हैं। प्रार्थना सभा में कॉलेज के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस आतंकवादी घटना की निंदा करते हुए कहा कि हम सब भारतवासी संकट की इस घड़ी में एक साथ हैं और किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। जय हिंद के नारों के उदघोष के साथ प्रार्थना सभा समाप्त हुई।

### सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा मुजफ्फरनगर



**चांदपुर।** अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के आदेश अनुसार श्याम लाल पाल प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर एक प्रतिनिधि मंडल ने मुजफ्फरनगर में मृतक शुभम पाल के निवास स्थान पर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी। जिया चौधरी जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर, हरेंद्र सिंह मलिक सांसद मुजफ्फरनगर, राकेश शर्मा राष्ट्रीय सचिव, डॉक्टर लाखन सिंह पाल प्रदेश सचिव पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, विनय पाल, पुष्पेंद्र त्यागी, डॉक्टर अविनाश, कपिल रविंद्र प्रधान, तृप्ति पाल, पवन पाल आदि शुभम पाल के घर पहुंचे जहाँ पर ई रिक्शा चालक के परिवार का हाल-चाल पूछ और दुख की घड़ी में उनके साथ साथ देने का आश्वासन दिया। बदमाशों द्वारा मौत का शिकार हुए मृतक के पिताजी कृष्ण पाल और माता जी को सांत्वना देते हुए हरेंद्र मलिक ने उनके छोटे बेटे बंटी को तत्काल प्राइवेट सेक्टर में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया तथा आईटीआई में प्रवेश दिला करके उनका पूरा खर्च उठाने का भी वादा किया। प्रतिनिधि मंडल ने परिवार की आथिर्क दशा देखकर के रिपोर्ट तैयार की है तथा पार्टी हाईकमान से वित्तीय सहायता के लिए आग्रह किया है। रिपोर्ट पार्टी कार्यालय को अति शीघ्र भेजने की बात भी कही गई है।

# प्राइवेट स्कूल के मासूम बच्चों को लेकर जा रही अनफिट गाड़ियां

## बच्चों की जान से खिलवाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मासूम बच्चों की जिंदगी अनफिट गाड़ियों के हवाले कर दी गई है। विभाग की अनदेखी के कारण मानकों को ताक पर रख हाद. सों को दावत दी जा रही है।

गौरतलब है कि करीब एक वर्ष से अधिक का समय हो गया कि जब क्षेत्र के एक स्कूल की बस बच्चों को लेकर जा रही थी और हादसे का शिकार हो गई थी। जिसमें कई बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा दो से तीन बच्चों की मौत तक हो गई थी। इस हादसे के बाद एआरटीओ विभाग गहरी नींद से जागता हुआ स्कूल में लगी सभी बसों के मानकों को चेक करने लगा, जिस स्कूल की बस से हादसा हुआ था उसे गाड़ी का रजिस्ट्रेशन तक खत्म हो गया था। इससे यह साफ जाहिर हुआ था कि स्कूलों में जो बसे लगी हुई हैं वह काफी पुरानी है और पूरे तरीके से मानकों के विरुद्ध हैं और उनके रजिस्ट्रेशन तक की सीमाएं खत्म हुए जमाना गुजर गया। एआरटीओ के द्वारा की गई इस कार्यवाही से स्कूल के संचालकों में अपरा तफरी मच गई थी और फिर उन गाड़ियों को लगाने का प्रयास किया गया जिन लोग गाड़ियों के मानक स्कूल में नियम अनुसार हैं। लेकिन अब फिर लगातार देखने में आ रहा है कि इस तरह की तमाम गाड़ियां नगर व क्षेत्र में मासूम बच्चों को लेकर घूमती हुई नजर आती है और अभिभावकों से मोटा शुल्क वसूल कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस बस से स्कूल के बच्चों का सफर होता है उस स्कूल की बस में सीसीटीवी कैमरे एवं शीशे के पास जाली और जीपीएस सिस्टम से लैस होनी चाहिए। लेकिन जो वाहन स्कूलों में लगे हुए हैं, उनके ज्यादातर रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। यदि ईश्वर ना करें कोई हादसा हो जाता है तब मानकों पर ध्यान जाता है लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इस तरह के वाहन नगर से धामपुर भी अनेक बच्चों को लेकर जाते हैं और अभिभावकों से एक बच्चे का 14 सौ रुपए या उससे अधिक भी किराया वसूल करते हैं लेकिन उन बच्चों को किसी तरह की भी कोई सुरक्षा नहीं मिल रही है। आरटीओ समय-समय पर इसका चैकिंग अभियान चलाता रहे और जो गाड़ियां मानकों के विरुद्ध चल रही हैं उनको बंद कर दी जाए और स्कूल के संचालकों को कड़ी हिदायत दी जाए यदि किसी व्यक्ति ने भी अनफिट गाड़ी और मानकों से हटकर किसी वाहन को लगाया तो उस स्कूल पर बड़ी कार्यवाही की जाए।

# अटेवा 1 मई को आतंकी हमले के विरोध में निकालेगा कैंडल मार्च : चंद्रहास सिंह

## दिल्ली जंतर-मंतर के प्रदर्शन के स्थगित के फैसले की सराहना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजकीय वाहन चालक संघ जनपद शाखा बिजनौर की जिलाध्यक्ष मानवीर सिंह की अध्यक्षता में जिला मंत्री नरेंद्र कुमार के संचालन में जिला कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद होने वाले भारतीयों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 30 अप्रैल को राष्ट्रीय आह्वान पर एक्स पर ट्वीट अभियान चलाया जाएगा और 1 मई को जिला मुख्यालय पर शहीद भारतीयों को श्रद्धांजलि देने के लिए कैंडल मार्च शाम 6 बजे इंदिरा बाल भवन बिजनौर से विकास भवन बिजनौर तक निकाला जायेगा। सभी कर्मचारी कैंडल मार्च में शामिल होकर सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य करेंगे। जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने की देश के हालात को देखते हुए 1 मई दिल्ली जंतर-मंतर के विशाल प्रदर्शन को राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु व राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों ने स्थगित कर सही निर्णय लिया है क्योंकि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए देश पहले है और हम सभी देश के साथ हैं। जिलाध्यक्ष मानवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और कैंडल मार्च में शामिल होने का सभी कर्मचारियों से आह्वान किया।

इस अवसर पर फ्रैंक आसकिन पूर्व उपमंत्री संजीव कुमार, अमित महलोत्रा, विजय पाल सिंह मनचन्दा एवं वीर सिंह आदि ने संबोधित किया।

# पाकिस्तान के झंडे पर चल कर किया गुस्से का इजहार



## आतंकी हमले का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सड़क पर पाकिस्तान का झंडा बनाकर हजारों लोगों ने उस पर पैर रखकर गुजर कर गुस्सा जाहिर किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के गम में पूरे देश के लोग शामिल हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान को खुली चुनौती देते हुए सभी पाकिस्तानियों को भारत छोड़ देने का आदेश दिया जिस पर सभी पाकिस्तानियों द्वारा भारत छोड़ा जा रहा है। लेकिन देश की जनता का पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि नगर के शिवाजी मार्केट में पाकिस्तान के झंडे को सड़क पर बनाया। उस पर हिंदू और मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने सारा दिन पैर रखकर गुजरते रहे और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया।

# मुशायरे में शायरों ने बांधा समा

## कन्वीनर खाालिद अंसारी और उनके साथियों की मेहनत रंग लाई




**मनव्वर अंसारी**

**सहसपुर।** ग्राम मेवानवादा में कामयाब मुशायरे के रूप में एक ऐतिहासिक साहित्यिक शाम देखी। इस शानदार ऐतिहासिक शाम को मशहूर शायर, एंकर और आयोजक नजर बिजनौरी की पहल पर सजाया गया और पहला कुल मुशायरा इस ग्राम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम ने अपनी खासियत के चलते न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि पूरे देश में सुर्खियां बटोरीं। देशभर के नामचीन शायरों और साहित्य प्रेमियों की मौजूदगी ने इस मुशायरे को यादगार और अमर बना दिया।

हमेशा सांस्कृतिक एवं साहित्यक और सामाजिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने वाले जनपद की गौरवशाली शख्सियत वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा की सरपरस्ती में ये मुशायरा यादगार और कामयाब रहा। समाजसेवा के क्षेत्र में मुंबई से बिजनौर तक अपनी पहचान रखने वाली मशहूर शख्सियत बिजनौर वेलफेयर संगठन मुंबई के अध्यक्ष फजलुर्रहमान अंसारी ने मुशायरे की सदारत की। बिजनौर नूरपुर की एक और खास शख्सियत नूरपुर विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी एवं बिजनेसमैन सलीम अंसारी ने मुशायरे में शमा रोशन की। प्रोग्राम में मुंबई के समाजसेवी दिलशाद सिद्दीकी आदि रहे। मुशायरे के कन्वीनर खालिद अंसारी और उनके साथियों के सिर बंधा। मुशायरे में नजर बिजनौरी शानदार मुशायरे में आये शायरों ने अपने दिलकश कलाम से समा बांध दिया और पूरे वक्त अपनी जादुई शायरी से श्रोताओं को बांधे रखा और झूमने पर मजबूर कर दिया। तो वहीं श्रोताओं ने भी अच्छे अशआर सुनकर शायरों को खूब दाद दी। इस अजीमुश्शान मुशायरे में अल्ताफ जिया, खुर्शीद हैदर, अली बाराबंकवी, जहाज देवबंदी, नकहत अमरोहवीं, राहुल शर्मा, मंजर नकहत मुरादाबादी, नौशाद अनघड़, तहजीब अबरार, ताहिर अरशी जैसे मशहूर ओ मारूफ शायरों और कवियों ने शिरकत कर अपने बेहतरीन कलाम से नवाजा। इन शायरों ने अपनी शायरी और अदाकारी से महफिल में जोश भर दिया। जिससे पूरा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

देश के मशहूर शायर नजर बिजनौरी ने बताया की साहित्य और संस्कृति का उत्सव यह मुशायरा न केवल शायरी का आयोजन था। बल्कि हिंदुस्तानी तहजीब और उर्दू अदब को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण इलाके में ऐसे साहित्यिक रुचि को नई पहचान मिलती है। ऐसे कार्यक्रम साहित्यक ऊर्जा भी देते हैं। ऐसे मयारी सांस्कृतिक कार्यक्रम बिजनौर की सांस्कृति धरोहर में एक नया अध्याय जोड़ते हैं।

भविष्य में ऐसे और आयोजनों की उम्मीद के साथ, यह मुशायरा इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से दर्ज हो गया है। इस मुशायरे की कामयाबी के लिए कन्वीनर खालिद अंसारी, मास्टर ताहिर अर्शी आदि ने कड़ी मेहनत की जिसे इलाके की आवाम ने खूब सराहा।

# वैभव सूर्यवंशी की रॉयल पारी ने बनाया कीर्तिमान



- राजस्थान रॉयल्स ने टी-20 में सबसे तेजी से चेज किया 200+ रन का लक्ष्य, प्लेऑफ की आस बरकरार

**जयपुर, वार्ता।** किशोर बिहारी क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के 47वें मैच में गुजरात ने शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्द्धशतकों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए।

जवाब में राजस्थान ने 15.5 में दो विकेट खोकर 212 रन बनाए और 25 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ राजस्थान ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को भी बरकरार रखा है। राजस्थान ने इस मुकाबले को जीतने के साथ-साथ बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। टीम ने टी-20 में सबसे तेजी से हासिल किया 200+ का लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर आ गई। उनके खाते में छह अंक हो गए और नेट रन रेट -0.349 का हो गया है। वहीं, गुजरात एक स्थान खिसक कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई को गुजरात की हार से तगड़ा फायदा हुआ है। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम अंक तालि. का में बेहतर नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई। वहीं, आरसीबी 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। गुजरात ने राजस्थान के सामने जीत के लिए 210 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन वैभव और यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान को तेज शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रसि( कृष्णा ने वैभव को आउट कर तोड़ा। यह राजस्थान के लिए किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। वैभव और यशस्वी ने इस मामले में जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल को पीछे छोड़ा जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2022 में 155 रनों की साझेदारी की थी। वैभव ने गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के लगाए जो आईपीएल 2025 में किसी बल्लेबाज का एक पारी में सर्वाधिक छक्के हैं। वैभव ने इस मामले में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 छक्के लगाए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जिन्होंने गुजरात के खिलाफ नौ छक्के लगाए थे। वैभव की उम्र 14 साल 32 दिन है, लेकिन उन्होंने यूसुफ पठान का 15 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वैभव आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। 2010 में यूसुफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक लगाया था और वह इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय थे। उनका यह रिकॉर्ड अब 2025 में टूटा है। यानी वैभव का जब जन्म भी नहीं हुआ था, उस वक्त यूसुफ ने यह कारनामा किया था और अब बिहार के इस युवा बल्लेबाज ने अपनी उम्र से भी ज्यादा का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ओवरआल आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ 30 गेंदों पर शतक लगाया था। वैभव टी-20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में यह कारनामा किया। वैभव ने महाराष्ट्र के विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 18 साल 118 दिन की उम्र में टी-20 में शतक लगाया था। विजय ने 2013 में टी-20 में शतक लगाया था। वैभव ने गुजरात के खिलाफ 17 गेंदों पर अ(शतक पूरा किया और फिर शतक पूरा करने के लिए अगले 18 गेंद लिए। वैभव शतकीय पारी खेलकर आउट हुए। उन्होंने महज 38 गेंदों में 265. 78 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 101 रनों की पारी खेली। वैभव के शतक के बाद यशस्वी जायसवाल ने भी अपना अ(शतक पूरा किया। उन्होंने 31 गेंदों में इस सत्र का पांचवां और करियर का 14वां अ(शतक पूरा किया। वह 40 गेंदों में 70 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रियान पराग 32' रन बनाए। उनके अलावा नीतीश राणा ने चार रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने एक-एक विकेट हासिल किया। इससे पहले, शुभमन गिल और जोस बटलर की अ(शतकीय साझेदारियों के दम पर गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रायल्स के सामने 210 रन का लक्ष्य रखा। टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए। सवाई मान. सिंह स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में किसी टीम के द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे बड़ा टोटल है। उनके लिए कप्तान गिल ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। वहीं, गुजरात के लिए महीश तीक्षणा ने दो जबकि जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा को एक-एक विकेट मिला। साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई थी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 62 गेंदों में 93 रन की साझेदारी हुई। महीश तीक्षणा ने सुदर्शन को अपना शिकार बनाया। वह 30 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद गिल को जोस बटलर का साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 38 गेंदों में 74 रन जोड़े। कप्तान गिल 50 गेंदों में 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 29 गेंदों में सत्र का चौथा अ(शतक जड़ा। यह उनके आईपीएल करियर का 24वां पचासा भी है। उन्हें भी तीक्षणा ने ही अपना शिकार बनाया। बटलर 50 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उनके बल्ले से तीन चौके और चार छक्के निकले। इसी के साथ विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बन गए। उनके नाम 819' रन दर्ज हो गए हैं। इस मैच में राहुल तेवतिया नौ रन बनाकर आउट हुए जबकि शाहरुख खान पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## पहली गेंद पर छक्का लगाना मेरे लिए आम बात: वैभव

- बिहार के किशोर खिलाड़ी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर आईपीएल में कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए

जयपुर, वार्ता। आईपीएल 2025 में सोमवार को राजस्थान रायल्स के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने पूरी दुनिया को अपना कायल बना दिया। बिहार के इस खिलाड़ी ने 35 गेंद पर शतक लगाकर कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए। उन्होंने 38 गेंदों में 11 छक्कों और सात चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेलकर टी20 क्रिकेट में अब तक के सबसे कम उम्र के शतकवीर बनकर आईपीएल में धूम मचा दी। अब पूरा क्रिकेट जगत उनके साहसी स्ट्रोकप्ले का कायल हो गया है। हालांकि, वैभव का कहना है कि पहली गेंद पर छक्का लगाना उनके लिए आम बात है। वैभव ने कहा कि गंभीर परिस्थितियों का उन पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता है। वैभव का यह आईपीएल में केवल तीसरा मैच था। उन्होंने लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ आईपीएल में अपने पहले मैच में 20 गेंद पर 34 रन बनाए थे और अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने पहली गेंद पर छक्का लगाया था। वैभव ने यह छक्का शार्दुल ठाकुर की गेंद पर लगाया था। वहीं, शतक पूरा करने के लिए वैभव ने अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की गेंद पर छक्का लगाया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद वैभव ने आईपीएल टी20 वेबसाइट से बात करते हुए कहा, श्यह मेरे लिए सामान्य बात थी। मैं भारत के लिए अंडर-19 और घरेलू स्तर पर भी खेला हूं। वहां भी मैंने पहली गेंद पर छक्के लगाए हैं। मुझ पर पहली 10 गेंदों को खेलने का दबाव नहीं था। मेरे दिमाग में स्पष्ट था कि

## आईपीएल में वैभव के इतिहास रचने पर बिहार के समस्तीपुर में जश्न का माहौल

**समस्तीपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में वैभव सूर्यवंशी के इतिहास रचने पर जश्न का माहौल है। आईपीएल 2025 में कल रात खेले गए मैच में बिहार के समस्तीपुर जिले के ताजपुर के लाल वैभव सूर्यवंशी द्वारा सिर्फ 35 गेंदों में सबसे तेज़ शतक बनाने का रिकॉर्ड बनाने पर समस्तीपुर में लोगों ने पटाखा छोड़कर खुशी का इजहार किया।

जयपुर मे कल रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की ओर से वैभव सूर्यवंशी ने शानदार पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में शतक बनाकर विश्व मे दूसरा और भारत में पहला खिलाड़ी बनने का इतिहास रचा। इधर वैभव द्वारा शतक लगाने की खबर मिलते ही समस्तीपुर में क्रिकेट खेलाड़ियों एवं स्थानीय लोगों ने पटाखा छोड़कर जश्न मनाया।समस्तीपुर क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक व वैभव के बचपन के कोच ब्रजेश झा और स्थानीय राष्ट्रीय जनता दलविधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए वैभव को बधाई दी और कहा कि 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में सबसे तेज भारतीय शतक बनाकर वैभव ने बिहार का नाम विश्व स्तर रौशन किया।

### नीतीश ने वैभव को दी बधाई



**पटना, वार्ता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के इतिहास में सबसे कम उम्र महज 14 साल में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाघी बिहार के समस्तीपुर जिले के वैभव सूर्यवंशी को फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने मंगलवार को अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वैभव सूर्यवंशी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बलबूते भारतीय क्रिकेट की एक नई उम्मीद बन गए हैं। सभी को उनपर गर्व है। मेरी शुभकामना है कि श्री वैभव सूर्यवंशी भविष्य में भारतीय टीम के लिए नये कीर्तिमान रचें और देश का नाम रौशन करें। मुख्यमंत्री ने श्री वैभव सूर्यवंशी से दूरभाष पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। श्री सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री से 12 दिसम्बर 2024 को यहां एक, अणे मार्ग में मुलाकात की थी तथा मुख्यमंत्री ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की थी।

## ईपीएल ने भारत में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की

**मुम्बई, वार्ता।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने मंगलवार को मुम्बई में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है। यह कार्यालय स्थानीय प्रशंसक, सहयोगियों के साथ संपर्क बढ़ाने, भारत में फुटबॉल को बढावा देने और लीग तथा उसके क्लबों की निरंतर विकास का समर्थन करने के लिए स्थापित किया गया है। प्रीमियर लीग के मुख्य कार्यकारी रिचर्ड मास्टर्स ने कहा कि हम और हमारे क्लब भारत में एक शानदार और जानकारी प्रशंसक बेस रखते हैं और हम जानते हैं कि फुटबॉल की ख्याति लगातार बढ़ रही है। हम भारत के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस करते हैं, जहां हम पिछले 18 वर्षों से सुमदायिक फुटबॉल कार्यक्रम चला रहे हैं और हाल ही में इंडियन सुपर लीग के साथ साझेदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय का उद्घाटन प्रीमियर लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें स्थानीय स्तर पर और अधिक असरदार तरीके से काम करने में मदद करेगा, जिससे हम प्रशंसक, जियोस्टार और अन्य साझेदारों के साथ अपने रिलेशनशिप को और मजबूत कर सकेंगे। हम इस क्षेत्र में इससे उत्पन्न होने वाले अवसर को लेकर उत्साहित हैं। प्रीमियर लीग भारत में फुटबॉल समुदाय के साथ लंबे समय से काम कर रही है। जमीनी स्तर पर, लीग ने 2007 से ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में प्रीमियर कौशल कार्यक्रम के माध्यम से समुदायिक फुटबॉल कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने में मदद की है। पिछले 18 वर्षों में, यह कार्यक्रम 18 से अधिक भारतीय राज्यों में संचालित किया गया है, जिसमें 7,300 से अधिक कोच, रेफरी और एजुकेटर्स को प्रशिक्षित किया गया है, जिससे एक लाख 24 हजार से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। उच्च स्तरीय फुटबॉल में, प्रीमियर लीग 2014 से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के साथ मिलकर काम कर रही है। भारत में नया कार्यालय प्रीमियर लीग के अंतर्राष्ट्रीय विस्तार का हिस्सा है। इससे पहले वर्ष 2019 में लीग ने सिंगापुर में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय खोला था।

खेल विशेष

## भारतीय महिला टीम ने द. अफ्रीका को 15 रनों से हराया

**कोलंबो, वार्ता।** तेजमिन ब्रिट्स (102) की शतक गया बेकार, प्रतिका रावल (78), कप्तान जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 41) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (41) की शानदार पारियों के बाद स्नेह राणा (पांच विकेट) और दमदार क्षेत्ररक्षण की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अपीका को 15 रनों से हरा दिया। 277 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान लॉरा वुलफार्ट और तेज. मिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड 140 रनों की साझेदारी की। 28वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने लॉरा वुलफार्ट (43) को पगबाधा आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद स्नेह राणा ने लारा गुडॉल (नौ) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। काराबो मेसो (आठ) को अरुंधति रेड्डी ने बोल्ड आउट किया। सुने लूस और क्लोई ट्राइऑन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 41वें ओवर से पहले दक्षिण अपीका की टीम मैच पर अपनी पकड़ बनाये हुए थे और जीत की ओर अग्रसर थी। ऐसे समय में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 42वें ओवर में श्री चरणी ने सुने लूस (28) को आउटकर भारत के चौथा विकेट झटका। इसके बाद स्नेह राणा ने क्लोई ट्राइऑन (18), एन डर्कसन (30) और नडीन डी क्लर्क (शून्य) को आउटकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। एम क्लास और म्लाबा रनआउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने 49-2 ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 261 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 15 रनों से जीत लिया। भारत की ओर स्नेह राणा ने 10 ओवर में 43 रन देकर पांच विकेट लिये। अरुंधति रेड्डी, श्री चारणी और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय वायुसेना की हॉकी टीम ने उदघाटन मैच जीता

- टूर्नामेंट में शीर्ष हॉकी टीमों को अपना कौशल दिखाने का मिलेगा मौका

**चंडीगढ़, वार्ता।** मार्शल ऑफ द एयर फोर्स अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट-2025 का छठा संस्करण मंगलवार को रघबीर सिंह भोला हॉकी स्टेडियम, 3 बीआरडी एयरफोर्स स्टेशन चंडीगढ़ में भव्य उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। यह टूर्नामेंट वायु सेना के मार्शल अर्जन सिंह डीएफसी की 106वीं जयंती मनाने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। एयर मार्शल विजय कुमार गर्ग, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, मेंटेनेंस कमांड, समारोह के दौरान मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने टूर्नामेंट के उद्घाटन की घोषणा की। एयर मार्शल गर्ग ने कहा कि यह आयोजन मार्शल अर्जन सिंह की विरासत और राष्ट्र के लिए उनके योगदान को एक सच्ची श्रद्धांजलि है।

टूर्नामेंट के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि यह शीर्ष हॉकी टीमों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि भारतीय वायु सेना टूर्नामेंट का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेगी। उद्घाटन मैच भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के बीच खेला गया, जिसमें आईएएफ टीम 5-1 के स्कोर के साथ विजयी हुई।

भारतीय वायु सेना टीम के अग्निवीरवायु सुखनाथ गुरिया को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और उन्हें मुख्य अतिथि से 10,000 रुपये का चेक मिला। समारोह के दौरान, प्रमुख अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें तेलजदर सिंह, एमडब्ल्यूओ सतवीर, जेडब्ल्यूओ कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त), और सार्जेंट देवेश (सेवानिवृत्त) शामिल थे। एयर कमोडोर राजीव श्रीवास्तव, एओसी 3बीआरडी तथा ग्रुप कैप्टन मनप्रीत सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी 3बीआरडी चंडीगढ़ भी इस समारोह में शामिल हुए। के वी 3 बीआरडी एयर फोर्स तथा के वी-31स्कूल के छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

- प्लेऑफ की उम्मीद धूमिल, सात मैच हारे

## पंजाब के खिलाफ शाख बचाने उतरेगी चेन्नई

**चेन्नई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पिछले नौ में से सात मैच हार चुकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में शाख बचाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीम पंजाब जीत की लय हासिल करने के लिए खेलेगी। वहीं दिग्गज एम एस धोनी की अगुआई वाली सीएसके अभी भी जीत की जादुई लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है।

कुछ दिन पहले इसी मैदान पर चेन्नई को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मुकाबले में मौसम की मार के कारण एक अंक हासिल करने वाली पंजाब किंग्स जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेगी। मेहमान टीमों द्वारा सीएसके के गढ़ में सेंध लगने के कारण चेन्नई को मिली लगातार हार के बाद उनके प्लेऑफ की संभावनाएँ धूमिल लग रही है। सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे होने के कारण उसके लिए क्वालीफाइंग चरणों में जगह बनाने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। जबकि नौ मैचों में 11 अंकों के साथ पंजाब नॉकआउट बर्थ के लिए अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी। पंजाब किंग्स का पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने से सीएसके के लिए अपनी स्थिति सुधारने की बहुत कम उम्मीद बची है क्योंकि उसे अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे और यह भी उम्मीद करनी होगी कि तालिका में शीर्ष टीमें अपने शेष मैच हार जाएं जिससे प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण बन जाए।

- चेन्नई सुपर किंग्स को अपने शेष सभी मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे

चेन्नई ने शीर्ष क्रम से लेकर अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए कई तरकीब आजमाए। चेन्नई को अपना संतुलन ठीक करने की आवश्यकता है। जबकि पंजाब आत्मविश्वास से लबरेज हैं। अब तक पारंपरिक स्पिनरों की मदद करने वाली चिन्नास्वामी की पिच तेज गेंदबाजों के अनुक. ूल साबित हो सकती है। जिससे चेन्नई अपनी किस्मत बदल सकता है। यदि पिच अपनी परंपरा के अनुसार व्यवहार करती है, तो धोनी स्पिन आक्रमण को मजबूत करने के लिए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ साझेदार ऑफ स्पिनर अश्विन को ला सकते हैं। वहीं खलील अहमद और मुकेश चौधरी की अगुआई वाले तेज गेंदबाजों के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी, बल्कि अंशुल कंबोज स्लिंगर मथीशा पथिराना के साथ समर्थन प्रदान करेंगे। एसआरएच के साथ अपने पिछले मुकाबले में थोड़े समय के लिए, लेकिन शानदार प्रदर्शन करने वाले किशोर म्हात्रे चेन्नई के साथ बने रहेंगे। शेख रशीद के साथ जोड़ी बनाने रचिन रवींद्र को शीर्ष पर वापस लाने के लिए डेवोन कॉनवे की वापसी से इंकार नहीं किया। आगामी मैच में घरेलू टीम को जिस मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वह है बिना विकेट खोए पावर प्ले में अधिकतम रन बनाना, जो इस सीजन में उसके लिए अभिशाप साबित हुआ। दूसरी ओर, पंजाब के पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य जैसी आक्रामक सलामी जोड़ी है और कप्तान श्रेयस अय्यर, जॉश इंग्लिस, नेहल वढेरा और विष्णु विनोद के साथ मिलकर टीम को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई मार्कस स्टोइनिस भी बल्लेबाजी क्रम में हैं। पंजाब के पास मार्को जेनसन, हरप्रीत बरार और ए-ओमराजई जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं।

## कोलकाता ने दिल्ली को 205 का लक्ष्य दिया

### अंगकृष ने 44 और रिंकु ने 36 रनों की पारी खेली



**नई दिल्ली, वार्ता।** अंगकृष रघुवंशी (44), रिंकू सिंह (36), अलजक्य रहाणे और रहमानउल्लाह गुरबाज (26-26) तथा सुनील नारायण (27) रनों की पारियों के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 48वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 205 रनों का लक्ष्य दिया। यहां दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबा. जी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की रहमानउल्लाह गुरबाज और सुनील नारायण की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मिचेल स्टार्क ने रहमानउल्लाह गुरबाज 12 गेंदों में 26 रन को आउटकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद सातवें ओवर में विप्रज निगम ने सुनील नारायण 16 गेंदों में (27) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अलजक्य रहाणे के रूप में कोलकाता का तीसरा विकेट गिरा। उन्हें अक्षर पटेल ने पगबाधा आउट किया। अक्षर पटेल का अगला शिकार वेंकटेश अय्यर (सात) बने। इसके बाद अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह ने पारी को संभाला। 17वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने कोलकाता को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे अंगकृष रघुवंशी को आउटकर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। अंगकृष रघुवंशी ने 32 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (44)रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में विप्रज निगम ने रिंकू सिंह को आउटकर कोलकाता को छठा झटका दिया। रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (36) रन बनाये। आखिरी ओवर में कोलकाता ने अपने तीन विकेट गवांये। रोवमन पॉवेल (पांच) रन बनाकर आउट हुये। अनुकूल रॉय (शून्य) पर बाउंड्री पर लपके गए। आंद्रे रसल (17) रनआउट हुए।

## बांगलादेश ने जिम्बाब्वे को 227 रनों पर समेटा

चटगांव, वार्ता। तैजुल इस्लाम (छह विकेट) और नईम हसन (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज सुबह के सत्र में जिम्बाब्वे की पारी को 227 रन के स्कोर पर समेट दिया। जिम्बाब्वे ने कल के नौ विकेट पर 225 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जिम्बाब्वे ने आज अभी स्कोर में दो रन का इजाफा किया था कि तैजुल इस्लाम ने ब्लेसिंग मुजारबानी को विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर उसकी पारी को 227 रनों के स्कोर पर अंत कर दिया। बांगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 27-1 ओवर में 60 रन देकर छह विकेट लिये। नईम हसन ने 20 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट झटके।



# सम्पादकीय

बुधवार, 30 अप्रैल 2025

## बैठकों का दौर

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जहां देश में जबरदस्त आक्रोश है वही सरकार भी बराबर मंथन कर रही है कि इस घटना के दोषियों के साथ-साथ उन लोगों पर भी कड़ा प्रहार किया जाए। जो पर्दे के पीछे से आतंकियों की मदद करते है। जाहिर है वह हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। जो आतंकियों की शरणस्थली बना हुआ है। वह उन्हें हर तरह के संसाधन उपलब्ध कराता है। यही कारण है कि भारत के लोग अपनी सरकार पर बराबर यह दबाव बना रहे है कि वह पाकिस्तान के साथ इस तरह पेश आए। जो एक नजीर का काम करेगा। यूं तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी देश को आश्वस्त कर रहे है और कह रहे है कि आतंकियों के आकाओं को इस तरह का सबक सिखाया जाएगा। जो दुनिया के सामने एक बड़ा उदाहरण बनेगा। सरकार की सक्रियता इस बात से देखी जा ही रही है कि उसने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े कदम उठाएं है। जिन में सबसे बड़ा कदम सिंधु नदी के जल को रोकना भी शामिल है। साथ ही तमाम बैठकों का भी दौर जारी है। मंगलवार को भी गृह मंत्रालय में एक अहम बैठक हुई। जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, बॉर्डर सिक्योरिटी फॉर्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उसके बाद बुधवार को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केबिनेट बैठक होने जा रही है। पहलगाम हमले के बाद जो पहली बैठक होगी। जाहिर है इससे पता चलता है कि सरकार में इस बात पर लगातार मंथन चल रहा है कि वह कार्यवाही किस तरह कि जाए जो पाकिस्तान के लिए एक सबक साबित हो। इस बीच विपक्ष ने भी विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग रखी है कि इस समय संसद का विशेष सर्त बुलाया जाए। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर यह मांग की है। सोमवार को लिखे अलग-अलग पत्रों में कहा गया। क्योंकि यह समय देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है और संसद सर्त को बुलाकर वहां से यह संदेश दुनिया व पाकिस्तान को कड़ाई के साथ देना चाहिए कि भारत आतंकवादी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसमें कोई दौराए नहीं कि यह समय देश के सामने बेहद कठिन है और किसी भी कठिन स्थिति से पार पाने के लिए समाज में एकजुटता बेहद जरूरी होती है। इस लिए जरूरी हो जाता है कि वह तमाम कदम उठाने चाहिए जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करे। ऐसी किसी भी गतिविधि से बचना चाहिए जो हमारे ताने-बाने को कमजोर करती है यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि दुर्भाग्य से कुछ घटनाएं ऐसी हुई है। जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती है। ऐसे समय में जब सारा देश एकजुट है तो कुछ शरारती तत्व पहलगाम की घटना को सामप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे है। जो ठीक नहीं है। सरकार को केवल उन्हीं लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जो उसकी आलोचना कर रहे है।

## कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे



देशभर के कश्मीरी छात्रों को धमकी भरे कॉल मिल रहे हैं, जो मौजूदा स्थिति के कारण डर में जी रहे हैं, जहां कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं और छात्राों को सामान्य स्थिति बहाल होने तक घर लौटने की सलाह दी है, वहीं अन्य ने कक्षाएं जारी रखने का विकल्प चुना है, गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से हस्तक्षेप करने और सभी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करती हूं, जब तक कि वे सुरक्षित रूप से घर नहीं लौट जाते, इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों को एक कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए, शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसी विभाजनकारी ताकतों की पहचान की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**
**पूर्व सीएम, जम्मू-कश्मीर**

# पहलगाम के खून की छींटें नेपाल तक

## नेपाल को है पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा होने की उम्मीद





**यशोदा श्रीवास्तव**

पहलगाम की घटना से नेपाल में भी गम और गुस्सा का माहौल है। तमाम कारणों से नेपाल की मौजूदा हुकूमत की भारत से नाइत्तफाकी के बावजूद वह चाहता है कि इस बार भारत की ओर से पाकिस्तान के साथ कुछ बड़ा हो। इस वजह से नहीं कि पहलगाम में उसके भी एक नागरिक सुदीप न्योपाने की हत्या हुई, बल्कि इस वजह से कि नेपाल भी एक टूरिस्ट कंट्री है और उसे इस बात का भय सताने लगा है कि कहीं पाक आतंकियों का रुख इधर हो गया तो वह बर्बाद हो जाएगा। टूरिस्टों ने आना जाना बंद कर दिया तो वहां का व्यापार डूब जाएगा और भुखमरी की नौबत आ जाएगी। भारतीय टूरिस्टों का बड़ा हब नेपाल की खूबसूरत वादियां भी है।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर बाबू राम भट्टाराई ने दिल्ली में खुले शब्दों में कहा कि पहलगाम घटना के खिलाफ भारत जो भी कार्रवाई करेगा, नेपाल उसके साथ खड़ा है। यह केवल एक पूर्व प्रधानमंत्री की अभिव्यक्ति नहीं है। इसे नेपाल की मंशा माना जाना चाहिए। भारत में नेपाल के राजदूत रहे दीप कुमार उपाध्याय ने कहा पाकिस्तान भारत सरकार की दरियादिली को कमजोरी समझने की भूल न करें। 1971 में भारत द्वारा दिया गया घाव उसे भूलना नहीं चाहिए। आज भारत में उस वक्त से मजबूत सरकार है।

एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पहलगाम पर अटैक कर पाकिस्तान अपने वजूद की समाप्ति के लिए भारत को उकसा रहा है। नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि पाकिस्तान खुलकर सामने न आकर भाड़े के टट्टुओं से निर्दोषों की हत्या करवाकर बड़ी भूल कर रहा है। उसे पहलगाम की घटना की बड़ी क़ीमत चुकानी होगी।

नेपाल के इस्लामिक विद्वान डाक्टर अब्दुल गनी अलकूफी और राष्ट्रीय मदरसा संघ के महासचिव मौलाना मशहूद खां ने पहलगाम की घटना की निंदा की है और कहा है कि निर्दोषों का कत्ल कर पाकिस्तान अपनी तबाही की इबारत लिख रहा है। उम्मीद जताई कि आने वाले कुछ ही दिनों में उसे इसकी कल्पना से भी बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ेगी। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के केंद्रीय सदस्य दीपक राजौरिया ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर हंसते खेलते पर्यटकों को निशाना बनाना पाकिस्तान की क्रूरता की पराकाष्ठा है।

नेपाल जनता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री हृदयेश त्रिपाठी और महासचिव पूर्व मंत्री ईश्वर दयाल मिश्रा ने कहा कि पाकिस्तान को अब आतंकी देश घोषित करने का वक्त आ गया है। उसके प्रोडक्ट का बहिष्कार कर उसे आर्थिक रूप से कमजोर करने की जरूरत है। दोनों नेताओं ने कहा कि हो सकता है पाक द्वारा भारत पर हमला किसी को अच्छा लगता हो लेकिन वह यह न भूलें कि अगला नंबर उसका भी हो सकता है।

हृदयेश त्रिपाठी ने कहा कि भारत में नरेंद्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला जो वसुधैव कुटुंबकम् की नीति पर चलकर सर्व धर्म समभाव की बात करता है, स्वयं नेपाल जाकर वहां के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को जन्मदिन की मुबारकबाद देता है और बदले में पाकिस्तान कभी पूलवामा तो कभी पठान कोट और कभी पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाएं देता है। उन्होंने कहा पाकिस्तान के लिए यह अच्छा अवसर था जब वह भारत से पुराने बैर भाव भुलाकर मधुर संबंध स्थापित कर सकता था लेकिन कहावत है की कुत्ते की पूंछ कहां सीधी होती है। उन्होंने कहा हम सब उम्मीद करते हैं कि इस बार उसे जरूर ऐसी सजा मिले कि उसकी पीढ़ियां याद करें। पहलगाम में मारे गए 27 निर्दोषों के खून के छींटें नेपाल तक भी पहुंचा है। बुटवल के युवा व्यवसाई सुदीप न्योपाने अपनी बहन बहनोई और मां के साथ पहलगाम घूमने गए थे। सुदीप वहां आतंकियों की गोली का शिकार हो गए। जिस रोज परिजनों द्वारा उनका शव नेपाल लाया गया उस रोज नेपाल बार्डर पर हजारों नेपाली लोग इकट्ठा थे। सबके सब पाकिस्तान मुर्दाबाद का नारा लगा रहे थे। और सबकी एक स्वर से मांग की थी भारत पाकिस्तान को सबक सिखाए,पूरा नेपाल उसके साथ है।

**1999 में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरे जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था, इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए, मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा...**

पहलगाम की घटना के बाद नेपाल का गुस्सा इसलिए मायने रखता है क्योंकि नेपाल की धरती का इस्तेमाल पाक खूफिया और आतंकी संगठन करते रहते हैं। किसी जमाने में जाली भारतीय मुद्रा के भंडारण का बड़ा केंद्र काठमांडू हुआ करता था जहां से उसके एजेंट नेपाल सीमा से सटे भारतीय बाजारों तक पहुंचाते थे। 1999 में काठमांडू से ही आतंकियों द्वारा भारतियों से भरी जहाज का अपहरण कर कंधार ले जाया गया था। इसके अलावा पाकिस्तान से जुड़े कई सारे आतंकी नेपाल सीमा पर ही पकड़े गए। मुंबई ब्लास्ट के आरोपी याकूब मेमन काठमांडू में ही रहा। कराची में शरण लिए दाउद इब्राहिम का अभी भी यहां बड़ा नेटवर्क है। दरअसल पहलगाम की घटना से नेपाल की चिंता अपना प्रयटन उद्योग बचाने की है। नेपाल के कुल आर्थिक स्रोत का बड़ा हिस्सा प्रयटन उद्योग से हासिल होता है और टूरिस्टों में भी बाकी देशों के मुकाबले भारत की बड़ी भागीदारी होती है। यहां टूरिस्टों के सुरक्षा के बेहतर इंतजाम भी नहीं रहते और न ही खूफिया पहरा होता है। पहलगाम की घटना से नेपाल का डर इस बात को लेकर है कि कहीं नेपाल की धरती पर भारतीय पर्यटकों को निशाना बनाया गया तो उसकी तो कमर ही टूट जाएगी। चूंकि पाकिस्तान का आपराधिक दिमाग कहीं भी कुछ भी कर सकता है। वक्त आ गया जब इसका फन उठने के पहले ही कुचल दिया जाए।

**अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है मांगलिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है, मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है, यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है, सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं, पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है, इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है**

# बिना मुहूर्त निकलवाएं कोई भी शुभ कार्य करने का दिन है अक्षय तृतीया





**योगेश कुमार गोयल**

**भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था**

प्रत्येक वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' पर्व मनाया जाता है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम पांच बजकर 31 मिनट पर हो रही है, जो 30 अप्रैल की दोपहर दो बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए अक्षय तृतीया की पूजा और खरीदारी करना 30 अप्रैल को ही सबसे शुभ है। अक्षय तृतीया की पूजा के लिए 30 अप्रैल को प्रातः पांच बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 18 मिनट तक का समय बहुत शुभ है। मांग. लिक कार्यों के लिए अक्षय तृतीया पर्व को हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य आयोजित किया जा सकता है। यह पर्व आस्था, परंपरा और अध्यात्म का संगम है। सनातन धर्मानुसार, वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को 'अक्षय तृतीया' या 'आखा तीज' कहते हैं।

पौराणिक शास्त्रानुसार, अक्षय तृतीया विवाह और अन्य शुभ कार्यों के लिए स्वयंसिद्ध मुहूर्त माना जाता है। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, उपवास और व्रत का अक्षय फल अर्थात संपूर्ण फल मिलता है। मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन स्वयंसिद्ध योग होते हैं और इस दिन बिना मुहूर्त निकलवाए कोई भी शुभ कार्य सम्पन्न किया जा सकता है, इसीलिए लोग बिना पंचांग देखे अक्षय तृतीया के दिन विवाह, गृह प्रवेश, नया व्यापार, धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, घर, भूखंड या नए वाहन आदि की खरीदारी करते हैं। मान्यताओं के अनुसार, इसी तृतीया तिथि को माता पार्वती ने अमोघ फल देने की सामर्थ्य का आशीर्वाद दिया था, जिसके प्रभाव से अक्षय तृतीया के दिन किया गया कोई भी कार्य निष्फल नहीं होता। पुराणों के अनुसार, इस दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान, दान, जप व स्वाध्याय करना शुभ फलदायी होता है। भविष्यपुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया को युगादि तिथि माना गया है, यानी इसी तिथि से सतयुग व त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान विष्णु के तीन अवतारों, नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ था। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस वर्ष अक्षय तृतीया पर बहुत से शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी पूजा करने से धन वृद्धि होती है। अक्षय तृतीया के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है, जो बहुत खास है। इसके अतिरिक्त, जो अन्य शुभ योग बनने वाले हैं, उनमें शोभन योग दोपहर 12 बजकर दो मिनट तक रहेगा। रवि योग शाम को चार बजकर 18 मिनट से शुरू होकर पूरी रात रहने वाला है। इस दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। अक्षय तृतीया तिथि संपूर्ण पापों का नाश करने वाली और समस्त सुख प्रदान करने वाली मानी गई है। विभिन्न शास्त्रों के अनुसार, इस दिन हवन, जप, दान, स्वाध्याय, तर्पण इत्यादि जो भी कर्म किए जाते हैं, वे सब अक्षय हो जाते हैं। मान्यता है कि द्वापर युग इसी तिथि को समाप्त हुआ था, जबकि त्रेता, सतयुग और कलियुग का आरंभ इसी तिथि को हुआ था, इसीलिए इसे 'कृतयुगादि तृतीया' भी कहा जाता है। भारत में कई स्थानों पर अक्षय तृतीया को 'आखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है। भविष्य पुराण के अनुसार, इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। इस तिथि की अधिष्ठात्री देवी पार्वती मानी गई हैं और इस दिन मां लक्ष्मी की भी विधिवत पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पृथ्वी पर देवताओं ने 24 रूपों में अवतार लिया था, जिनमें छठा अवतार भगवान परशुराम का था, जिनका जन्म अक्षय तृतीया के ही दिन हुआ था। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकटय भी इसी दिन हुआ माना जाता है। भगवान विष्णु के चरणों से गंगा भी इसी दिन धरती पर अवतरित हुई थी। इस पर्व को लेकर लोक धारणा है कि इस तिथि को यदि चंद्रमा के अस्त होते समय रोहिणी आगे होगी तो फसल अच्छी होगी।

# अक्षय तृतीया : समृद्धि, पुण्य और शुभारंभ का पर्व





**प्रियंका सौरभ**

**'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो, यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है, यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्तिप होता है**

अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया, जिसे 'आखा तीज' भी कहा जाता है, हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला एक अत्यंत पावन पर्व है। 'अक्षय' का अर्थ होता है जो कभी क्षय (नाश) न हो। यही कारण है कि यह दिन शुभ कार्यों, दान-पुण्य, निवेश और नए आरंभ के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है। यह दिन विशेष रूप से मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की आराधना के लिए समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन सच्चे हृदय से पूजा-पाठ, व्रत और दान करने से न केवल वर्तमान जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, बल्कि अगले जन्मों तक अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार, इसी दिन सतयुग और त्रेतायुग का प्रारंभ हुआ था। भगवान परशुराम का जन्म भी इसी तिथि को हुआ था। महाभारत में वर्णित है कि इसी दिन युधिष्ठिर को अक्षय पात्र की प्राप्ति हुई थी, जिससे कभी अन्न की कमी नहीं होती थी। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ, संपत्ति खरीदने, सोना-चांदी या भूमि निवेश जैसे कार्यों के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के भी कार्य आरंभ किए जा सकते हैं। भारत त्योहारों की भूमि है, जहां हर पर्व किसी गहरी सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक भावना से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में से एक है अक्षय तृतीया, जिसे 'अखा तीज' के नाम से भी जाना जाता है।

यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष भूमिका निभाता है। इस दिन किए गए पुण्य कर्म, दान, जप-तप, उपवास और सेवा कार्य 'अक्षय' यानी अविनाशी फल देने वाले माने जाते हैं। यह दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों के उच्च राशि में होने के कारण विशेष रूप से अबूझ मुहूर्त (सर्वश्रेष्ठ शुभ समय) माना जाता है, इसलिए इस दिन कोई भी शुभ कार्य बिना ज्योतिषीय परामर्श के भी किया जा सकता है। अक्षय तृतीया से जुड़ी अनेक पौराणिक घटनाएं हैं, जो इस दिन को अत्यधिक पवित्र बनाती हैं। भगवान परशुराम का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए इसे परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। इसी दिन युधिष्ठिर को भगवान सूर्य से 'अक्षय पात्र' प्राप्त हुआ था, जो कभी खाली नहीं होता था। व्यास जी और गणेश जी ने महाभारत की रचना इसी दिन आरंभ की थी। कुबेर ने इसी दिन मां लक्ष्मी की पूजा कर अपार धन प्राप्त किया था। भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में इसी दिन अवतार लिया। इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान, दान, व्रत और पूजन करते हैं। मां लक्ष्मी-नारायण की विशेष पूजा की जाती है। सोना खरीदना इस दिन की खास परंपरा मानी जाती है, क्योंकि यह 'अक्षय संपत्ति' का प्रतीक होता है। पूजा में तांबे के कलश में जल भरकर भगवान विष्णु को अर्पित किया जाता है। खीर, फल, पंचामृत का भोग लगाया जाता है। गरीबों और ब्राह्मणों को अन्न, वस्त्र, जल और धन का दान दिया जाता है। कन्याओं को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। भारत के कई हिस्सों में यह दिन कृषि चक्र से भी जुड़ा है। किसान इसे बीज बोने और नई फसल के लिए कामना करने का दिन मानते हैं। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में कन्यादान और विवाह की परंपरा इस दिन विशेष रूप से प्रचलित है। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है।

आभूषण कंपनियां, बैंक और निवेश कंपनियां इस दिन को अवसर के रूप में देखती हैं। लोग नया व्यापार शुरू करते हैं, मकान, ज़मीन या वाहन खरीदते हैं और सोना, चांदी, स्टॉक या म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह न केवल धार्मिक आस्था का परिचायक है, बल्कि लोगों की आर्थिक समझ और परंपरा के समन्वय का प्रतीक भी है। पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया प्रकृति के साथ संतुलन और सामंजस्य का पर्व रहा है। यह गर्मी के मौसम की शुरुआत में आता है, जब जल संरक्षण, वृक्षारोपण, और पक्षियों के लिए पानी रखने जैसे कार्यों को बढ़ावा दिया जाता है। कई सामाजिक संगठनों द्वारा इस दिन जल से सेवा (वॉटर बैंकिंग) और हरित अभियान चलाए जाते हैं। शहरी जीवन की भागदौड़ में यह एक ऐसा विराम है, जो हमें प्रकृति के साथ एक बार फिर से जुड़ने का अवसर देता है। आज के समय में जब लोग तेजी से उपभोक्तावाद और भागमभाग की ओर बढ़ रहे हैं, अक्षय तृतीया हमें आध्यात्मिक संतुलन, दया और सद्कर्मों की निरंतरता की याद दिलाता है। यह पर्व सिखाता है कि केवल बाहरी संपत्ति नहीं, बल्कि अक्षय मूल्य सच्चाई, करुणा, दानशीलता और धर्म ही जीवन को समृद्ध बनाते हैं। अक्षय तृतीया केवल एक पर्व नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, पुण्य और सकारात्मक आरंभ का उत्सव है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में जो भी शुभ कार्य करें, वह केवल भौतिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और नैतिक उन्नति की ओर भी अग्रसर हो। आज जब हम अक्षय तृतीया मनाएं, तो एक वचन खुद से करें कि हम न केवल अपने लिए, बल्कि समाज और पर्यावरण के लिए भी कुछ 'अक्षय' छोड़कर जाएं।

**जो करे सेवा जल की, वृक्ष लगाए प्यार,**
**उसके जीवन में रहे अक्षय सुख-संसार।**

## अक्षय तृतीया



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**वैशाख की उजली बेला आई,**
**धूप सुनहरी देहरी पर छाई।**
**अक्षय तृतीया का मधुर निमंत्रण,**
**पुण्य-सुधा में डूबा आचमन।**

**न मिटने वाला पुण्य का सूरज,**
**हर मन में भर दे स्वर्णिम किरण।**
**सच की थाली, धर्म का दीपक,**
**दान की बूंदें, जीवन समर्पण।**

**परशुराम की वीरगाथा बोले,**
**गंगा की लहरें चरणों में डोले।**
**युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला,**
**सत्य का दीप फिर से खिला।**

**मां लक्ष्मी के पग जब आंगन आएं,**
**निर्धन के भी भाग्य मुस्काए।**
**जो दे अन्न, जल और वस्त्र,**
**उसके पुण्य हों कभी न क्षीण शस्त्र।**

**सोने से ज्यादा सोचा जाए,**
**करुणा का सौदा किया जाए।**
**पंछियों को जल, वृक्षों को जीवन,**
**अक्षय हो फिर मानव का चिंतन।**

**ना हो केवल सोने की पूजा,**
**धूल में भी खोजें आत्मारूप सूझा।**
**बिन मुहूर्त जो शुभ हो जाए,**
**ऐसा हर दिन क्यों न हो पाए?**

**खरीदें नहीं केवल आभूषण,**
**उतारें मन के भी आडंबर।**
**आस्था के संग हो सेवा,**
**तभी फले पुण्य का अमर अंतः करण।**

**ओ धन के व्यापारी, सुन ले बात,**
**अक्षय वह जो दे इंसानियत का साथ।**
**सोना-चांदी फिर भी छूटेंगे,**
**पर प्रेम, परोपकार कभी न टूटेंगे।**

**इस तिथि पर कर लो संकल्प,**
**हर कर्म हो सच्चा और सरल।**
**अक्षय बने हर दिन की चेतना,**
**पुण्य हो जीवन की प्रेरणा।**

# तनाव बरकरार

## पाक ने शुरू की मोर्चाबंदी



# युद्ध सामग्री लेकर तुर्की का विमान पहुंचा पाक

**नगर।** पहलगाम अटैक के जवाब में भारत के संभावित हमले को देखते हुए पाकिस्तान ने एलओसी के पास से आतंकियों को हटने का आद.ेश दिया है। ये इलाके कश्मीर में घुसपैठ के लिए जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के लॉन्चिंग पैड माने जाते हैं। पाकिस्तानी सेना को डर है कि भारत इन ठिकानों को निशाना बना सकता है। अभी तक कितने आतंकियों को हटाया गया है, इसकी सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह संख्या 30-50 के बीच हो सकती है।

पाकिस्तानी सेना ने इन आतंकियों को अपने बंकरों और सुरक्षित ठिकानों में शिफ्ट किया है। सूत्रों के अनुसार, ये लॉन्चिंग पैड दुध.नियाल, अथमुकाम, लीपा, फारवर्ड कहूटा और कोटली जैसे एलओसी के पास के इलाकों में हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी ट्रेकिंग एक्टिविटीज पर रोक लगा दी है। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि दक्षिण और उत्तर कश्मीर के कई ट्रेकिंग रूटों पर आतंकियों की आवा.जाही होती है।

युद्ध की आशंका के बीच 27 अप्रैल की रात तुर्किए के सात सी-130 हरक्यूलिस सैन्य विमान कराची और इस्लामाबाद पहुंचे। इनमें से 6 इस्लामाबाद और एक कराची के पाकिस्तान एयरफोर्स बेस फैसल पर उतरा। यह युद्ध सामग्री लेकर आए हैं। पाकिस्तानी सेना के कई टैंक (जैसे अल-खालिद) और फाइटर जेट (जैसे जेएफ-17) पुराने और सीमित क्षमता वाले हैं। ऐसे में पाकिस्तान युद्ध सामग्री जुटाने में लगा हुआ है। अरब सागर में जंगी जहाजों से मिसाइल

## पाक ने लॉन्चिंग पैड से लगभग 50 आतंकियों को हटाकर बंकरों में भेजा



टेस्टिंग भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने जंगी जहाजों से कई मिसा.इलों का टेस्ट किया। यह टेस्ट पूरी तरह सफल रहा। नौसेना ने कहा कि वह दिन-रात देश की रक्षा के लिए तैयार है। समुद्र में कहीं भी कोई खतरा हो, हम उसका आसानी से सामना कर सकते हैं।

## रूसी सेना ने नष्ट किए यूक्रेन के 91 ड्रोन

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने सोमवार देर रात 40 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट कर दिए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर स्थानीय समयानुसार 28 अप्रैल रात आठ बजे से 29 अप्रैल को सुबह छह बजे तक वायु रक्षा प्रणालियों ने 91 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने कहा, बीती रात रूस के वायु रक्षा प्रणालियों ने 40 यूक्रेनी फिक्स्ड-विग ड्रोन नष्ट कर दिए इनमें रियाज़ान क्षेत्र में 11 ड्रोन, निज़नी नोवगोरोड क्षेत्र में आठ ड्रोन, ओर्योल क्षेत्र में सात ड्रोन, क्रीमिया गणराज्य में चार ड्रोन, काला सागर में चार ड्रोन, मास्को क्षेत्र में दो ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में दो ड्रोन, कलुगा क्षेत्र में एक ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र में एक ड्रोन है।

# पैगंबर मोहम्मद पर विवादित ऑडियो वायरल, सीरिया में हिंसा

## जरामाना में भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक उपनगर जरामाना में मंगलवार को ड्रूज समुदाय के स्थानीय बंदूकधारियों और सरकार समर्थक लड़ाकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए।

यह झड़प एक सोशल मीडिया ऑडियो क्लिप के चलते शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद को लेकर बयानबाजी की गई। इस ऑडियो को एक ड्रूज़ मौलवी से जोड़ा गया, लेकिन मौलवी ने इस आरोप से इंकार किया। बढ़ते विवाद को देख ड्रूज़ मौलवी मारवान किवान ने एक वीडियो जारी कर अपना स्पष्टीकरण दिया। किवान ने कहा कि वह उस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा और जिसने भी यह ऑडियो बनाया है, वह सीरियाई समाज में संघर्ष को भड़काना चाहता है। हालांकि सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बयान जारी कर बताया कि शुरुआती जांच में यह पाया गया कि मौलवी इस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

साथ ही मंत्रालय ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, इस झड़प में चार लोग मारे गए, जबकि एक्टिविस्ट मीडिया समूह सुवेदा 24 के अनुसार, पांच लोग मारे गए और 12 घायल हुए हैं। गौरतलब है कि ऐसी झड़पें हाल के दिनों में सीरिया के ड्रूज समुदाय और सरकारी बलों के बीच बढ़ते तनाव का हिस्सा हैं। जहां बीते एक मार्च को इस्राइल ने भी जरामाना की सुरक्षा के लिए अपनी सेना को तैयार रहने का आदेश दिया था, क्योंकि यह इलाका सीरियाई बलों के हमलों का शिकार हो सकता था।

# पुस्तकालय से धर्मनिरपेक्ष लेखकों की किताबें लूटी

**ढाका।** बंगलादेश में एक इस्लामी संगठन ने ढाका के तंगाली जिले के एक पुस्तकालय में लूटपाट कर उन पुस्तकों को चुरा लिया जिनके बारे में उनका दावा है कि वे नास्तिकों द्वारा लिखी गई हैं। इनमें नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर और काजी नजरुल इस्लाम की पुस्तकें भी शामिल थी जिन्हें देश में राष्ट्रीय महत्व का प्रतीक माना जाता है। इस्लामी चरमपंथ के बढ़ते प्रभाव और बंगलाद.ेश के धर्मनिरपेक्ष- बहुलवादी ताने-बाने के क्षय को दर्शाते हुए कट्टरपंथियों ने तंगैल धनबारी के उपजिला में खुलेआम एक पुस्तकालय में लूटपाट की। स्थानीय पुलिस ने उन्हें रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। खिलाफत मजलिस नामक एक कट्टरपंथी समूह ने इस आधार पर पुस्तकें चुराई कि इस जगह पर काजी नजरुल इस्लाम, रवींद्रनाथ टैगोर, जफर इकबाल, हुमायूं आजाद, हुमायूं अहमद आदि जैसे नास्तिक लेखकों की पुस्तकें रखी हुई हैं।

लगभग 400 पुस्तकें चुरा ली। इस बीच इस लूटपाट को सही ठहराते हुए समूह के धनबारी उपजिला संगठन सचिव गोलम रब्बानी उर्फ रिशाद अमीन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि धनबारी में नास्तिकता के लिए कोई जगह नहीं होगी। यह हमारा अंतिम बयान है। हमें एक ऐसी फैक्ट्री मिल गई है जो नास्तिक बनाती है। उन्होंने कहा कि अपनी फैक्ट्री बंद करो और तुरंत धनबारी छोड़ दो। तुम लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पाखंड करते आ रहे हो। अब तुम्हें यह मौका नहीं मिलेगा। चलो साफ हो जाओ। लूटपाट की इस घटना के बारे में बताते हुए पुस्तकालय के महासचिव दुर्जय चंद्र घोष ने कहा, रात में धार्मिक वेश धारण किए 20-25 लोग पुस्तकालय में घुस आए और तरह-तरह की धमकियां देने लगे।

# विदेश में चार दिन से लापता भारतीय छात्रा मृत मिली

**ओटावा।** कनाडा में अध्ययन के लिए गई भारतीय छात्रा वंशिका कनाडा के ओटावा में रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत पाई गई है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि की है। उच्चायोग ने कहा, हमें ओटावा में भारतीय छात्रा सु.वंशिका की मौत की सूचना मिलने पर बहुत दुख हुआ है। मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उनके और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पंजाब के डेरा बस्सी की मूल निवासी व आम आदमी पार्टी नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका डिप्लोमा कोर्स करने के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी।

# अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस का सबूत: भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने एकजुटता दिखाई है, वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस का सबूत है। योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला, 26/11 के मुंबई हमले के बाद आम नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय में आयोजित हुए विक्टिम ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क कार्यक्रम में योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से वैश्विक समुदाय ने भारत का समर्थन किया, हम उसकी तारीफ करते हैं। पहलगाम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस आदि ने हमले कड़ी निंदा की।


## आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य बोर्नो में हुए एक आतंकवादी हमले में 20 से अधिक लोग मारे गए हैं। वैनगार्ड समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से सोमवार को यहां बताया कि हमले में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का इस्तेमाल किया गया था। सूत्र ने कहा, मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। कुछ लोगों के मुताबिक मृतकों की संख्या 20 से ज्यादा है और कई अन्य घायल भी हुए हैं।

## अमेजन ने अंतरिक्ष में भेजी उपग्रहों की पहली खेप

**लॉस एंजिल्स।** अमेजन ने वैश्विक ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोमवार को अपने प्रोजेक्ट कुइपर के लिए उपग्रहों का पहली खेप लॉन्च की। उपग्रहों को अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट के जरिए शाम 7:01 बजे लॉन्च किया गया। अमेजन के अनुसार, केए-01 कोडनेम वाले इस मिशन की योजना पृथ्वी से 450 किलोमीटर की ऊंचाई पर 27 उपग्रहों को तैनात करने की है। यह मिशन अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है, जिसके तहत पृथ्वी की निचली कक्षा में 3,000 से अधिक उपग्रहों का एक समूह तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य दुनिया भर के ग्राहकों और समुदायों को उच्च गति वाली निर्बाध इंटरनेट पहुंच प्रदान करना है।

# कनाडा के चुनाव में रचा गया इतिहास, मार्क कार्नी होंगे पीएम



**ओटावा।** खालिस्तान समर्थक और कनाडा के मशहूर नेता जगमीत सिंह को बड़ा झटका लगा है। कनाडा के आम चुनाव में जगमीत की एनडीपी पार्टी की करारी हार हुई है। जगमीत खुद भी चुनाव हार गए हैं। हार के बाद जगमीत ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। कनाडा के स्थानीय मीडिया के मुताबिक एनडीपी को पूरे चुनाव में सिर्फ 7 सीटों पर जीत मिली है। जगमीत खुद की सीट पर तीसरे नंबर पर पहुंच गए, जिसके बाद उनके राजनीतिक करियर खत्म होने की चर्चा भी शुरू हो गई। शुरुआती नतीजे के बाद जगमीत ने कार्यकर्ताओं से बात की। जगमीत ने कहा- मैंने मूवमेंट को कमजोर नहीं पड़ने दिया, लेकिन जनता ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैं निराश जरूर हूं, लेकिन हारा नहीं। आगे कोशिश करूंगा। जगमीत ने भावुक होकर अपने इस्तीफे की घोषणा की। 2021 के चुनाव में जगमीत की पार्टी को 25 सीटों पर जीत मिली थी। जगमीत की पार्टी सरकार में किंगमेकर की भूमिका में थी। सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले जगमीत सिंह की गिनती कनाडा के बड़े राजनेताओं में होती है। राजनीति में आने से पहले जगमीत वकालत करते थे। इसी दौरान वे खालिस्तान मूवमेंट को लेकर सक्रिय रहे। जगमीत पर खालिस्तान समर्थकों को कानूनी सहायता मुहैया कराने का आरोप है। भारत ने जगमीत को बैन कर रखा है। जगमीत कनाडा में अपने सिख राजनीति को चमकाने के लिए खालिस्तान मूवमेंट का सहारा लिया। कनाडा में सिख को अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा है। यहां की सिखों की कुल 2।1 प्रतिशत आबादी है। जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी फिर से सत्ता में वापस आ रही है। लिबरल पार्टी 166 सीटों पर जीतती नजर आ रही है। कनाडा में सरकार बनाने के लिए 172 सांसदों की जरूरत होती है।

# अमेरिका का 500 करोड़ का विमान समुद्र में डूबा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना का एक एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर से फिसलकर लाल सागर में गिर गया है। यह हादसा सोमवार 28 अप्रैल को हुआ है। यह फाइटर जेट एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस हैरी एस। ट्रूमन पर तैनात था। यूएस नेवी के मुताबिक यह हादसा तब हुआ जब नौसेना के जवान विमान को हैंगर में खींचकर ले जा रहे थे। इसी दौरान विमान हैंगर डेक से फिसलकर समुद्र में गिर गया। साथ में उसे खींचने वाला वाहन भी पानी में चला गया। विमान की कीमत 6 बिलियन डॉलर यानी करीब 500 करोड़ है। नेवी के मुताबिक विमान को खींच रहे जवानों को जैसे ही खतरे का अंदेशा हुआ वे पीछे हट गए। हादसे में किसी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन एक सैनिक को चोट आई हैं। एफ/ए-18 ई सुपर हॉर्नेट अमेरिकी नौसेना का एक मॉडर्न मल्टीरोल फाइटर जेट है। इसे खासतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक ही सीट वाला विमान है। यह हवा से हवा तथा हवा से जमीन पर हमला करने में सक्षम है। इसकी अधिकतम स्पीड लगभग 1900 किमी/घंटा है और यह करीब 2,300 किमी की रेंज तक उड़ सकता है। सुपर हॉर्नेट में एडवांस्ड एवियोनिक्स, रडार जैमिंग सिस्टम, और सटीक गाइडेड हथियार ले जाने की क्षमता है। यह अमेरिकी नौसेना के स्ट्राइक मिशन, टोही अभियानों और समुद्री सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि यह हादसा एयरक्राफ्ट कैरियर को मोड़ने की वजह से हुआ है। रॉयटर्स ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि एयरक्राफ्ट कैरियर ने हूती विद्रोहियों के हमले से बचने के लिए अपनी दिशा अचानक बदली थी।

हालांकि यह साफ नहीं है कि विमान इसी वजह से गिरा है या इसके पीछे कोई और वजह थी। हूती विद्रोहियों ने 28 अप्रैल को एक बयान में कहा था कि उन्होंने अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और उसके साथ मौजूद युद्धपोतों को निशाना बनाया था। हूती विद्रोहियों ने इसे अमेरिकी नरसंहार का जवाब कहा था। अमेरिका पिछले कई महीनों से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है। अब तक अमे.रिकी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

## मोदी ने कार्नी को प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत और मार्क कार्नी को देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मोदी ने कहा कि मैं हमारी साझीदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों का उपयोग करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूं।







